नई दिल्ली

मंगलवार, 4 मार्च 2025

फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष,
पंचमी वर्ष : 28, अंक : 324
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00


मौसम
अधि. 32
न्यून. 18


# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366


### रक्षा मंत्री ने दिए समयबद्ध आधार पर समिति की सिफारिशों को लागू करने के निर्देश

# रक्षा सचिव ने राजनाथ को सौंपी उच्चस्तरीय समिति की रिपोर्ट, वायुसेना की बढ़ेगी क्षमता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

चीन और पाकिस्तान की सीमाओं से बढ़ते युद्ध के साझा खतरे के बीच सोमवार को रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को वायुसेना के क्षमता विकास के लिए गठित की गई उच्चाधिकार समिति की रिपोर्ट सौंपी। समिति ने बल की युद्धक क्षमता बढ़ाने के लिए कुछ प्रमुख क्षेत्रों की पहचान के साथ अपनी रिपोर्ट में कुछ जरूरी सिफारिशों के तत्काल क्रियान्वयन पर जोर दिया है।

जिनकी मदद से वायुसेना कम, मध्यम और दीर्घावधि के हिसाब से अपने इच्छित लक्ष्यों को प्राप्त कर सकेगी। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि रिपोर्ट में वायुसेना और उससे संबंधित एयरोस्पेस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ), सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा उपक्रमों (डीपीएसयू) और निजी क्षेत्र के एक साथ मिलकर तय लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए कार्य करने का भी प्रमुखता के साथ उल्लेख किया गया है। यहां बता दें कि वायुसेना के सामने मौजूदा समय में लड़ाकू विमानों की स्क्वाड्रन की तेजी से घटती संख्या ने भी एक बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। जिसका जल्द से जल्द समाधान ढूंढे जाने की आवश्यकता है।



### समयबद्ध तरीके से लागू हो सिफारिशें: राजनाथ

*रक्षा मंत्री ने समिति की रिपोर्ट और उसमें की गई सिफारिशों की प्रशंसा करते हुए इन्हें समयबद्ध रूप से एक-एक करके लागू करने का निर्देश दिया। बीते दिनों रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ही इस उच्चाधिकार समिति के गठन का निर्देश देते हुए वायुसेना के क्षमता विकास से जुड़े हुए सभी विषयों पर विस्तार से चर्चा के साथ एक साफ-सुथरी कार्य योजना तैयार करने के लिए कहा था। इसके बाद ही रक्षा सचिव की अध्यक्षता में समिति गठित की गई। उनके अलावा इसमें उप वायुसेना प्रमुख, सचिव (रक्षा उत्पादन विभाग), डीआरडीओ अध्यक्ष, महानिदेशक (खरीद) और उप वायुसेनाप्रमुख सदस्य सचिव के रूप में शामिल थे।*

### देश की सुरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध: राजनाथ सिंह

## सशस्त्र सेना झंडा दिवस-सीएसआर सम्मेलन को संबोधित करते हुए बोले रक्षा मंत्री

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि केंद्र सरकार देश की सुरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाने के साथ ही अपने सैनिकों और उनके परिजनों के कल्याण के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। हमारे जवान कठिन परिस्थितियों के बीच देश की सीमाओं की साहस, दृढ़ता और तत्परता के साथ रक्षा करने का दायित्व निभाते हैं। ऐसे में प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य बनता है कि वो हर संभव तरीके से अपने रणबांकुरों का समर्थन करे। यह सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। यह जानकारी रक्षा मंत्री ने सोमवार को नई दिल्ली में आयोजित सशस्त्र सेना झंडा दिवस-कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (एएफएफडी सीएसआर) सम्मेलन को संबोधित करते हुए दी। सम्मेलन में रक्षा राज्य मंत्री, वायुसेना प्रमुख, सचिव (पूर्व सैनिक कल्याण) और मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

### 2027 तक भारत बनेगा तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था

राजनाथ ने विश्वास के साथ कहा कि वर्ष 2027 तक निजी क्षेत्र की बढ़ती भागीदारी के साथ भारत दुनिया की तीन शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं में अपना स्थान बना लेगा। पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसमें सभी हितधारकों के सम्मिलित प्रयासों से आत्मनिर्भर और विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने इस फंड में उदारतापूर्वक योगदान करने के लिए कॉर्पोरेट घरानों के प्रयासों की सराहना की और शीर्ष सीएसआर दानदाताओं को सम्मानित किया। मंत्रालय के पूर्व सैनिक कल्याण विभाग द्वारा इन तमाम गतिविधियों की देखरेख की जाती है। मंत्रालय ने तमाम दानदाताओं को पंजाब नेशनल बैंक, भारतीय स्टेट बैंक और ▶▶ शेष पेज 5 पर

### साधारण नहीं कहलाएगा योगदान


रक्षा मंत्री ने सम्मेलन में मौजूद शीर्ष कॉर्पोरेट प्रमुखों से कहा कि सीएसआर का अर्थ केवल दो फीसदी योगदान नहीं है। बल्कि यह देश के वीर सैनिकों और उनके आश्रितों से दिल से दिल का जुड़ाव है। कॉर्पोरेट द्वारा जो भी योगदान किया जाएगा। वह साधारण नहीं होगा। उन्होंने कहा, आपको इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि कल जब आपकी वास्तविक बैलेंस शीट तैयार होगी। तब उसमें देनदारियों से ज्यादा संतुष्टि और खुशी की संपत्तियां होंगी।

## पीएम मोदी पहुंचे गिर अभयारण्य



पीएम ने पोस्ट में लिखा-गिर में शेर और शेरनियां, मैंने फोटोग्राफी में हाथ आजमाया

## खुली जीप में की 'जंगल सफारी' एशियाई शेरों को करीब से देखा



एजेंसी ▶▶ जूनागढ़

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'विश्व वन्यजीव दिवस' पर सोमवार को गुजरात के जूनागढ़ जिले स्थित 'गिर वन्यजीव अभयारण्य' में जंगल सफारी का आनंद लिया और एशियाई शेरों को करीब से देखा। पीएम मोदी को गिर के एशियाई शेरों की झलक कैद करने के लिए सफारी पोशाक पहने और कैमरा पकड़े देखा गया। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कई पोस्ट शेयर किए। जिनमें से एक में उनकी फोटोग्राफी की झलक भी थी। उन्होंने एक्स पोस्ट में कहा कि पिछले ▶▶ शेष पेज 5 पर

## खबर संक्षेप

### ओला इलेक्ट्रिक से 1000 लोग होंगे बाहर

**नई दिल्ली।** अरबपति कारोबारी भाविश अग्रवाल के मालिकाना हक वाली ओला इलेक्ट्रिक



मोबिलिटी करीब 1,000 कर्मचारियों की छंटनी करने जा रही है। पिछले साल भी कंपनी ने 500 कर्मचारियों को निकाला था। इस कॉस्ट कटिंग के साथ ओला इलेक्ट्रिक अपने घाटे को कम करना चाहती है। हालांकि कंपनी ने इस पर बयान नहीं दिया।

### डॉ. भागवत आज करेंगे अभ्यास वर्ग का शुभारंभ

**भोपाल।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत भोपाल प्रवास पर हैं। संघ



प्रमुख विद्या भारती के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सोमवार रात करीब 9 बजे वह भोपाल पहुंचे। डॉ. भागवत यहां 5 दिवसीय अखिल भारतीय पूर्णकालिक अभ्यास वर्ग का उद्घाटन आज सुबह 9 बजे करेंगे।

### छात्रों के फोन उपयोग पर रोक लगाना अव्यवहारिक

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि स्कूली छात्रों के स्मार्टफोन के उपयोग पर प्रतिबंध



अव्यावहारिक है इसे विनियमित किया जाना चाहिए तथा निगरानी रखी जानी चाहिए। न्यायमूर्ति अनूप जयराम भंभानी ने निर्देश जारी किए जो छात्रों को स्मार्टफोन की उपयोग की अनुमति देने के प्रभावों को संतुलित करने के लिए काम करेंगे।

### कंटेंट हटाने से पहले यूजर को मिले जानकारी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उस याचिका पर विचार करने पर सहमति व्यक्त की, जिसमें सोशल



मीडिया अकाउंट या सामग्री को यूजर या स्रोत को सुनवाई का अवसर दिए बिना ब्लॉक कर दिया जा रहा। दरअसल, न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2009 के नियम 16 को रद्द करने की याचिका पर केंद्र से जवाब मांगा।

### आईएसआई से हमले की ली गई थी ट्रेनिंग

# अयोध्या में राम मंदिर पर आतंकी हमले की साजिश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गुजरात एटीएस और फरीदाबाद एसटीएफ ने संयुक्त ऑपरेशन में आतंकी अब्दुल रहमान को गिरफ्तार किया है, जो आईएसआई के इस्लामिक स्टेट खुरासान प्रोविंस (आईएसकेपी) मॉड्यूल से जुड़ा था। वह अयोध्या राम मंदिर पर हमला करने की साजिश रच रहा था।



उसके पास से दो हैंड ग्रेनेड मिले, जिन पर किसी देश या कंपनी का मार्क नहीं है। इससे स्मगलिंग की आशंका जताई जा रही है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अब्दुल रहमान (19) पुत्र अबूबकर के रूप में हुई है। वह उत्तर प्रदेश के फैजाबाद (अयोध्या) का निवासी है। संदिग्ध को फरीदाबाद से गिरफ्तार किया गया, जहां वह आतंकी साजिश को अंजाम देने की तैयारी में था। रहमान पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के संपर्क में था और उसे अयोध्या के राम मंदिर पर आतंकी हमले के लिए तैयार किया गया था। जांच में खुलासा हुआ है कि रहमान कई कट्टरपंथी जमातों से जुड़ा हुआ था और फैजाबाद में एक मटन शॉप चलाता था। राममंदिर निर्माण के बाद पाकिस्तान आईएसआई ने भारत ▶▶ शेष पेज 5 पर

### अब एक बड़ी चुनौती भी है, परीक्षा कठिन है और लड़ाई लंबी है: आकाश

## मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को बसपा से बाहर निकाला



■ कहा, आकाश ससुर के प्रभाव में थे।

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बसपा सुप्रीमो मायावती ने सोमवार को अपने भतीजे आकाश आनंद को बसपा से बाहर निकाल दिया। मायावती ने एक्स पर लिखा कि परमपूज्य बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के स्वाभिमान और स्वाभिमान आंदोलन के हित में और पूज्य कांशीराम जी की अनुशासन परंपरा का पालन करते हुए आकाश आनंद को उनके ससुर की तरह पार्टी और आंदोलन के हित में पार्टी से निष्कासित किया जाता है। मायावती ने एक्स पर लिखा कि बीएसपी की आल-इण्डिया की बैठक में ▶▶ शेष पेज 5 पर

### सीएम स्टालिन का चौंकाने वाला बयान

## पहले कहता था आराम से करें पर अब 'तुरंत' बच्चे पैदा करें



■ जनसंख्या के आधार पर परिसीमन से हानि


एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने अपने बयान में कहा कि पहले हम कहते थे कि आप आराम से बच्चे पैदा करें, लेकिन अब हालात बदल गए हैं और अब हमें कहना चाहिए कि तुरंत बच्चे पैदा करें। सीएम ने कहा कि राज्य में सफलतापूर्वक जनसंख्या नियंत्रण करने का अब राज्य को खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। उन्होंने चेताया कि अगर जनसंख्या के आधार पर संसदीय सीटों का परिसीमन होता है तो इसका तमिलनाडु को नुकसान हो सकता है। स्टालिन ने परिसीमन के ▶▶ शेष पेज 5 पर

### ऑस्कर अवार्ड

*अनोरा बेस्ट फिल्म, एड्रियन ब्रॉडी-माइकी मैडिसन सर्वश्रेष्ठ अभिनेता व अभिनेत्री*

# अनोरा एक सेक्स वर्कर की जिदंगी की कहानी जिसमें प्यार व विवाह और समाज से 'जंग' भी



*लॉस एंजेलिस के डॉल्बी थिएटर में आयोजित ऑस्कर अवॉर्ड में कई हॉलीवुड फिल्मों ने बाजी मारी*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

97वें अकेडमी अवॉर्ड्स यानी ऑस्कर 2025 का शानदार आगाज हुआ। इस बार अकेडमी अवॉर्ड्स को कॉनन ओ'ब्रायन ने होस्ट किया। यहां फिल्म अनोरा की धूम रही, इसने 5 अवॉर्ड जीते।

बेस्ट एक्टर बने एड्रियन ब्रॉडी और बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड माइकी मैडिसन ने जीता। सीन बेकर के निर्देशन में बनी अनोरा ने पिछले साल ▶▶ शेष पेज 5 पर

### ऑस्कर की रेस से बाहर हुई 'अनुजा'



एड्रियन ब्रॉडी और माइकी मैडिसन, जो साल्डाना, सीन बेकर ने अवॉर्ड लिया

अनुजा बेस्ट लाइव एक्शन शॉर्ट फिल्म कैटिगरी में अवॉर्ड जीतने से चूक गई। इसे एडम ग्रेव्स ने बनाया है। प्रियंका चोपड़ा, गुनीत मोंगा बतौर को-प्रोड्यूसर मूवी से जुड़ी हैं। अनुजा, 9 साल की बच्ची की कहानी है, जो फैक्ट्री में काम करती है। अनुजा का रोल सजदा पठान ने निभाया है, वो असल में चाइल्ड लेबर थीं। कीरन कल्किन ने बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर अवॉर्ड जीतने की रेस में एडवर्ड नॉर्टन, यूरा बोरिसोव, गाय पीयर्स और जेरेमी स्ट्रॉन्ग को पछाड़ा।




### फैक्ट्री के कैशियर को लूटपाट के दौरान मारी थी गोली

# हत्या और लूट के तीन आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे, एक बदमाश को मुठभेड़ में दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ प्रेम बाड़ी नाले के पास हुई मुठभेड़, पैर में गोली लगने से घायल हुआ बदमाश

उत्तर पश्चिम जिले की संयुक्त पुलिस टीमों ने प्रेम बाड़ी नाले के पास मुठभेड़ में हत्या और लूट केस के वांटेड को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में साहिल नामक आरोपी के पैर में गोली लगी है। इसकी निशानदेही पर वारदात के दो अन्य आरोपी भी पकड़े गये हैं। अपराध में इस्तेमाल हथियार व मृतक की लूटी गई स्कूटी भी बरामद हो गई है।

डीसीपी भीष्म सिंह के अनुसार पकड़े गये आरोपियों के नाम साहिल पुत्र शेरू खान निवासी बुलन्दशहर, मोहम्मद फैयाज उर्फ एलन पुत्र लाज मोहम्मद निवासी भलस्वा डेयरी, दिल्ली और दीपक पुत्र जालिम राम निवासी बकोली, अलीपुर, दिल्ली है। डीसीपी के मुताबिक हत्या का मामला 25 फरवरी को अशोक विहार थाना क्षेत्र में सामने आया था। पुलिस को गोली लगने से घायल होने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना पर पुलिस डीसीबी अस्पताल पहुंची जहां डॉक्टरों ने घायल सरोज पाठक (45) पुत्र स्व. जितेंद्र कुमार पाठक निवासी शालीमार गांव को मृत घोषित कर दिया था। मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया। सरोज पाठक इलाके में ही एक फैक्ट्री में कैशियर के रूप में कार्यरत थे। वह अपनी स्कूटी पर फैक्ट्री से शालीमार बाग कैश लेकर जा रहा था। एएटीएस के एसआई रवि सैनी ने संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ने के लिए टैक्नीकल सर्विलांस का नेतृत्व किया। जांच के दौरान पता चला कि अपराध में प्रयुक्त मोटरसाइकिल रनहौला थाना इलाके से चोरी की गई थी। मृतक की स्कूटी अलीपुर थानाक्षेत्र से बरामद की गई। 2 मार्च को स्पेशल स्टाफ टीम को लूट व हत्या के इस मामले में वांछित अपराधी के ठिकाने के बारे में एक सूचना प्राप्त हुई। ऑपरेशन सेल और लोकल पुलिस ने आरोपी को ट्रेस किया और जैसे ही रुकने का इशारा किया तो उसने पुलिस पर गोली चला दी। आत्मरक्षा में पुलिस ने भी गोली चलाई, जिससे अभियुक्त घायल हो गया। आरोपी के दाहिने घुटने के ऊपर गोली लगी है। उसकी पहचान साहिल के रूप में हुई। इसके पास से एक देशी पिस्तौल, दो खाली कारतूस और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। घायल को तुरंत चिकित्सा के लिए डीसीबी अस्पताल, भारत नगर ले जाया गया। पूछताछ करने पर उसने अपने साथियों के साथ वारदात में संलिप्तता कबूल की। उसकी निशानदेही पर बाकी दो आरोपियों को भी दबोच लिया गया।

# किशोर की हत्या का आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उत्तम नगर के किशोर की हत्या का आरोपी उत्तराखंड के रूद्रपुर से गिरफ्तार किया गया है। 2021 में सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर किशोर की हत्या की गई थी। आरोपी का नाम भुवन जोशी बताया गया है।

क्राइम ब्रांच डीसीपी आदित्य गौतम के अनुसार दिसंबर 2021 में पीड़ित के सोशल मीडिया पोस्ट की काफी आलोचना हुई थी, जिसके बाद लोगों के एक समूह ने उसका अपहरण कर चाकू घोंपकर हत्या कर दी थी। अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया जबकि जोशी भागने में सफल हो गया था। जून 2022 में कोर्ट ने भी इसे भगौड़ा घोषित कर दिया था। डीसीपी गौतम के अनुसार चार वर्ष पुलिस से छिपने के बाद जोशी की रुद्रपुर में लोकेशन पता चली। उसने अपनी पहचान बदल ली थी और एक 'चाइनीज फूड स्टॉल' चला रहा था। अधिकारी ने कहा कि एक टीम लगातार आरोपी की तलाश कर रही थी और उसके स्थान की पुष्टि होने के बाद एक टीम को रुद्रपुर भेजा गया और उसे पकड़ लिया गया। डीसीपी ने कहा कि पुलिस ने उसकी मौजूदगी की पुष्टि करने के लिए एक 'अंडरकवर' ऑपरेशन चलाया। हेड कांस्टेबल सोनवीर ने खुद को मोमोज बेचने वाला बताकर आरोपी के बारे में जानकारी जुटाई। दो मार्च को जोशी की पहचान कर ली गई और उसे सवेरा अपार्टमेंट के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। शुरू में उसने पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की, लेकिन बाद में उसने हत्या में संलिप्तता कबूल कर ली। उसे आगे की कानूनी कार्यवाही के लिए दिल्ली लाया गया है।

## परीक्षा से बचने के लिए घर से भाग पहुंचा बेंग्लुरू, पुलिस ने तलाशा

**नई दिल्ली।** रोहिणी में 17 वर्षीय एक लड़का परीक्षा देने से बचने के लिए अपना घर छोड़कर बेंग्लुरू पहुंच गया। दिल्ली से लगभग दो हजार किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करने के बाद वह एक निर्माण स्थल पर दिहाड़ी मजदूर करने लगा। क्राइम ब्रांच को इसके ठिकाने का पता चला जिसके बाद उसे तलाशा गया। इस संबंध में बुद्ध विहार थाने में 21 फरवरी को गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। डीसीपी अपराध शाखा विक्रम सिंह के अनुसार लड़का कनॉट प्लेस स्थित एक प्रतिष्ठित स्कूल की 11वीं कक्षा में पढ़ता है। पढ़ने में इसकी बिल्कुल भी रुचि नहीं थी। पुलिस के अनुसार परिजनों व उसके दोस्तों से पूछताछ में पता चला है कि वह अपनी वार्षिक परीक्षा नहीं देना चाहता था। 21 फरवरी को वह घर से निकला और उसने अपने पिता को मैसेज भेजा कि वह घर से जा रहा है और कोई उसकी तलाश न करें। इसके बाद वह बेंगलुरु चला। जानकारी मिलने के बाद लड़के की तलाश के लिए कई टीम गठित की गई। इस मामले में अपहरण के पहलू से भी जांच की गई। आखिर में तमिलनाडु के कृष्णागिरी क्षेत्र (कर्नाटक-तमिलनाडु सीमा के पास) से लड़के को पकड़ा गया। नाबालिग ने बेंगलुरु में एक परिचित व्यक्ति से संपर्क किया था और ट्रेन से वहां पहुंचा था। वह तमिलनाडु और कर्नाटक सीमा के पास ही एक निर्माण स्थल पर मजदूरी कर रहा था।

# दिल्ली नगर निगम बजट सत्र की बैठक में हुआ हंगामा, स्थगित करनी पड़ी बैठक

## नेता विपक्ष राजा इकबाल सिंह के भाषण शुरू होते ही आप पार्षदों ने कर दी नारेबाजी शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम मुख्यालय सिविक सेंटर में निगम की विशेष बजट सत्र की बैठक में सोमवार को संशोधित बजट अनुमान 2024-25 और बजट अनुमान 2025-26 पर निगम में नेता विपक्ष सरदार राजा इकबाल सिंह ने बजट भाषण पढ़ना शुरू किया तो सत्ता पक्ष में बैठे आम आदमी पार्टी के पार्षदों को यह भाषण रास नहीं आया और बिना किसी जायज वजह के हंगामा शुरू कर दिया। बता दें कि नेता विपक्ष राजा इकबाल सिंह के भाषण शुरू होते ही आप पार्षदों ने नारेबाजी शुरू कर दी। इस दौरान आम आदमी पार्टी के पार्षद धीरे धीरे नेता विपक्ष राजा इकबाल के आसन की तरफ बढ़ने लगे और नारेबाजी तेज कर दी। महापौर ने भी नारेबाजी कर रहे पार्षदों से कई बार आग्रह किया लेकिन वह माने नहीं। थक हार कर महापौर महेश कुमार खींची ने बजट बैठक को अगली बैठक तक के लिए स्थगित कर दिया। इस दौरान महापौर और हंगामा कर रहे पार्षद भी सदन से बाहर चले गए और इसके साथ ही निगम सचिव भी सदन से बाहर आ गए लेकिन निगम आयुक्त अश्विनी कुमार अपनी सीट पर ही बैठे रहे और नेता विपक्ष राजा इकबाल अपना बजट भाषण पढ़ते रहें। बता दें कि इससे पहले महापौर महेश कुमार खींची ने बजट पर चर्चा करने के लिए नेता विपक्ष राजा इकबाल सिंह से निवेदन करते हुए कहा कि वह जनता के हित में अपनी बात रखे। वहीं, इस संबंध में निगम सचिवालय के एक अधिकारी ने बताया कि निगम के बजट सत्र में ऐसे हालात पहले कभी नहीं देखे गए हैं।

वहीं, बजट भाषण के बाद नेता विपक्ष व पूर्व महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने प्रेसवार्ता में बताया कि संशोधित बजट अनुमान 2024-25 और बजट अनुमान 2025-26 पर निगम सदन में अपने सुझाव पेश किए लेकिन महापौर ने बजट भाषण पूरा होने पहले ही सदन की बैठक को स्थगित कर दिया। राजा इकबाल सिंह ने इसे निंदनीय बताते हुए कहा कि यह लोकतांत्रिक प्रक्रिया के सही नहीं है। क्योंकि हमारे पास बहुमत का संख्याबल था बावजूद इसके हमने नेता प्रतिपक्ष के तौर पर बजट पढ़ा।

### नकारात्मक राजनीति के कारण जनता ने आप को विधानसभा से किया बाहर : इकबाल

इकबाल सिंह ने कहा कि आप की इसी नकारात्मक राजनीति की वजह विधानसभा से दिल्ली की जनता ने विधानसभा से आप को बाहर किया और अब निगम में आप का महापौर होने के बाद भी आम आदमी पार्टी सदन को अवरोध कर रही है। साथ ही बजट पर सकारात्मक सुझावों को नहीं सुन रही है। इससे पता चलता है कि आप सरकार न तो निगम के कर्मियों का हित चाहती है और न ही दिल्ली नगर निगम का हित चाहती है। क्योंकि बजट किसी भी संस्थान के लिए अहम होता है। ऐसे में बजट भाषण पर सदन को स्थगित करना आप का लोकतांत्रिक व्यवस्था में विश्वास न होने का प्रमाण है। साथ ही यह भी दर्शाता है कि आप अपनी नाकामी छिपाना चाहती थी। क्योंकि पिछले तीन साल में आप सरकार ने निगम को ठप कर दिया है। राजा इकबाल सिंह ने कहा कि अप्रैल में निगम ने भाजपा का महापौर बनेगा क्योंकि आप को जनता ने नकार दिया है।

# उपराज्यपाल से मिलने राजनिवास पहुंचे विजेंद्र गुप्ता, सदन में अभिभाषण पर दिया धन्यवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता सोमवार को उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना से मिलने राजनिवास पहुंचे। नियम 19 (7) के तहत विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने व्यक्तिगत रूप से उपराज्यपाल को एक औपचारिक पत्र सौंपा और सदन की ओर से उनके अभिभाषण के प्रति सम्मान प्रकट किया। गुप्ता ने धन्यवाद करते हुए एलजी से कहा कि आपने अपने अभिभाषण में दिल्ली का विकास प्रस्तुत किया है। इस मौके पर एलजी सक्सेना की तरफ से सदन को एक लिखित संदेश भी भेजा गया। वहीं इस अवसर पर एलजी के साथ गुप्ता की कई मुद्दों पर चर्चा हुई। एलजी से बैठक के बाद विस अध्यक्ष गुप्ता ने बताया कि उपराज्यपाल का अभिभाषण दिल्ली के विकास और सुशासन के लिए एक महत्वपूर्ण दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। ऐसे में सदन की ओर से उनका आभार व्यक्त करना मेरे लिए सम्मान की बात है। दिल्ली के विकास को लेकर भी एलजी से चर्चा हुई।

# दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्र की सड़क दुर्घटना में मौत

**नई दिल्ली।** रोहिणी में दिल्ली विश्वविद्यालय के 19 वर्षीय छात्र की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। वह पार्ट टाइम समाचार पत्र विक्रेता के रूप में भी काम करता था। मृतक छात्र का नाम बुध विहार निवासी रिशाल सिंह बताया गया है। शव पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार रिशाल सिंह स्नातक की पढ़ायी कर रहा था और जेब खर्च निकालने के लिए सुबह अखबार बांटता था। यह हादसा शनिवार सुबह करीब 6:30 बजे केएनकाटजू मार्ग थाना अंतर्गत रोहिणी आरटीओ कार्यालय के पास हुआ। पीसीआर कॉलर ने पुलिस को सड़क दुर्घटना के बारे में जानकारी थी। पुलिस मौके पर पहुंची तो एक टूटी हुई साइकिल मिली और अखबार बिखरे मिले। हालांकि पुलिस के पहुंचने से पहले ही छात्र को बीएसए अस्पताल ले जाया जा चुका था। अस्पताल में उसे मृत घोषित कर दिया गया। शुरुआती जांच के बाद पुलिस का कहना है कि अज्ञात वाहन की टक्कर से हादसा हुआ। केस के संबंध जांच जारी है। दो दिन बीतने के बाद भी आरोपी वाहन की पहचान पुलिस नहीं कर पाई है। पुलिस इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगालने की बात कह रही है।



### दिल्ली में अधिकतम तापमान 31.1 सेल्सियस हुआ दर्ज

नई दिल्ली। सर्दियों के महीने कहे जाने वाले जनवरी और फरवरी के बाद अब मार्च भी दिल्ली वालों के लिए बेहद गर्म रहने वाला साबित हो सकता है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि सोमवार 3 मार्च 2025 को दिल्ली में अधिकतम तापमान 31.1 सेल्सियस दर्ज हुआ, जो सामान्य से 3.7 डिग्री सेल्सियस अधिक है। वहीं यह दिल्ली में इस साल दूसरी बार हुआ है कि अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार अब दिल्ली में तापमान बढ़ने लगेगा और पूरे हफ्ते सूखा और गर्म मौसम रहने की संभावना है। इस बारे में मौसम विभाग ने बताया कि दिल्ली में सर्दी के दोनों महीने जनवरी और फरवरी में बहुत कम बारिश हुई है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विशाल उर्फ माया, पुत्र शेर सिंह निवास मकान नं. सी-94वाई, डी.डी.ए फ्लैट, जहाँगीरपुरी, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 1088/2023, धारा 25/54/59ए आर्म्स एक्ट, थाना महेंद्र पार्क, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **विशाल उर्फ माया** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **विशाल उर्फ माया** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 1088/2023, धारा 25/54/59ए आर्म्स एक्ट, थाना महेंद्र पार्क, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **विशाल उर्फ माया** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **24.04.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री निहारिका कुमार शर्मा
एलडी. अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, कमरा नं. 117
(उत्तर), रोहिणी कोर्ट्स, दिल्ली
DP/2378/NW/2025

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 Cr.P.C. देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सोनू पुत्र अलीजान निवासी झुग्गी नं. 14, खूबराम पार्क, प्रेम नगर, किराड़ी, सुलेमान नगर, दिल्ली** ने एफआईआर नं. **301/23 अन्तर्गत धारा 279/337/338 आईपीसी एवं 134/187 मोटर व्हीकल अधिनियम, थाना आई.पी. इस्टेट, केंद्रीय जिला, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सोनू** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सोनू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि एफआईआर नं. **301/23 अन्तर्गत धारा 279/337/338 आईपीसी एवं 134/187 मोटर व्हीकल अधिनियम, थाना आई.पी. इस्टेट, केंद्रीय जिला, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सोनू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.04.2025** को **प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**सुश्री प्रीति**
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी
कमरा नं. 150, प्रथम तल
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/2631/CD/2025
(Court Matter)

### महापौर ने भलस्वा लैंडफिल साइट का किया औचक निरीक्षण

# दो साल के कार्यकाल में भलस्वा लैंडफिल साइट से हटा 70 प्रतिशत कूड़ा : महेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ भलस्वा लैंडफिल साइट का बचा हुआ 30 फीसदी कूड़ा भी कुछ महीनों में हटा दिया जाएगा

दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी के दो साल के कार्यकाल में भलस्वा लैंडफिल साइट से 70 प्रतिशत कूड़ा हटा दिया गया है और बाकी बचा हुआ 30 फीसदी कूड़ा भी कुछ महीनों में हटा दिया जाएगा। दिल्ली नगर निगम के महापौर महेश कुमार ने सोमवार को भलस्वा लैंडफिल साइट के औचक निरीक्षण के बाद यह बाते कही। इस अवसर पर दिल्ली के उपमहापौर रविन्द्र भारद्वाज, पार्षद अजीत यादव उपस्थित रहे। यहां महापौर महेश कुमार ने दावा करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी ने निगम चुनाव के समय दिल्ली को कूड़ा मुक्त बनाने की गारंटी दी थी। इसी मुहिम पर कार्य करते हुए निगम में आम आदमी पार्टी के कार्यकाल में भलस्वा लैंडफिल साइट से 70 प्रतिशत कूड़ा हटाया जा चुका है। निरीक्षण के दौरान महापौर महेश कुमार ने कहा कि आम आदमी पार्टी काम की राजनीति करती है और उसके सभी पार्षद अपने वार्डों में जनता की सहूलियत के लिए बहुत मेहनत से काम कर रहे हैं। महापौर ने कहा कि भलस्वा लैंडफिल साइट पर बचे हुए 45 लाख मीट्रिक टन कूड़े के निस्तारण के लिए टेंडर हो गया है और आने वाले कुछ महीनों में भलस्वा लैंडफिल साइट को कूड़ा मुक्त कर दिया जाएगा।

महापौर महेश कुमार ने कहा कि कूड़े के पहाड़ हटाने का सपना अब सपना नहीं रहेगा बल्कि सच्चाई में बदलेगा। भलस्वा लैंडफिल साइट के निरीक्षण के दौरान उपमहापौर रवींद्र भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली से कूड़े के पहाड़ों को हटाने का वादा आम आदमी पार्टी ने निगम चुनाव के समय अपने घोषणापत्र में शामिल किया था और आज कूड़े के पहाड़ हटते देखना काफी सुखद अनुभव है। उपमहापौर ने कहा कि कूड़े के पहाड़ों को हटाने के लिए हमारे महापौर काफी संवेदनशील हैं और आने वाले कुछ दिनों में कूड़े के पहाड़ जीरो हो जाएंगे।

### महापौर ने अधिकारियों के साथ किया पौधरोपण

दिल्ली नगर निगम की आप सरकार कूड़े के पहाड़ों को साफ कर ग्रीन फील्ड के तौर पर विकसित करेगी।

इसी के तरह कूड़ा हटने के बाद जो जगह खाली हुई है, वहां पौधारोपण की शुरुआत कर दी गई है। महापौर महेश कुमार ने उपमहापौर और अधिकारियों के साथ पौधारोपण अभियान की शुरुआत की। आगामी दिनों में बड़े स्तर पर छायादार पौधे लगाए जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### पालम में अत्याधुनिक अस्पताल की मांग पर होगा विचार : बिधूड़ी

नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने सोमवार को पालम में आयुष्मान आरोग्य मंदिर का दौरा किया। उन्होंने पालम में एक अत्याधुनिक अस्पताल के निर्माण की मांग पर विचार का आश्वासन भी दिया। दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी भी उनके साथ थे। सांसद बिधूड़ी ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि नड्डा का क्षेत्रवासियों की ओर से भव्य अभिनंदन किया गया। दिल्ली विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत के बाद उन्होंने जनता को आश्वासन दिया कि उन्हें सभी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। नड्डा ने परिसर में पौधारोपण भी किया। इस अवसर पर विधायक कुलदीप सोलंकी और निगम पार्षद सीमा पंडित के साथ 360 गांवों की पंचायत के प्रमुख सुरेंद्र सोलंकी और मंडल अध्यक्ष अमन जांगड़ा भी मौजूद रहे।

### ट्रांसपोर्टरों ने 15 साल पुराने वाहनों को ईंधन न देने के फैसले पर उठाए सवाल

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार द्वारा 15 साल पुराने वाहनों को आगामी 31 मार्च 2025 के बाद पैट्रोल पंपों से ईंधन नही दिया जाएगा, के फैसले का विरोध शुरू होने लगा है। इस मुद्दे पर दिल्ली टैक्सी एंड टूरिस्ट ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने दिल्ली की भाजपा सरकार के पेट्रोल-डीजल न देने के फैसले का विरोध करते हुए अन्य विकल्प तलाशने की मांग की है। संगठन के अध्यक्ष संजय सम्राट ने बताया कि सरकार की वाहनों को एक समय अवधि के बाद स्क्रैप करने की योजना शुरू से विवादित वाली रही है। अब ऐसे में दिल्ली सरकार द्वारा 15 साल पुराने वाहनों को 31 मार्च 2025 से ईंधन नही देने के फैसले से मुसीबत बढ़ेगी।

## दिल्ली विधानसभा : कैग रिपोर्ट पर भिड़े सत्तापक्ष और विपक्ष

# असंसदीय भाषा का इस्तेमाल करने पर विपक्ष का सदस्य मार्शल आउट

### सत्तापक्ष के सदस्यों ने जताया विरोध, अध्यक्ष के कहने पर भी नहीं मांगी माफी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली विधानसभा में सोमवार को सार्वजनिक स्वास्थ्य ढांचे पर कैग रिपोर्ट पर चर्चा के दौरान सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्षी आप विधायकों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। तनाव बढ़ने पर विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने मार्शलों को विपक्ष के सदस्य अनिल झा को असंसदीय भाषा का इस्तेमाल करने के लिए सदन से बाहर निकालने का निर्देश दिया। झा ने यह टिप्पणी उस समय की जब भाजपा के विधायक अशोक गोयल आप शासन में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति को लेकर पिछली सरकार की आलोचना कर रहे थे। भाजपा विधायक करनैल सिंह ने अनिल झा पर सदन में चर्चा की तुलना रामलीला चल रही है, से कर हिंदू भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया। अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने झा से सदन से माफी मांगने को कहा। सदन में दोनों पक्षों के सदस्यों के एक साथ बोलने के कारण शोर-शराबा जारी रहा, तो गुप्ता ने मार्शलों से अनिल झा को बाहर निकालने को कहा। जिसके बाद मार्शलों ने झा को सदन से बाहर कर दिया। वहीं सत्तापक्ष के सदस्य मोहन सिंह बिष्ट ने भी सीधे हमला किया और स्वास्थ्य सेवाओं पर सीएजी के तथ्यों को लेकर हैरानी जताई व पूर्ववर्ती सरकार के अहंकार पर कई घटनाएं भी याद दिलाईं। वहीं मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने याद दिलाया आतिशी ने कहा था कि सीएजी न होती तो कांग्रेस सब कुछ बेच देती। अगर किसी का सही चेहरा देखना है कि तो उसे ताकत दे दो और अरविंद केजरीवाल का सही चेहरा दिख गया, जब कोरोना में लोग मर रहे थे तब वह शीश महल बना रहे थे। मुझे घिन आती थी उस इंसान को देखकर जो कश्मीरी पंडितों के दर्द पर हंस रहा था। आज जनता ने उनका अहंकार मिटा दिया जो कहते थे दिल्ली के मालिक हम हैं। आतिशी ने कहा कि पिछले 15-20 साल में भाजपा को सीएजी के प्रति इतनी आस्था रखते हुए कभी नहीं देखा। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि कुछ लोग सीएजी रिपोर्ट पर चर्चा से खुश जरूर होंगे।

### विधानसभा की गरिमा और अनुशासन सर्वोपरि: स्पीकर

नई दिल्ली। विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने सत्र के आखिरी दिन सोमवार को विधानसभा को संबोधित करते हुए सदन में शांति और अनुशासन बनाए रखने की अनिवार्यता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सदन की गरिमा को बनाए रखने और विधायी कार्यवाही को निर्बाध रूप से संचालित करने के लिए अध्यक्ष को आवश्यक कदम उठाने का अधिकार है। विजेंद्र गुप्ता ने रूल 277 का हवाला देते हुए स्पष्ट किया कि यदि कोई सदस्य अशोभनीय या अनुशासनहीन आचरण करता है, तो अध्यक्ष उसे सदन से हटने का निर्देश दे सकते हैं।

### जनता इलाज के लिए धक्का खाती रही मुझे इसका दुख : रेखा गुप्ता

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि आप वाले अपनी गलतियां आखिर में मान लेते हैं। जनता इलाज के लिए धक्का खाती रही मुझे इसका दुख जरूर है। मरीजों को नकली दवाएं, नकली मरीजों को असली पेमेंट की गई। मोहल्ला क्लीनिक में सब नकली, लेकिन असली पेमेंट हुई। अस्पतालों में गोदाम उस सामान से भरे हुए हैं, पीपीईकिट, मास्क, सिलेंडर भरे पड़े हैं, खरीद के बाद इस्तेमाल नहीं हुए। उन्होंने कहा कि अभी तक पुराने क्लीनिकल एक्ट पर काम कर रहे थे लेकिन हम अगले सत्र में नया कानून लेकर आएंगे। डॉ. सरीन कमेटी की रिपोर्ट लागू नहीं की जबकि हाईकोर्ट ने भी आदेश दिया लेकिन कुछ नहीं किया। इस दौरान आप विधायक विरोध करते हुए सदन से बहिगर्मन कर गए।

### भाजपा सदन में शेष कैग रिपोर्ट क्यों नहीं रख रही, केजरीवाल को बचाने की साजिश तो नहीं: यादव

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा है कि भाजपा की रेखा सरकार सदन पटल पर बाकी की कैग रिपोर्ट रखने से क्यों बच रही है। ऐसा लगता है कि भाजपा-आप की मिली भगत से अरविंद केजरीवाल को बचाने की साजिश कर रहे है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने सदन में जो सीएजी रिपोर्ट पेश की है, उन पर कार्यवाही की जगह, सिर्फ शोर शराबा हो रहा है। हजारों करोड़ के घोटालों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही। यादव ने कहा कि 5 दिन के दिल्ली विधानसभा सत्र में सत्ताधारी भाजपा और विपक्ष आम आदमी पार्टी ने दिल्ली वालों के खून पसीने की कमाई को बर्बाद किया है। दिल्ली की जनता के हित और विकास के लिए कोई भी निर्णय लेने में दिल्ली सरकार पूरी तरह नाकाम साबित रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भी भ्रमित करने की राजनीति शुरु कर दी है। महिलाओं, शिक्षकों, व्यापारियों, एनजीओ आदि से पहले सलाह लेंगे, फिर बजट में जनता से किए गए संकल्पों को लागू किया जाएगा। मैं पूछना चाहता हुं कि वोट लेने से पहले क्या जनता से कहा था कि हम सत्ता में आने के बाद आपसे सलाह लेंगे फिर महिलाओं को 2500 रुपये देने के लिए सोचेंगे? उन्होंने कहा यह विचारणीय है कि भाजपा का हर मंत्री खजाना खाली है कि रट लगाए है।



### दिल्ली वालों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर केजरीवाल ने किया मानवता को शर्मसार : डॉ. पंकज

हरिभूमि न्यूज, नई दिल्ली। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री पंकज कुमार सिंह ने दिल्ली में स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर कैग रिपोर्ट पर चर्चा के दौरान कहा कि दिल्ली के स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे में कई अनियमितताएं पाई गई हैं, जैसा कि नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (सीएजी) की हालिया रिपोर्ट में सामने आया है। उन्होंने कहा कि एचआईएमएस के कार्यान्वयन से यह सुनिश्चित होगा कि प्रत्येक मरीज को एक विशिष्ट पहचान संख्या प्राप्त होगा, जिससे उनका मेडिकल रिकॉर्ड दर्ज होगा, जिससे भविष्य में मरीज का पुराना रिकॉर्ड डिजिटल फॉर्म में उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार, स्वास्थ्य देखभाल संसाधनों के कुप्रबंधन और कोरोना महामारी के दौरान केंद्र सरकार के फंड का उपयोग करने में विफलता के लिए पूर्व सरकार की कड़ी आलोचना की। उन्होंने टिप्पणी की कि पिछली सरकार ने दिल्ली के स्वास्थ्य व्यवस्था को ध्वस्त कर दिया, जबकि दिल्ली के लोग कोरोना महामारी से पीड़ित थे। जब लोग महामारी के दौरान ऑक्सीजन सिलेंडर के लिए संघर्ष कर रहे थे, तो वे अपना शीशमहल बनाने में व्यस्त थे। आप की असंवेदनशील नीतियों के कारण ऐसा संकट पैदा हुआ कि अस्पताल भी महामारी के दौरान निष्क्रिय हो गए। पिछली सरकार की नाकामियों कि वजह से स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग वर्तमान में आवश्यकता से 21 प्रतिशत कम स्वास्थ्य पेशेवरों के साथ काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि कैसे, कोरोना संकट के दौरान, दिल्ली सरकार के अस्पतालों में वेंटिलेटर सहित आवश्यक जीवन-सहायता सेवाओं का अभाव था। पिछली सरकार की गलत नीतियों के कारण पूर्वांचल क्षेत्र के लोगों को दिल्ली छोड़ने पर विवश होना पड़ा। इसके अतिरिक्त, दवाओं की खरीद और वितरण में गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। हीमोफीलिया और रेबीज सहित कई महत्वपूर्ण टीके अनुपलब्ध थे, और दवाएं ब्लैकलिस्टेड कंपनियों से खरीदी गई थीं। उन्होंने कहा कि आवश्यक दवाओं के लिए 86 अनुबंधों में से केवल 24 को पिछली सरकार द्वारा अनुमोदित किया गया था। उन्होंने केंद्र सरकार के फंड में 787 करोड़ रुपए का उपयोग नहीं किया।

# दिल्ली सरकार 24 से 26 मार्च के बीच प्रस्तुत करेगी विकसित दिल्ली बजट: रेखा

**बजट पर सभी हितधारकों से सुझाव लेने के लिए जारी किये गए वाट्सएप नंबर 9999962025 और ईमेल आईडी viksitdelhibudget-25@delhi.gov.in**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली सरकार 24 से 26 मार्च 2025 को विकसित दिल्ली बजट 2025-26 विधानसभा में पेश करेगी। इस बात की जानकारी सोमवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने मंत्रियों के साथ प्रैसवार्ता में दी। मुख्यमंत्री ने प्रैसवार्ता में कहा कि दिल्ली की जनता की भागीदारी से विकसित दिल्ली बजट की रूपरेखा को तैयार किया जाएगा। बजट पर सभी हितधारकों से सुझाव लेने के लिए वाट्सएप नंबर 9999962025 और ईमेल आईडी viksitdelhibudget-25@delhi.gov.in जारी किये गए। जिसके माध्यम से हर दिल्लीवासी सुझाव भेज सकते हैं।

सीएम रेखा गुप्ता ने बताया कि आगामी बजट में फोकस के क्षेत्रों में महिलाओं को आर्थिक सहायता,स्वास्थ्य सेवा का विस्तार, सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा, प्रदूषण को कम करना, नौकरियां, शिक्षा की बेहतर व्यवस्था और गरीबों को सस्ती पौष्टिक भोजन,वरिष्ठ नागरिकों का कल्याण,यमुना नदी की सफाई,कल्याणकारी योजना को जारी रखना आदि जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल किये जाएंगे। इसी श्रृंखला में आगामी 5 मार्च को दिल्ली की विभिन्न महिला संगठनों के साथ बजट पर उनके सुझावों को लेकर संवाद करने का निर्णय लिया गया है । इसके बाद 6 मार्च को दिल्ली के व्यापारिक एवं औद्योगिक संगठन और विभिन्न अलग-अलग संगठनों के साथ भी संवाद किया जाएगा ताकि उनसे भी सुझाव लेकर दिल्ली को बेहतर बनाने के कार्यों की रूपरेखा तैयार की जा सके। दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री और विधायक ग्रामीणों, किसानों, युवाओं, झुग्गीवासियों और नौकरी पेशा लोगों से संवाद करेंगे और उनके सुझाव बजट में शामिल करेंगे। यह बजट दिल्ली की जनता को कई बड़ी सौगात भी देने वाला होगा। जिससे दिल्लीवालों के जीवन में और खुशहाली आएगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि दिल्लीवालों ने इस बार हमारी पार्टी को जिताकर यह मौका दिया है कि हमारीसरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनआकांक्षाओं की पूर्ति के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए सभी वर्गों की उन्नति, कल्याण व सर्वांगीण विकास के लिए कृतसंकल्पित हो। चुनावों की दौरान हमने अपने संकल्प पत्र को विकसित दिल्ली संकल्प पत्र शीर्षक के नाम से जारी किया था।

### जनता की भागीदारी से तैयार किया जाएगा विकसित दिल्ली बजट : सीएम

इस दौरान सीएम रेखा गुप्ता ने दिल्ली में रह रहे सभी वर्गों के लोगों काध्यान रखते हुए बताया कि विकसित दिल्ली बजट में दिल्ली के लोगों की भागीदारी बढ़ाने के लिए सभीहित धारकों से भी सुझाव लिए जाएंगे और उनके सुझावों को बजट में शामिल किया जाएगा। इसके लिए हमारी सरकार ने दिल्ली की जनता के सुझाव के लिए एक ईमेल आईडी **viksitdelhibudget-25@delhi.gov.in** और वाट्स एपनंबर 9999962025,जारी किया गया है। इस पर दिल्लीवासी बजट से संबंधित अपने सुझावों को दिल्ली सरकार के साथ साझा कर सकते हैं। दिल्ली का यह बजट जनता की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किया जाएगा, जिससे हर वर्ग को लाभ मिले।

### दिल्ली के लोगों के लिए होगा आगामी बजट : सचदेवा

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र 24 मार्च से शुरू हो रहा है, जिसकी घोषणा मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने की है। निश्चित रूप से भाजपा की सरकार दिल्ली के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और हम बार-बार इस बात पर जोर दे रहे हैं कि जिस तरह से पिछले 10-11 वर्षों में दिल्ली का विकास अवरुद्ध हुआ है, उसे एक निश्चित दृष्टिकोण के साथ पुनः पटरी पर लाना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि हमारी पूरी सरकार ने इस मामले में बहुत गंभीरता से सोचा है। पिछले 7-8 दिनों में ही योजना बनाकर, बैठकें करके अपना काम शुरू कर दिया है। यह तय है कि यह बजट दिल्ली के लोगों के लिए होगा। उन्होंने कहा कि पिछले बारह सालों से भाजपा विधायकों को सदन से बार बार बाहर निकलवाकर भी कोई विकास पर चर्चा नहीं की गई और आज दिल्ली के सर्वांगीण विकास के लिए चर्चा हो रही है तो उसमें बाधा बनने के काम आतिशी और उनके विधायक कर रहे हैं।

### गेहूं की फसल में रोगों की करें निगरानी : पूसा

नई दिल्ली। दिल्ली देहात एवं आसपास के किसान मौसम को ध्यान में रखते हुए गेहूं की फसल में रोगों, विशेषकर रतुआ की निगरानी करते रहें। काला, भूरा अथवा पीला रतुआ अधिक आने पर फसल में डाइथेन एम-45 (2.5 ग्राम प्रति लीटर पानी) का छिड़काव करें। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (पूसा) के अंतर्गत कृषि भौतिकी संभाग की नोड़ल अधिकारी डॉ. अनन्ता वशिष्ठ ने सोमवार को किसानों के लिए यह सलाह जारी की है। वहीं, पूसा कृषि वैज्ञानिकों ने बताया कि पीला रतुआ 10-20 डिग्री सेल्सियस तापमान पर आता है। 25 डिग्री सेल्सियस तापमान से ऊपर रोग का फैलाव नहीं होता। भूरा रतुआ के लिये 15 से 25 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ नमीयुक्त जलवायु आवश्यक है। काला रतुआ के लिये 20 डिग्री सेल्सियस से ऊपर तापमान और नमी रहित जलवायु आवश्यक है। इसके अलावा मौसम को ध्यान में रखते हुए किसान सभी सब्जियों तथा सरसों की फसल में चेपा के आक्रमण की निगरानी करें। इस कीट के नियंत्रण के लिए वे सब्जियों में इमिडाक्लोप्रिड प्रति 0.25-0.5 मि.ली. प्रति लीटर पानी की दर से छिड़काव सब्जियों की तुडाई के बाद आसमान साफ होने पर करें।

## मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर एबीवीपी ने किया कॉलेजों में प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने सोमवार को कॉलेज ऑफ वोकेशनल स्ट्डीज एवं दयाल सिंह कॉलेज में व्याप्त विभिन्न समस्याओं को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने यह प्रदर्शन दोनों कॉलेजों में मूलभूत सुविधाओं की कमी, शैक्षणिक अनियमितता एवं खराब अवसंरचना को लेकर किया एवं प्रदर्शन के बाद इन सभी समस्याओं के समाधान के लिए दोनों कॉलेज के प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। एबीवीपी ने अपने ज्ञापन में सीट्स बढ़ाने, सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन को चालू करने, सेमिनार रूम की स्थिति को सही करने, नए स्मार्ट क्लास खोलने, वाटर कूलर की संख्या बढ़ाने जैसी मांगों को सम्मिलित किया।

एबीवीपी कॉलेज ऑफ वोकेशनल स्टडीज इकाई अध्यक्ष अंश मिश्रा ने कहा कि कॉलेज ऑफ वोकेशनल स्ट्डीज दिल्ली विश्वविद्यालय का एक प्रतिष्ठित कॉलेज है। लेकिन इस कॉलेज में सुविधा के नाम पर कुछ नहीं है, चाहे वो कैंटीन की समस्या हो या शौचालय की समस्या हर जगह कॉलेज प्रशासन विफ़ल साबित हुआ है। आज हमने इन सारी समस्याओं को केंद्र में रखते हुए कॉलेज प्रशासन के खिलाफ़ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया एवं इनके समाधान हेतु कॉलेज के प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा।

## संजय वन पक्षी प्रेमियों के लिए है स्वर्ग

# उपराज्यपाल सक्सेना ने संजय वन में ऐतिहासिक संरचनाओं के पुनर्स्थापित का किया अनावरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने सोमवार को दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा यमुनापार स्थित संजय वन में ऐतिहासिक संरचनाओं के पुनर्स्थापित किए जाने के बाद अनावरण किया। इस अवसर पर उपराज्यपाल सक्सेना के अलावा भाजपा सांसद रामबीर सिंह बिधूड़ी, विधायक गजेंद्र सिंह यादव और डीडीए के उपाध्यक्ष विजय कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित थे। इस अवसर पर एलजी ने कहा कि हम विरासत वाले ऐतिहासिक स्थलों को पुनर्जीवित और बहाल करने, उन्हें दिल्ली के लोगों को सौंपने के लिए सभी प्रयास कर रहे हैं ताकि वे उनके स्टेक होल्डर संरक्षक बन सकें। एलजी ने कहा कि निवासियों को जीवनयापन में सुगमता प्रदान करने के सरकार के विजन के तहत दिल्ली के लोगों के लिए समग्र विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन विकास भी और विरासत भी को बढ़ावा देने के अनुरूप डीडीए बेहतरीन तरीके से कार्य कर रहा है। संजय वन दिल्ली के प्रमुख हरित हवादार क्षेत्रों में से एक है और पक्षी प्रेमियों और प्रकृति प्रेमियों के लिए स्वर्ग है। उन्होंने कहा कि आज दिल्ली की समृद्ध विरासत को बहाल और संरक्षित करने के अपने निरंतर प्रयासों के तहत डीडीए द्वारा विकसित संजय वन में बहाल की गई विरासत संरचनाओं का अनावरण हुआ है। जिसमें दो ऐतिहासिक संरचनाओं और एक कुएं को उसके मूल गौरव में बहाल किया गया है।

## मानहानि मामला : अदालत ने कांग्रेस नेता को आतिशी और संजय सिंह से जानकारी साझा करने को कहा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली की एक अदालत ने कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित को अपने मानहानि मुकदमे से संबंधित दस्तावेज आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं आतिशी और संजय सिंह के साथ साझा करने का सोमवार को निर्देश दिया। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पारस दलाल ने शिकायतकर्ता को यह भी निर्देश दिया कि वह कथित मानहानिकारक बयानों वाली 'पेन ड्राइव' की प्रति भी प्रतिवादियों को सौंपे। अदालत ने कहा कि प्रस्तावित आरोपी पक्ष का कहना है कि शिकायतकर्ता पक्ष द्वारा 16 जनवरी 2025 को दायर आवेदन के साथ जमा कराए गए दस्तावेज उन्हें उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। शिकायतकर्ता पक्ष उन्हें उपलब्ध कराने का वचन देता है। अनुपालन/विचार के लिए 12 मार्च, 2025 की तारीख तय की जाए। अदालत ने 16 जनवरी को शिकायत के आधार पर आतिशी और संजय सिंह को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था। उसने कहा कि मामला संज्ञान के स्तर पर है और बीएनएसएस की धारा 223 के पहले प्रावधान के अनुपालन में, प्रस्तावित आरोपी व्यक्तियों को सुनवाई का अवसर दिया जाना है। तदनुसार... दोनों प्रस्तावित आरोपी व्यक्तियों को नोटिस जारी किया जाए। कांग्रेस नेता ने मानहानि मामले में आरोप लगाया गया है कि पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी और आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने 26 दिसंबर को संवाददाता सम्मेलन में दीक्षित पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से करोड़ों रुपये लेने और कांग्रेस पर 'आप' को हराने के लिए भाजपा के साथ साठगांठ करने का आरोप लगाया था। मुकदमे में आरोप लगाया गया है कि दोनों 'आप' नेताओं ने 'दीक्षित की छवि को जानबूझकर नुकसान पहुंचाने' की कोशिश की। हाल में संपन्न दिल्ली विधानसभा चुनाव में दीक्षित ने नयी दिल्ली सीट से पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ चुनाव लड़ा था।

## खबर संक्षेप

### राखी बनी रालोद महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष

**गाजियाबाद।** राखी संधू की राष्ट्रीय लोकदल का महानगर अध्यक्ष बनाया गया है। उनकी नियुक्ति की घोषणा राष्ट्रीय लोकदल की महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती मनीषा अहलावत ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में की। इस मौके पर मनीषा अहलावत ने बताया बड़ी संख्या में महिलाएं राष्ट्रीय लोकदल से जुड़ रही हैं और राष्ट्रीय लोकदल ने पश्चिम उत्तर प्रदेश में भी सभी अध्यक्षों की घोषणा कर दी है ।



### अवैध पटाखा फैक्टरी का पर्दाफाश, पिता-पुत्र गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** थाना ट्रोनिका सिटी ने नानू में एक बंद पड़े मैरिज हॉल में संचालित अवैध पटाखा फैक्ट्री का खुलासा किया है। यह फैक्टरी पिता-पुत्र चला रहे थे। उनके कब्जे से पटाखे बनाने का मिश्रित पाउडर 20 किग्रा, 3 पंचिंग मशीन, 2000 पीस खाली नकली कागज, अर्ध निर्मित पटाखा 150 पीस, पैकिंग गत्ते 30 पीस, एक बाल्टी प्लास्टिक फेवीकोल आधी भरी, सेलो टेप चिपकाने की मशीन 02 पीस बरामद हुई। अवैध तरीके से आतिशबाजी ,पटाखो का निर्माण का कार्य करने वाले दीपक व उसके पुत्र को गिरफ्तार किया गया।



### वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को दबोचा

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर-30 की टीम ने अवैध हथियार के दम पर योजना के तहत लूट की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी मनीष उर्फ छोटे गांव सिहोल पलवल का रहने वाला है। आरोपी को अपराध शाखा टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से आईएमटी बल्लभगढ़ एरिया से गिरफ्तार किया है। आरोपी के संबंध में थाना सदर बल्लभगढ़ में सेक्टर-2 के रहने वाले सुधीर ने शिकायत दी थी। जिसमें बताया गया था कि 5 जून 2024 को साहुपुरा सुनपेड रोड पर एक पानी के प्लांट से आरोपियों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया था।



# छात्र भारतीय संस्कारों के साथ निभाएं समाज में भागीदारी: डॉ. अशोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में इस साल भी मेवाड़ अभिव्यक्ति-2025 का रंगारंग शुभारंभ हुआ। मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार गदिया व निदेशिका डॉ. अलका अग्रवाल ने आकाश में रंग-बिरंगे गुब्बारे व श्वेत कबूतर उड़ाकर चार दिन चलने वाले इस वार्षिकोत्सव का उद्घाटन किया। इस मौके पर छात्रों ने मशाल मार्च निकाला। चार दिन चलने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं में सैंकड़ों विद्यार्थी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। इस मौके पर मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार गदिया ने बताया कि छात्रों में छिपी हुई प्रतिभा को उजागर करने के लिए मेवाड़ ने इस तरह के अनेक कार्यक्रम आयोजित करने की मुहिम छेड़ रखी है।

**खास बातें**

- आकाश में रंगीन गुब्बारे और श्वेत कबूतर छोड़कर हुआ रंगारंग आगाज़
- विभिन्न प्रतियोगिताओं में सैंकड़ों विद्यार्थी दिखा रहे हैं हुनर



**आज होगी अनेक खेल प्रतियोगिताएं**

उनका प्रयास है कि उनके इंस्टीट्यूशंस के छात्र भारतीय संस्कारों से सराबोर होकर समाज के विकास में अपनी भागीदारी निभाएं। उन्होंने छात्रों को कहा कि वे आत्मविश्वास के साथ अपनी पढ़ाई को पूरा करें और जीवन में कामयाबी हासिल करें। अन्त में इंस्टीट्यूशंस की निदेशिका डॉ. अलका अग्रवाल ने छात्रों को सफलता का आशीर्वाद दिया और जीवन के हर कदम पर आने वाली चुनौतियों का सामना करने की प्रेरणा दी। मेवाड़ अभिव्यक्ति 2025 के पहले दिन छात्रों की मूट कोर्ट वाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें विधि विभाग की 19 टीमों के 57 विद्यार्थियों ने देश के नामचीन मुकदमों के पक्ष-विपक्ष में अपने दमदार तर्क प्रस्तुत किये। निर्णायक मंडल में रिटायर्ड जज समरपाल सिंह, सुप्रीम कोर्ट के वकील चौधरी रबिन्द्र सिंह और नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में स्कूल ऑफ ला एंड लीगल अफेयर्स के निदेशक डॉ. अनिरुद्ध राम शामिल रहे। दूसरे दिन यानी 4 मार्च को महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम में विद्यार्थियों की अनेक खेल प्रतियोगिताएं होंगी।

### जिले में चल रही बोर्ड परीक्षाओं को लेकर डीसी विक्रम सिंह ने सरपंचों के साथ की बैठक

# नकल रहित परीक्षा करवाना प्रशासन के साथ आमजन की भी जिम्मेदारी: डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद।

डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि हम इन परीक्षा को सही ढंग से होने दें, ताकि बच्चों का अच्छा भविष्य हो

जिले में चल रही बोर्ड परीक्षाएं शांतिपूर्ण एवं नकल रहित संपूर्ण करवाने को लेकर सोमवार को डीसी विक्रम सिंह ने लघु सचिवालय स्थित सभागार में गांवों के सरपंचों के साथ बैठक की। बैठक में डीसी विक्रम सिंह ने सरपंचों से गांवों में बने परीक्षा केंद्रों के बारे में जानकारी लेते हुए आग्रह किया कि वे अपने गांवों में बने परीक्षा केंद्रों पर नकल रहित परीक्षाएं करवाने में अपना सहयोग दें। यदि कोई व्यक्ति नकल करवाते हुए पाया जाता है तो उसको पुलिस के हवाले करें। उन्होंने कहा कि यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि हम इन परीक्षा को सही ढंग से होने दें, ताकि बच्चों का अच्छा भविष्य हो। बैठक के उपरांत डीसी विक्रम सिंह ने पुलिस आयुक्त सत्येंद्र कुमार गुप्ता के साथ जिले में बनाए गए परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण भी किया।

डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन नकल रोकने एवं पेपर लीक के मामलों को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति से काम कर रहा है। यदि कोई अधिकारी नकल कराने के मामलों में संलिप्त पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उपस्थित सरपंचों ने बताया कि उनको प्रशासन से पूरा सहयोग मिल रहा है और नकल रहित परीक्षा कराने के लिए वह जिला प्रशासन के साथ खड़े हैं।



#### गांवों में लोगों को जागरुक करें

डीसी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पुलिस अपना काम मुस्तैदी से करे और गांवों में फ्लैग मार्च निकालने के साथ लोगों को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों में विद्यार्थियों के अलावा और कोई अन्य व्यक्ति नजर न आए, पुलिस अधिकारी इस बात का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने अधिकारियों को आदेश दिए की वह स्वयं परीक्षा केंद्रों पर जाकर स्थिति का जायजा लें और बोर्ड परीक्षा बिना किसी अड़चन के संपूर्ण होए इसको लेकर सभी जरूरी व्यवस्थाएं होना सुनिश्चित करें। बैठक में एडीसी साहिल गुप्ताए डीसीपी कुलदीप सिंह, डीसीपी उषा, एसडीएम बडखल त्रिलोक चंद, एसडीएम फरीदाबाद शिखा, एसडीएम बल्लभगढ़ मयंक भारद्वाज व अन्य अधिकारियों सहित विभिन्न गांवों के सरपंच मौजूद रहे।

#### डीसी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

डीसी विक्रम सिंह ने पुलिस आयुक्त सत्येंद्र कुमार गुप्ता के साथ विभिन्न स्कूल भवनों में बनाए गए परीक्षा केंद्रों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने स्टाफ स दस्यों से बातचीत कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को आदेश दिए कि परीक्षा केंद्र में विद्यार्थियों के अलावा किसी भी व्यक्ति को प्रवेश की अनुमति न दी जाए। परीक्षा के दौरान पूरी सतर्कता के साथ स्कूल परिसर के चारों ओर पैनी नजर रखें। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को शांतिपूर्वक व नकल रहित परीक्षा संपूर्ण करवाने को लेकर पूरी जिम्मेदारी के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए।

### भागवत कथा दोपहर 3 से 6 बजे तक होगी

## कलश यात्रा के साथ शुरू हुई श्रीमद भागवत कथा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

महिला समिति सदभावना पार्क व आरडब्लूए सेक्टर 9 के तत्वाधान में सोमवार से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन शुरू किया गया।

कथा का शुभारंभ 131 सुहागिन महिलाओं की कलश यात्रा निकालकर किया गया। इस अवसर पर कथा व्यास श्री राम जी महाराज ने श्रीमद भागवत कथा की महत्ता व महिमा के बारे में बताते हुए कहा कि कलयुग में भागवत कथा का आयोजन करने व इसके श्रवण से जीवन सफल होता है और सब कष्ट दूर होते हैं। कलश यात्रा में मधु गुप्ता, रणबीर चौधरी, अशोक शर्मा, निम्मी अग्रवाल, राजबाला सिंघला, सतवीर शर्मा, संजीव शर्मा, रश्मि, योगिता, रीता, शशि, प्रतिमा गर्ग, रमा सरना, राज गर्ग नीतू सहित कई समाजसेवी व धर्म प्रेमियों ने भाग लेकर सहयोग प्रदान किया। कथा संयोजक मधु गुप्ता ने कहा है कि भागवत कथा 9 मार्च तक सेक्टर-9 स्थित सदभावना पार्क में दोपहर 3 से 6 बजे जारी रहेगी। 10 मार्च को हवन व भंडारा होगा।

### सर्वोटेक स्पोर्ट्स एलीट टूर्नामेंट में शतकवीरों का जलवा

## क्रिकेट के मुकाबले में डायनामिक डेयरडेविल्स की रोमांचक जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

सर्वोटेक स्पोर्ट्स एलीट क्रिकेट टूर्नामेंट में इस सप्ताहांत जबरदस्त बल्लेबाजी का नज़ारा देखने को मिला। शनिवार और रविवार को खेले गए इन मुकाबलों में सुप्रीम स्पार्टन्स, माइटी मैवरिक्स और डायनामिक डेयरडेविल्स ने रोमांचक जीत दर्ज की।

गुरुग्राम में चल रहे इस टूर्नामेंट में खेले गए पहले मुकाबले में डायनामिक डेयरडेविल्स ने रॉयल रेंजर्स को 4 विकेट से हराया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए रॉयल रेंजर्स ने 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 227 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया, लेकिन डायनामिक डेयरडेविल्स ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए लक्ष्य को दो गेंद शेष रहते हासिल कर लिया। वहीं दूसरे मुकाबले में सुप्रीम स्पार्टन्स ने रनों का पहाड़ खड़ा करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 296 रन ठोंक डाले। जिसमें जीत के नायक रहे गर्व ढींगरा ने 53 गेंदों में 140 रनों की विस्फोटक पारी खेली। जवाब में विक्ट्री वाइप्स की टीम ने भी शानदार संघर्ष किया।

ओपनर केशव (62 गेंदों में 146 रन) और संदीप मेहरा (47 गेंदों में 123 रन) ने शानदार शतक जमाए, लेकिन उनकी टीम लक्ष्य से कुछ रन दूर रह गई, जिससे सुप्रीम स्पार्टन्स ने यह मुकाबला अपने नाम कर लिया। तीसरे मुकाबले में माइटी मैवरिक्स ने विक्ट्री वाइप्स को 98 रनों से करारी शिकस्त दी।

### एक्सिस बैंक ने किया गुरुग्राम में नई शाखा का शुभारंभ

## बैंक स्थानीय ग्राहकों और व्यवसायों के साथ अपने संबंधों को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध: शाखा प्रबंधक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

देश में निजी क्षेत्र के प्रमुख बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक ने गुरुग्राम, हरियाणा में अपनी नई शाखा का उद्घाटन किया। इस नई शाखा का उद्घाटन एक्सिस बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों समीर गर्ग, क्षेत्रीय शाखा बैंकिंग प्रमुख-नॉर्थ 1, रजनीश चौधरी, क्षेत्रीय प्रमुख-देयता बिक्री - नॉर्थ 1, और अन्य की उपस्थिति में किया गया। शाखा के उद्घाटन के अवसर पर, सुश्री अर्णिका दीक्षित, प्रेसिडेंट हेड- ब्रांच बैंकिंग ने कहा कि इस नई शाखा के उद्घाटन के साथ, एक्सिस बैंक स्थानीय ग्राहकों और व्यवसायों के साथ अपने संबंधों को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम ग्राहकों को स्मार्ट और उनके अनुकूल वित्तीय समाधान प्रदान करेंगे। हमारा उद्देश्य डिजिटल तकनीक और व्यक्तिगत सेवा का सही संतुलन बनाना है, ताकि ग्राहकों को बेहतरीन बैंकिंग अनुभव मिल सके। इस क्षेत्र में विकास की अपार संभावनाएँ हैं, और देश के अग्रणी बैंकों में से एक होने के नाते, हम यहाँ की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए और अधिक निवेश करेंगे। यह शाखा ग्राहकों को आधुनिक तकनीक से लैस बैंकिंग सेवाएँ प्रदान करेगी और उन्हें डिजिटल भुगतान समाधानों को अपनाने के लिए सशक्त बनाएगी। एक्सिस बैंक देशभर में कैशलेस लेन-देन को बढ़ावा देने के लिए बुनियादी ढाँचा उपलब्ध करा रहा है।



### मोरटी व आटोर में चला जीडीए का बुलडोजर

## 18बीघा भूमि में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी की धवस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

जीडीए का बुलडोजर सोमवार को गांव मोरटी व आटोर नगला में चला जहां पर करीब 18 बीघा भूमि पर बसाई जा रही तीन अवैध कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया गया जीडीए का बुलडोजर सोमवार को पहले मोती गांव में पहुंचा और वहां खसरा सं.-600 में अशोक जैन द्वारा लगभग 5000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल पर पूर्व निर्मित मिट्टी की सड़क के दोनों तरफ अवैध प्लाटिंग करके प्लॉटो की बाउंड्रीवाल का कार्य , निवास द्वारा ग्राम अटोर, के खसरा -332ए पर लगभग 8000 वर्ग मी क्षेत्रफल पर पूर्व निर्मित मिट्टी की सड़क के दोनों ओर अवैध प्लाटिंग करने के लिए ईटों की लाईलिंग लगाने का कार्य, विकास त्यागी, मुनिराज त्यागी द्वारा खसरा सं-333, ग्राम अटोर में लगभग 4600 वर्ग मी क्षेत्रफल में अनाधिकृत भू-उपविभाजन करने हेतु सड़क के निर्माण के लिए मिट्टी डालने का कार्य किया जा रहा था।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 व 83 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त 1. **शाहीन पुत्र मोहम्मद चंद** 2. **नसीम पत्नी मोहम्मद चंद** दोनों **निवासी सतसंग वाली गली, राजीव नगर, भल्सवा डेयरी, दिल्ली** ने case **FIR No. 123/12 U/s 354 IPC, थाना भल्सवा डेयरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होनें किया है) और उन पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त 1. **शाहीन** 2. **नसीम** मिल नहीं रहे है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त 1. **शाहीन** 2. **नसीम** फरार हो गये है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे है।)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 123/12 U/s 354 IPC, थाना भल्सवा डेयरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त 1. **शाहीन** 2. **नसीम** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 05.04.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री ऐशवर्या शर्मा
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, महिला कोर्ट
कमरा नं. 106, प्रथम तल
रोहिणी कोर्ट, नई दिल्ली

DP/2702/ON/2025(Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दीपक कुमार पुत्र** अभय सिंह, **निवासी**: A-81, गली नं0–2, सुलेमान नगर, प्रेम नगर-III, किरारी, दिल्ली, ने **FIR No. 510/2019, U/S 392/411/34 IPC, पुलिस स्टेशन पश्चिम विहार पूर्व, बाहरी जिला, नई दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दीपक कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दीपक कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 510/2019, U/S 392/411/34 IPC, पुलिस स्टेशन पश्चिम विहार पूर्व, बाहरी जिला, नई दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **दीपक कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.05.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
डॉ0 अनीज़ा बिश्नोई
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–07
कमरा नं0 289, (पूर्व), तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/2689/OD/2025
(Court Matter)

### मरीज के परिवार ने एक निजी चिकित्सालय की टीम का आभार व्यक्त किया

**डॉक्टरों की एक अनुभवी टीम ने इस जटिल और दुर्लभ सर्जरी को अंजाम दिया**

# ग्रेटर फरीदाबाद के निजी अस्पताल में दुर्लभ किडनी ट्रांसप्लांट, बिना चीरा लगाए निकाली गई किडनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

ग्रेटर फरीदाबाद के सेक्टर 86 स्थित एकॉर्ड अस्पताल में प्रदेश के मेडिकल इतिहास में पहली बार एक दुर्लभ किडनी ट्रांसप्लांट किया गया। इस प्रक्रिया में महिला डोनर के पेट पर कोई चीरा नहीं लगाया गया, उन्नत लैप्रोस्कोपिक तकनीक का उपयोग कर उसके गुप्तांग के माध्यम से किडनी निकाली गई और उसके पति में प्रत्यारोपित की गई।

अस्पताल के नेफ्रोलॉजी डिपार्टमेंट के चेयरमैन डॉ. जितेंद्र कुमार और वरिष्ठ ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ. सौरभ जोशी के नेतृत्व में डॉक्टरों की एक अनुभवी टीम ने इस जटिल और दुर्लभ सर्जरी को अंजाम दिया। डॉक्टरों के अनुसार, यह प्रक्रिया मरीज के लिए ज्यादा सुरक्षित और कम दर्दनाक होती है, क्योंकि इसमें बड़े चीरे लगाने की जरूरत नहीं पड़ती, जिससे रिकवरी भी तेज होती है। ग्रेटर फरीदाबाद निवासी 48 वर्षीय अग्नेश्वर रॉय को कई सालों से किडनी की बीमारी थी। परिवार की सहमति पर उनका किडनी ट्रांसप्लांट का निर्णय लिया गया। उनकी पत्नी अर्पिता किडनी देने के लिए आगे आई।



**मरीज और परिवार की प्रतिक्रिया:** डोनर महिला और उनके पति, जिन्हें किडनी ट्रांसप्लांट किया गया, दोनों स्वस्थ हैं तेजी से रिकवर कर रहे हैं। मरीज के परिवार ने एकॉर्ड अस्पताल और उसकी मेडिकल टीम का आभार व्यक्त किया। उनका कहना है कि यह ट्रांसप्लांट उनके जीवन में एक नया सवेरा लेकर आया है।

**चिकित्सा जगत के लिए मील का पत्थर:** डॉ. जितेंद्र कुमार ने बताया कि यह प्रदेश का पहला ऐसा मामला है, भविष्य में किडनी डोनेशन से जुड़ी झिझक को कम करेगा, खासकर महिलाओं के बीच, क्योंकि इसमें शरीर पर कोई निशान नहीं बनता।

#### ऐसे हुई अनूठी सर्जरी

डॉ.जितेंद्र कुमार ने बताया कि इस तकनीक में महिला डोनर की किडनी को एक विशेष नैचुरल ओरिफिस ट्रांसल्युमिनल एंडोस्कोपिक सर्जरी प्रक्रिया के माध्यम से निकाला गया। यह एक अत्याधुनिक प्रक्रिया है, जिसमें प्राकृतिक छिद्रों (गुप्तांग या अन्य शरीर के छिद्रों) के जरिये अंग निकालने की तकनीक अपनाई जाती है। इस पद्धति से किए गए ऑपरेशन में डोनर को कम से कम दर्द होता है और उनका अस्पताल में ठहरने का समय भी कम हो जाता है।

## खबर संक्षेप

### अब यूपी में भी महिलाओं को पैसे वाली स्कीम



**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने 2027 में 'स्त्री सम्मान-समृद्धि योजना' लाने की घोषणा की है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि इस योजना के जरिए हर बालिका, युवती और नारी को सशक्त बनाया जाएगा। अखिलेश ने महिलाओं और लड़कियों को मोबाइल, प्रतिभावान छात्राओं को लैपटॉप देने की भी बात कही है। अखिलेश यादव ने एक वीडियो भी एक्स पर पोस्ट किया।

### सांसद बर्क के अवैध निर्माण की सुनवाई 5 को



**संभल।** सांसद जियाउर्रहमान बर्क के घर में हुए अवैध निर्माण की 5 व बिजली चोरी में जुर्माने में सुनवाई 7 मार्च को होगी। दोनों मामले की अंतिम सुनवाई मानी जा रही हैं। तीन बार नोटिस के अलावा समय भी बढ़ाया गया है। संभल नियत प्राधिकारी/उपजिलाधिकारी विनियमित क्षेत्र की ओर से सांसद को नोटिस जारी किया गया था। जिसमें कहा गया था कि सांसद के बिना अनुमति निर्माण किया गया है।

### एमओयू के छात्र का चाकू से फाड़ा दिया था फेफड़ा



**अलीगढ़।** एमओयू के छात्र की हत्या में आरोपी को पुलिस ने दबोच लिया है। उसके अन्य साथियों की तलाश तीन टीम लगी हुई हैं। पोस्टमार्टम पता चला है कि बाईं तरफ सीने में चाकू लगने से उसकी जान निकल गई। सीने, कमर के अलावा दो निशान कोहनी पर थे। गोली लगने से सबूत नहीं मिले। मो. कैफ एएमयू के सीनियर सेकंडरी स्कूल में 11वीं कक्षा का छात्र था।

## आकाश आनंद को मायावती ने पार्टी से भी निकाला

**पश्चाताप नहीं किया, उलटे अहंकार दिखाया**

> मायावती ने लिखा कि बीएसपी की ऑल इंडिया की बैठक में कल आकाश आनंद को पार्टी हित से अधिक पार्टी से निष्कासित अपने ससुर अशोक सिद्धार्थ के प्रभाव में लगातार बने रहने के कारण नेशनल कोआर्डिनेटर सहित सभी जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया गया था, जिसका उसे पश्चताप करके अपनी परिपक्वता दिखानी थी

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

बसपा सुप्रीमो मायावती ने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी से ही बाहर कर दिया है। उन्होंने उन्हें नेशनल कॉर्डिनेटर समेत सभी जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया था और कहा था कि अब उनके जीते-जी कोई भी उत्तराधिकारी नहीं होगा। यही नहीं अब उन पर कड़ा ऐक्शन लेते हुए बसपा से निकाल दिया है। मायावती ने एक्स पर लगातार तीन पोस्ट लिखकर आकाश आनंद को खूब सुनाया भी है और कहा कि वह अपने ससुर अशोक सिद्धार्थ के प्रभाव में आकर बहक गए। मायावती ने लिखा कि बीएसपी की ऑल इंडिया की बैठक में कल आकाश आनंद को पार्टी हित से अधिक पार्टी से निष्कासित अपने ससुर अशोक सिद्धार्थ के प्रभाव में लगातार बने रहने के कारण नेशनल कोआर्डिनेटर सहित सभी जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया गया था, जिसका उसे पश्चताप करके अपनी परिपक्वता दिखानी थी।

**मायावती को भतीजे से थी माफी की उम्मीद, नहीं मांगी तो लिया एक्शन**

उनके अलावा रामजी गौतम को भी राष्ट्रीय संयोजक की जिम्मेदारी मिली है। रविवार को ही बसपा की ऑल इंडिया मीटिंग हुई थी, जिसमें आकाश आनंद पर एक्शन वाला फैसला हुआ था। इस पर आकाश आनंद ने जवाब दिया था, लेकिन माफी जैसी कोई बात नहीं की थी। माना जा रहा है कि इसी बात से गुस्साईं मायावती ने अब भतीजे को बसपा से ही निकाल दिया है।



### आकाश की प्रतिक्रिया पछतावे वाला नहीं, गैर-मिशनरी रवैया

मायावती ने लिखा कि लेकिन इसके विपरीत आकाश ने जो अपनी लंबी-चौड़ी प्रतिक्रिया दी है। वह उसके पछतावे व राजनीतिक मैच्योरिटी का नहीं बल्कि उसके ससुर के ही प्रभाव वाला ज्यादातर स्वार्थी, अहंकारी व गैर-मिशनरी रवैया है, जिससे बचने की सलाह मैं पार्टी के ऐसे सभी लोगों को देने के साथ दंडित भी करती रही हूं। मायावती ने लिखा कि परमपूज्य बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के आत्म-सम्मान व स्वाभिमान मूवमेंट के हित में तथा मान्यवर कांशीराम की अनुशासन की परंपरा को निभाते हुए आकाश आनंद को उनके ससुर की तरह पार्टी से निष्कासित किया जाता है। मायावती ने कहा कि आकाश आनंद का निष्कासन पार्टी के हित में है।

**महाकुंभ मेला में भीड़, संगम पानी की शुद्धता पर योगी आदित्यनाथ ने कहा**

## 14 नए फ्लाईओवर, 9 अंडर पास व प्रयागराज विरासत से जुड़े 7 कॉरिडोर का किया निर्माण

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने आईआईएम एवं भारतीय डाक सेवा के अधिकारियों के साथ महाकुंभ के सफल आयोजन द्वारा 'राष्ट्र निर्माण' विषय पर लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि हमने प्रयागराज में 14 नए फ्लाईओवर, 9 अंडर पास और प्रयागराज विरासत से जुड़े 7 कॉरिडोर का निर्माण किया गया।

गंगा हो या फिर यमुना नदी कहीं भी कोई नाला, सीवर लीक न होने पाए, इसके हमने कड़े कदम उठाए। सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के जरिए पानी को शोधित करके ही छोड़ा गया। 125 वर्ष से अकेले कानपुर के सीसामऊ में 4 करोड़ लीटर सीवर प्रति दिन गंगा नदीं में गिरता था। हम लोगों ने तीन वर्ष पहले ही उसको बंद करा दिया था। एक भी बूंद सीवर वहां से गंगा नदी में नहीं गिरा। जाजमऊ में विषैला एफरेंट गंगा में नदी में गिरता था। उसके दुष्प्रभाव के कारण गंगा नदी के सभी जलीय जीव मर गए थे। हम लोगों ने उसको भी कंट्रोल किया और दो साल पहले सीसीटीवी लगाकर निगरानी शुरू की। प्रयागराज में एसटीपी के जरिए सीवर को जोड़ा गया, लेकिन 261 एमएलडी के सीवर ऐसे थे, जो इनसे नहीं जुड़े थे। इन सीवरों को बंद किया गया। इन सबके बावजूद भी लोगों ने फेक रिपोर्टिंग की।

> योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि उनकी सरकार ने प्रयागराज में महाकुंभ में 29 जनवरी को हुई भगदड़ के बाद स्थिति को नियंत्रित करने के लिए त्वरित कार्रवाई की, जिससे पीड़ितों को चिकित्सा सहायता सुनिश्चित हुई और व्यापक स्तर पर अफरा-तफरी फैलने से रोका गया।

**खास बातें**

- आईआईएम व भारतीय डाक सेवा के अधिकारियों को योगी ने संबोधित किया
- योगी ने कहा कि प्रयागराज में 14 नए फ्लाईओवर बनाए गए हैं
- विपरीत परिस्थियों में लोगों को धैर्य बनाए रखना बहुत जरूरी



**कलाकार को रॉ मटेरियल उपलब्ध करवाया**

योगी आदित्यनाथ ने कुंभ में निवेश को लेकर एक उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि एक सज्जन हमारे पास आए और बोले कि हम कुंभ में निवेश करना चाहते हैं। हमने पूछा किस तरह का निवेश है, तो उन्होंने बताया कि महाकुंभ में द्वादश ज्योतिर्लिंग का रेप्लिका बनाना चाहता हूं। हमने रॉ मैटेरियल उपलब्ध कराने के साथ उनको सपोर्ट किया।

### अपने भीतर दृढ़ निर्णय लेने की शक्ति विकसित करनी चाहिए

मुख्यमंत्री ने प्रभावी संकट प्रबंधन के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि कठिन परिस्थितियों में कई लोग घबरा जाते हैं और हार मान लेते हैं, लेकिन हमें धैर्य और नियंत्रण के साथ दृढ़ निर्णय लेने की शक्ति विकसित करनी चाहिए। यही नहीं महाकुंभ में लोगों ने अलग-अलग तरह से आजीविका के लिए माध्यम बनाया। महाकुंभ के आयोजन के बहुत सारे सबक हैं। विपरीत परिस्थियों में धैर्य बनाए रखना जरूरी होता है। योगी ने कहा कि प्रकृति के नियमों को मानना पड़ेगा। नदी का प्रवाह हो या भीड़ का प्रवाह हो, दोनों को मार्ग दे देना चाहिए, नहीं तो भगदड़ का रूप ले लेगा।

**3 लाख 17 हजार करोड़ का पेश किया बजट**

## एससी-एसटी छात्रों व महिलाओं पर सीएम नीतीश सरकार मेहरबान



एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार विधानसभा में सोमवार को बिहार सरकार ने 2025-26 का बजट पेश किया। बिहार के डिप्टी सीएम और वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने नीतीश सरकार का बजट पेश किया। आगामी विधानसभा चुनाव से पहले नीतीश सरकार का यह आखिरी बजट है। सम्राट चौधरी ने तीन लाख सत्तह हजार करोड़ का बजट पेश किया है। राज्य सरकार ने बढ़े हुए बजट का उपयोग राज्य के विकास को आगे बढ़ाने के लिए किया जाएगा। बजट पेश करते हुए सम्राट चौधरी ने कहा कि संस्थागत नीतियों को सहज और सुगम बनाया गया है। राज्य विकास की गति को तेजी देने के लिए रोजगार युक्त निवेश को बढ़ावा दिया गया है'।

वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल राजस्व व्यय 2 लाख 52 हजार करोड़ रुपए अनुमानित है, जो कुल खर्च का 79.52 फीसदी है। बिहार का बजट 3 लाख 17 हजार करोड़ हो चुका है। पिछले वित्तीय वर्ष से इस वित्तीय वर्ष का बजट 38 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा बढ़ा है। इस बार 8 हजार 800 करोड़ से ज्यादा राजस्व प्राप्ति का लक्ष्य रखा गया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 55 हजार 737 रुपए का लोन लिया जाना प्रस्तावित है।

### गरीब बेटियों की शादी में सरकार करेगी मदद

बिहार में गरीब बेटियों की शादी में नीतीश सरकार मदद करेगी। बेहद कम खर्च पर विवाह संबंधी सुविधाएं दी जाएंगी। राज्य की हर पंचायत में कन्या विवाह मंडप बनाया जाएगा। जिसका संचालन भी महिलाएं करेंगी। उपमुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने आधी आबादी के लिए कई बड़ी घोषणाएं की। जिसमें कन्या विवाह मंडप योजना भी शामिल है, जो गरीब परिवारों के लिए काफी हितकर साबित होगी। साथ ही एसी एसटी और पिछड़ा, अति पिछड़ा वर्ग की प्रोत्साहन राशि को दोगुना किया जाएगा।

## पेज एक का शेष

### 2027 तक भारत बनेगा...

आईसीआईसीआई बैंक की नई दिल्ली स्थित तीन शाखाओं का खाता नंबर और एक क्यूआर कोर्ड के बारे में जानकारी दी। जिसकी मदद से वह अपनी वित्तीय मदद पूर्व सैनिकों और उनके परिजनों तक पहुंचा सकते हैं।

### खुली जीप में की...

दशक में बाघों, तेंदुओं और गेंडों की आबादी में भी वृद्धि हुई है, जो दर्शाता है कि हम वन्यजीवों को कितना महत्व देते हैं और जानवरों के लिए स्थायी आवास बनाने के लिए काम कर रहे हैं। इससे पहले की एक्स पोस्ट में पीएम मोदी के कैमरे का कमाल भी दिखा, जिसमें शेर परिवार बड़े शान से आराम फरमाता और शांत बैठा दिखा। पीएम ने पोस्ट में लिखा- 'गिर में शेर और शेरनियां! सुबह मैंने फोटोग्राफी में हाथ आजमाया।' केंद्र सरकार ने एशियाई शेरों के संरक्षण के लिए प्रोजेक्ट लॉयन के तहत 2900 करोड़ रुपए से अधिक की राशि मंजूर की है। ये शेर सिर्फ गुजरात में ही रहते हैं, इन शेरों को एकमात्र निवास स्थान गुजरात है। एशियाई शेर गुजरात के 9 जिलों के 53 तालुकाओं में लगभग 30 हजार वर्ग किलोमीटर में निवास करते हैं।

### अयोध्या में राम...

में बड़ी आतंकी साजिश रचने की योजना बनाई थी, जिसमें अयोध्या स्थित राम मंदिर को निशाना बनाने का प्लान था। इस गिरफ्तारी के बाद अयोध्या समेत देशभर के संवेदनशील धार्मिक स्थलों की सुरक्षा और अधिक कड़ी कर दी गई है। सुरक्षा एजेंसियों ने यह भी साफ किया है कि आतंकियों के मंसूबों को किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने दिया जाएगा और इस पूरे नेटवर्क का जल्द ही भंडाफोड़ किया जाएगा।

**राम मंदिर की रेकी और हमले की साजिश :** जांच में यह भी सामने आया है कि अब्दुल रहमान पहले भी कई बार अयोध्या के राम मंदिर की रेकी कर चुका था और उसने वहां की सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी आईएसआई को साझा की थी। जांच के अनुसार फैजाबाद से ट्रेन पकड़कर अब्दुल रहमान पहले फरीदाबाद पहुंचा था, जहां उसे एक हैंडलर ने हैंड ग्रेनेड दिए। योजना थी कि वह वापस ट्रेन से अयोध्या पहुंचे और वहां हमला करे। लेकिन इससे पहले ही सुरक्षा एजेंसियों को इनपुट मिल गया। अब्दुल रहमान से फिलहाल हरियाणा पुलिस और केंद्रीय एजेंसियां गहन पूछताछ कर रही हैं। उसके मोबाइल और अन्य बरामद सामग्रियों की जांच की जा रही है ताकि उसके बाकी नेटवर्क का पता लगाया जा सके। सुरक्षा एजेंसियां अब यह भी खंगाल रही हैं कि इस साजिश में और कौन-कौन लोग शामिल थे और क्या कोई स्थानीय मददगार भी इसमें शामिल था।

### मायावती ने अपने भतीजे...

कल आकाश आनन्द को पार्टी हित से अधिक पार्टी से निष्कासित अपने ससुर अशोक सिद्धार्थ के प्रभाव में लगातार बने रहने के कारण नेशनल कोआर्डिनेटर सहित सभी जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया गया था, जिसका उसे पश्चताप करके अपनी परिपक्वता दिखानी थी। लेकिन इसके विपरीत आकाश ने जो अपनी लम्बी-चौड़ी प्रतिक्रिया दी है वह उसके पछतावे व राजनीतिक मैच्युरिटी का नहीं बल्कि उसके ससुर के ही प्रभाव वाला ज्यादातर स्वार्थी, अहंकारी व गैर-मिशनरी है, जिससे बचने की सलाह मैं पार्टी के ऐसे सभी लोगों को देने के साथ दण्डित भी करती रही हूँ। इसके बाद उन्होंने कहा कि अतः परमपूज्य बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के आत्म-सम्मान व स्वाभिमान मूवमेन्ट के हित में तथा मान्यवर कांशीराम की अनुशासन की परम्परा को निभाते हुए आकाश आनन्द को, उनके ससुर की तरह, पार्टी व मूवमेन्ट के हित, में पार्टी से निष्कासित किया जाता है। बसपा के सभी पार्टी पदों से हटाए जाने के बाद आकाश आनंद ने सोमवार को कहा कि वह निडर बने हुए हैं और उन्हें बहुजन आंदोलन के आदर्शों से ताकत मिली है। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष कोई करियर नहीं बल्कि हाशिए पर रहने वाले समुदायों के आत्मसम्मान और आत्मसम्मान की लड़ाई है। एक्स पर एक सोशल मीडिया पोस्ट में आनंद ने कहा, विपक्षी पार्टी के कुछ लोग सोच रहे हैं कि पार्टी के इस फैसले से मेरा राजनीतिक करियर खत्म हो गया है। उन्हें समझना चाहिए कि बहुजन आंदोलन कोई करियर नहीं बल्कि करोड़ों दलितों, शोषितों, वंचितों और गरीबों के स्वाभिमान और आत्मसम्मान की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि, वह बहुजन आंदोलन के एक सच्चे कार्यकर्ता के रूप में खुद को पूरी तरह से पार्टी के प्रति समर्पित करते रहेंगे और समाज के अधिकारों के लिए लड़ते रहेंगे। उन्होंने फैसले को भावनात्मक भी बताया और कहा कि 'परीक्षा कठिन है।' ज्ञात हो कि बता दें कि 2 मार्च (रविवार) को लखनऊ में हुई बसपा की राष्ट्रीय स्तर की बैठक के बाद मायावती ने बयान जारी कर कहा था कि पार्टी हित में आकाश आनंद को इसकी सभी जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया गया है। इस बयान में कहा गया था कि इस कार्रवाई के लिए पार्टी नहीं, बल्कि पूर्ण रूप से उनके ससुर अशोक सिद्धार्थ जिम्मेदार हैं। वहीं बसपा से सभी जिम्मेदारियों से मुक्त होने पर आकाश आनंद ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि मैं परमपूज्य आदरणीय बहन कु. मायावती का कैडर हूं, और उनके नेतृत्व में मैंने त्याग, निष्ठा और समर्पण के कभी ना भूलने वाले सबक सीखे हैं, ये सब मेरे लिए केवल एक विचार नहीं, बल्कि जीवन का उद्देश्य हैं। आदरणीय बहन जी का हर फैसला मेरे लिए पत्थर की लकीर के समान है, मैं उनके हर फैसले का सम्मान करता हूं उस फैसले के साथ खड़ा हूं। आदरणीय बहन कु. मायावती द्वारा मुझे पार्टी के सभी पदों से मुक्त करने का निर्णय मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से भावनात्मक है, लेकिन साथ ही अब एक बड़ी चुनौती भी है, परीक्षा कठिन है और लड़ाई लंबी है।

### पहले कहता था ...

मुद्दे पर 5 मार्च को सभी पार्टियों की बैठक बुलाई है। सीएम ने सभी राजनीतिक दलों से आपसी मतभेद भुलाकर बैठक में शामिल होने की अपील की और कहा कि परिसीमन का मुद्दा तमिलनाडु के लिए बेहद अहम है। सीएम ने कहा कि तमिलनाडु दो अहम चुनौतियों से जूझ रहा है। इनमें से एक है भाषा की लड़ाई, जो हमारी जीवनरेखा है। वहीं दूसरी लड़ाई है परिसीमन की, जो हमारा अधिकार है। गौरतलब है कि साल 2026 से परिसीमन की प्रक्रिया शुरू होगी। अगर परिसीमन जनसंख्या के आधार पर हुआ तो इससे दक्षिण के राज्यों में लोकसभा सीटें घट सकती हैं और उत्तरी राज्यों में सीटें बढ़ सकती हैं। इसका दक्षिण के राज्य विरोध कर रहे हैं।

### अनोरा एक सेक्स...

अक्टूबर में सिनेमाघरों में दस्तक दी थी। इस फिल्म ने दुनियाभर में घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 15 मिलियन डॉलर कमाया था, जबकि वर्ल्डवाइड कलेक्शन 40 मिलियन डॉलर था। सीन पहले ऐसे डायरेक्टर बने हैं जिन्होंने एक ही फिल्म के लिए उसी साल में 4 ऑस्कर जीते हैं। उन्होंने बेस्ट पिक्चर, डायरेक्टर, ऑरिजनल स्क्रीनप्ले, एडिटिंग का अवॉर्ड जीता। फिल्म 'अनोरा' की कहानी एक सेक्स वर्कर आनी के इर्द-गिर्द घूमती है, जो ब्रुकलिन में रहती है। उसे अपनी जिंदगी में काफी स्ट्रगल करना पड़ रहा है। एक दिन आनी की मुलाकात अमीर रूसी लड़के से होती है। इस दौरान दोनों में दोस्ती होती है और फिर वह दोस्ती प्यार में बदल जाती है। आनी उस रूसी लड़के से शादी कर लेती है। जब लड़के की फैमिली को पता चलता है कि उनके बेटे ने सेक्स वर्कर से शादी की है, तो वह शादी रद्द कराने के लिए उतावले हो जाते हैं।

**विधायक सरयू राय जाएंगे कोर्ट**

## चारा घोटाले की तरह होगी कैग रिपोर्ट की भी जांच

एजेंसी ▶▶ रांची



जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने कहा कि सीएजी की अंकेक्षण रिपोर्ट में झारखंड सरकार के स्वास्थ्य विभाग में भ्रष्टाचार एवं घपले-घोटालों के पर्दाफाश का स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी द्वारा बचाव करना दुर्भाग्यपूर्ण है। बयान में राय ने कहा कि प्रदेश में पांच वर्ष में स्वास्थ्य विभाग में हुए घोटाले का मामला अदालत जाएगा और चारा घोटाले की तरह ही इसमें सीबीआई जांच की मांग की जाएगी। दवाओं की खरीद में अनियमितता, कम शक्ति वाली दवाओं की खरीद व केंद्र सरकार से कोविड काल में मिले धन को मात्र 32% ही खर्च करना और बंदरबांट करना जनस्वास्थ्य के प्रति अपराध है।

पूर्व मंत्री ने कहा कि सीएजी ने जिन बिंदुओं पर अंकेक्षण प्रतिवेदन में संकेत किया है, वे बिंदु आपराधिक षड्यंत्र का हिस्सा हैं। आरोप लगाया कि तत्कालीन मंत्री व सचिव और जिलों में पदस्थापित सिविल सर्जन इनमें शामिल हैं। सरकारी अस्पतालों में 65 से 95 % तक जरूरी दवाएं हैं ही नहीं। कोविड फंड के रूप में केंद्र ने 483.5 करोड़ जारी किए। राज्य को 272.88 करोड़ जोड़ने थे, पर 756.42 करोड़ में से सिर्फ 137 करोड़ ही खर्च हो सके। नतीजतन आरटीपीसीआर लैब, ऑक्सीजन प्लांट व अस्पतालों की बुनियादी सुविधाएं अधूरी रह गईं।

**पटना में जुटेंगे 15000 कार्यकर्ता और दिग्गज**

## बिहार भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल की ताजपोशी आज

एजेंसी ▶▶ पटना



बिहार भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल की ताजपोशी की तारीख तय हो गई है। 4 मार्च को विधिवत तरीके से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का पद संभालेंगे। बापू सभागार में होने वाली प्रदेश परिषद की बैठक में पार्टी के वरीय नेताओं की मौजूदगी में प्रदेश अध्यक्ष के रूप में दिलीप जायसवाल को पदभार ग्रहण कराया जाएगा। बैठक में पार्टी के प्रदेश, जिला से लेकर मंडल स्तर के 15 हजार से अधिक कार्यकर्ता शामिल होंगे। इसमें मंडल, प्रखंड और जिलास्तरीय कमेटी के अध्यक्ष सहित सभी सदस्य शामिल होंगे।

पार्टी नेताओं से मिली जानकारी के अनुसार चार मार्च को प्रदेश परिषद को बापू सभागार में होने वाली बैठक में प्रदेश भाजपा परिषद के प्रभारी बनाए गए केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर शामिल होंगे। बिहार भाजपा प्रभारी विनोद तावड़े और सह प्रभारी दीपक प्रकाश भी शामिल होंगे। बता दें नीतीश कैबिनेट विस्तार के बाद दिलीप जायसवाल ने राजस्व और भूमि सुधार मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। जिसके बाद अब वो सिर्फ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हैं। इससे पहले वो भाजपा के संगठन और नीतीश कैबिनेट में मंत्री भी थे।

**वित्त मंत्री राधा कृष्ण ने विधानसभा में बजट किया पेश**

## झारखंड में दो नई यूनिवर्सिटी, पांच लॉ कॉलेज व 6 मेडिकल कॉलेज की घोषणा

एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड सरकार के बजट में शिक्षा पर काफी जोर दिया गया है। राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने विधानसभा में बजट पेश करते हुए दो विश्वविद्यालय, पांच लॉ कॉलेज और छह मेडिकल कॉलेज खोलने की घोषणा की। राज्य में व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने राज्य में एक कौशल और एक फिन-टेक विश्वविद्यालय स्थापित करने के अलावा जमशेदपुर, पलामू, रांची, धनबाद, हजारीबाग और देवघर में बिजनेस और मास कम्यूनिकेशन स्कूल स्थापित करने का प्रस्ताव दिया है।

वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार ने कानूनी अध्ययन को प्रोत्साहित करने के लिए हजारीबाग, रांची, धनबाद, दुमका और पलामू में लॉ कॉलेज स्थापित करने का भी प्रस्ताव रखा है। उन्होंने कहा कि सरकार राज्य के लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि रांची में एक नया मेडिकल कॉलेज और अस्पताल स्थापित करने के लिए प्रशासनिक मंजूरी पहले ही दी जा चुकी है। इसके अलावा बजट में सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) आधार पर खूंटी, गिरिडीह, जमशेदपुर, धनबाद, देवघर और जामताड़ा में मेडिकल कॉलेज स्थापित करने का भी प्रस्ताव किया गया है।

**शिक्षा विभाग के लिए 15,198.35 करोड़ रुपए आवंटित**



सरकार ने प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग के लिए 15,198.35 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं, जबकि उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग के लिए 2,409.20 करोड़ रुपए निर्धारित किए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग के लिए 7,470.50 करोड़ रुपए का बजट अनुमान घोषित किया गया है।

### एमएसएमई सेल स्थापित करने का प्रस्ताव

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने राज्य में एमएसएमई निदेशालय या एमएसएमई सेल स्थापित करने का प्रस्ताव रखा है। सरकार ने राज्य में 59 नए डे बोर्डिंग खेल प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने का भी प्रस्ताव रखा है।

हरिभूमि सहेली
नई दिल्ली, मंगलवार
4 मार्च 2025
अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस विशेष



# हर दिन लिखतीं नई कहानी

एक दौर था, जब आधी आबादी की स्थिति बहुत दयनीय थी, वह तमाम संकटों-यातनाओं से घिरी थी, दूसरों पर पूरी तरह निर्भर थी, उसका कोई अस्तित्व नहीं था। लेकिन समय के बदलाव के साथ स्त्रियों की स्थिति बदली, वे आत्मनिर्भर बनीं। उन्होंने नई इबारत लिखनी शुरू की। आज की स्त्रियां विकासोन्मुखी हैं, उनकी अपनी एक अस्मिता है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च) पर अतीत से लेकर अब तक आधी आबादी के बदलते परिदृश्य पर एक विहंगम दृष्टि।

आवरण कथा

क्षमा शर्मा, साहित्यकार



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस, 8 मार्च का दिन इस लेखिका को पचास साल पहले ले जाता है, जब गांव में घर की फर्श पर लेटी थी कि रेडियो पर खबर आई कि संयुक्त राष्ट्र ने यह साल यानी कि 1975 को अंतरराष्ट्रीय महिला वर्ष घोषित किया है। उन दिनों इतनी समझ नहीं थी, लेकिन बाद में समझ में आया कि जब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किसी दिवस को मनाने की घोषणा की जाती है तो इसका मतलब होता है, जिसके बारे में यह घोषणा की गई है, उसके बारे में सोचना, जागरूक होना। दुनिया भर में सरकारों से उनके समर्थन में नीतियां बनवाना। उन्हें लागू कराना।

**आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ी महिलाएं:** एक जनगणना में यह भी बात सामने आई कि अब गांवों में भी महिला शिक्षा और उनकी आत्मनिर्भरता पर जोर है। महिलाओं की आत्मनिर्भरता ने उन्हें बताया कि अब वे पैसे-पैसे के लिए किसी और की मोहताज नहीं हैं। वे पैसे कमा सकती हैं, जैसा चाहे वैसा जीवन जी सकती हैं। वर्ना तो हमारी दादी-नानियों में बहुतों का कहना था कि उन्होंने कभी अपने हाथ में सौ रुपए भी नहीं देखे हैं। उस पीढ़ी की स्त्रियों का जीवन घर से घर तक खत्म हो जाता था। वे बाहर की दुनिया के बारे में जानती तक नहीं थीं। उन्होंने शायद ही कभी बाजार के दर्शन किए थे या अपने लिए कभी कुछ खरीदा था। वे खाना, कपड़े, इलाज सभी के लिए घर के पुरुषों पर ही निर्भर थीं।



**यातनाओं से घिरी स्त्रियों का वो दौर:** एक जमाना था जब स्त्रियां तमाम तरह की मुसीबतें-यातनाएं सहती थीं। विधवा हो जाएं तो घर से निकाल दी जाती थीं। बच्चे न हों, तो बांझ कह कर दूसरा ब्याह पुरुष कर लेते थे। घरेलू हिंसा आम बात थी। दहेज के तो कहने ही क्या। स्त्री दहेज कम लाई इसके ताने उसे जीवन भर सुनने पड़ते थे। स्टोव अकसर उसके ऊपर ही फटते थे। लड़की के मायके वालों की हैसियत हो, न हो, बच्चे के जन्म से लेकर हर त्योहार, उसके परिवार वालों से तरह-तरह के सामान की मांग की जाती थी। वह एक ऐसी सेविका होती थी, जो मुंह सिलकर बस सेवा करने के लिए बनी थी। मुंह से उफ निकली नहीं कि तरह-तरह की हिंसा की शिकार हुई नहीं। स्त्री की मृत्यु का कोई मतलब नहीं था। पुरुष विधुर होते ही दूसरी शादी कर लेता था, लेकिन स्त्री को विधवा होने का अभिशाप झेलना पड़ता था। हमारी आजादी के नायकों और पुनर्जागरण के नायकों ने इस बात को समझा था, इसीलिए विधवा विवाह का आंदोलन देश भर में चलाया गया था। बेमेल विवाह और बाल विवाह के विरोध में भी आंदोलन चले थे। हम वह समय भी याद करें, जब शादी को स्त्री का सबसे बड़ा धर्म माना जाता था। बचपन से ही उसके सामने कहा जाता था लड़कियां तो पराए घर की होती हैं। अपने माता-पिता का घर तो जैसे उसका अपना होता नहीं था और जिस घर में जाती थीं, वहां उन्हें हमेशा अहसास कराया जाता कि वह बाहर से आई हैं। यानी कि वह इस धरती पर बोझ की तरह थीं। इसका बड़ा कारण यह था कि उनके परिश्रम की अनदेखी की जाती थी। घर में रह कर चाहे चौबीस घंटे काम करें, लेकिन उससे कोई पैसा तो कमाती नहीं थीं, इसीलिए इस श्रम का कोई मूल्य भी नहीं था। उन्हें हर एक के अहसान के तले जिंदा रहना पड़ता था।

**आजादी के बाद महिलाओं को मिले अधिकार:** हमारे लोकतंत्र, आजादी की लड़ाई ने ही स्त्रियों की भूमिका को रेखांकित किया था। वोट के लिए उन्हें कोई संघर्ष भी नहीं करना पड़ा, जबकि अमेरिका जैसे देश में वोट का अधिकार पाने के लिए औरतों को सत्तर साल तक लड़ाई लड़नी पड़ी थी। इसके अलावा मीडिया की आलोचना भी खूब सहनी पड़ी थी, जबकि भारत में आमतौर पर मीडिया का साथ महिलाओं को मिला। उनकी समस्याओं को खूब उठाया गया। आज तक उठाया जाता है। महिलाओं के पक्ष में बहुत से कानून बने। यदा-कदा उनका दुरुपयोग भी होता है, लेकिन कुल मिलाकर ये कानून स्त्रियों को उनकी आफतों से मुक्ति दिलाने के लिए ही बनाए गए थे। घरेलू हिंसा, दहेज विरोधी अधिनियम, दुष्कर्म के खिलाफ कानून, स्त्रियों को संपत्ति में अधिकार, लिंग परीक्षण के खिलाफ ऐसे ही कानून हैं, जिनकी मूल प्रतिज्ञा स्त्रियों की रक्षा करना ही है।

**आज की स्त्रियां:** आज इक्कीसवीं सदी अपने पचीसवें वर्ष में जब प्रवेश कर चुकी है, तो हम देखते हैं कि इस दौर में स्त्रियों की दुनिया बदल गई है। अब वे दबी-कुचली इमेज को स्वीकार नहीं कर सकतीं। वे दबी-कुचली हैं भी नहीं। जिस तरफ देखें, सफलता के परचम लहराती नजर आती हैं। कहा जाता था कि राजनीति में स्त्रियों की कोई जगह नहीं है, लेकिन आजकल वे अपनी वोट और शिक्षा की ताकत से सरकारें बना रही हैं। पुरुषों से अधिक संख्या में वोट दे रही हैं। यही नहीं वे किसे वोट देंगी, इसका चुनाव खुद कर रही हैं न कि अपने घर के पुरुषों की इच्छानुकूल व्यक्ति को वोट दे रही हैं।

**आजादी से रहना चाहती हैं लड़कियां:** बदले हुए दौर में अब लड़कियों के लिए शादी उनकी प्राथमिकता नहीं रही। अपने देश में तो लड़की अठारह साल की हुई नहीं कि उसे ब्याहने का रिवाज था। लेकिन इन दिनों पढ़ी-लिखी लड़कियां या तो शादी ही नहीं करना चाहतीं या कहती हैं कि जब उन्हें लगेगा तब शादी करेंगी। अथवा जब कोई पसंद आएगा तब सोचेंगी। आजकल लड़कियां बड़ी संख्या में देश-विदेश घूम रही हैं। अपनी नजरों से दुनिया देख रही हैं। आनंद उठा रही हैं।

**मिली है स्वायत्तता-स्वतंत्रता:** आज की स्त्री इतिहास के एक ऐसे मोड़ पर है, जहां वह अपनी स्वायत्तता और स्वतंत्रता को प्राप्त कर रही है। पहले आजाद ख्याल स्त्री को बिगड़ैल कहा जाता था, लेकिन अब स्त्रियां अपनी आजादी को सबसे महत्वपूर्ण मानती हैं। वे हर क्षेत्र में दिखाई दे रही हैं। राजनीति और मीडिया में छाई हुई हैं। वे उन क्षेत्रों में कदम-ताल कर रही हैं, जहां पहले कभी नहीं देखी गईं। सरकारें उनकी ताकत को पहचान रही हैं। हर दल के मेनिफेस्टो में उन्हें जगह मिल रही है। अब सरकार भी घरों की रजिस्ट्री स्त्रियों के नाम कर रही है, जिससे कि कभी उन्हें घर से न निकाला जा सके। सचमुच यह एक नई स्त्री है। इसे पुराने विचार और चश्मे से नहीं देखा जा सकता।



### बदल गया परिदृश्य

संयुक्त राष्ट्र द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला वर्ष मनाए जाने की घोषणा के बाद अपने देश में भी परिदृश्य बदलने लगा। बहुत से महिला संगठन बने। हर साल इस दिवस पर बड़े-बड़े जुलूस निकाले जाते। स्त्रियों के प्रति जो भी अन्याय या अत्याचार हो रहा है, उनकी परेशानियां क्या हैं? इस पर बात होने लगी। लेख छपने लगे। सरकारी नीतियों में उन्हें प्राथमिकता मिलने लगी। वे अधिक से अधिक शिक्षित हों, आत्मनिर्भर हों इसकी योजनाएं बनने लगीं। क्रियान्वयन भी होने लगा। सरकारी जॉब्स हों या प्राइवेट, जहां एक्का-दुक्का महिलाएं नजर आती थीं, देखते-देखते महिलाओं की संख्या बढ़ती गई। कहने का यह मतलब है कि महिलाओं को पढ़ना-लिखना चाहिए, उन्हें आत्मनिर्भर बनना चाहिए, इसे जैसे हमारे समाज ने स्वीकार कर लिया था।

## सशक्तिकरण के लिए चाहिए पुरुषवादी सोच से मुक्ति

यह कतई जरूरी नहीं कि समाज में बराबरी का दर्जा पाने, सशक्त बनने के लिए महिलाएं, पुरुषों का हमेशा विरोध करें। वास्तव में सशक्तिकरण के लिए पुरुषवादी सोच से मुक्ति पाना जरूरी है। इसके लिए वे कैसे और किस स्तर पर प्रयास कर सकती हैं, यह सभी महिलाओं के लिए जानना जरूरी है।

बदलाव

चेतना झा



लगभग हर वर्ष 8 मार्च यानी महिला दिवस पर एक सवाल इसके औचित्य पर उठता है। साथ ही पूछा जाने लगता है कि महिलाएं मुक्ति आखिर किनसे चाहतीं हैं? अपने पिता, पति, भाई या बेटे से या दुनिया के तमाम पुरुषों से? इस मामले को गंभीरता से समझे जाने की जरूरत है। वास्तव में महिलाओं की लड़ाई पीढ़ी-दर-पीढ़ी स्थापित कर दी गई, उस पुरुषवादी मनोवृत्ति से है, जो महिलाओं को खुद से कमतर समझते हैं।

**बच्चों का हित सबसे अहम:** हम जानते हैं कि लाख विरोध, लाख संघर्ष के बावजूद स्त्री और पुरुष के बीच का मतभेद या संघर्ष दो देश, दो नस्ल, दो जाति, दो दल या दो वर्ग की लड़ाई नहीं है। स्त्री-पुरुष में जो भी हारता या पिछड़ता है, लेकिन इससे प्रभावित दोनों की जिंदगियां होती हैं। परिवार और बच्चे पर भी इसका असर पड़ता है। शायद यही कारण है कि तमाम कानून से वाकिफ रहने के बावजूद महिलाएं कई बार चुप्पी अपना लेती हैं। पर इस चुप्पी को सही नहीं ठहराया जा सकता है। आवाज उठानी ही चाहिए।



**अन्याय का विरोध जरूरी:** अगर आप, आपके परिवार, पड़ोस या गांव में कोई महिला पीड़ित है तो इसका मतलब है कि और भी कई महिलाएं इस दर्द से गुजर रही हैं। अकसर हम घर परिवार की इज्जत, समाज क्या कहेगा आदि के नाम पर उफ तक नहीं करते। महिला सशक्तिकरण के लिए काम कर रही महिलाओं ने इस सूत्र की पहचान कर अपने अनुभवों का निचोड़ देते हुए कहा है कि पर्सनल इज पॉलिटिकल। एक के प्रतिरोध में दूसरी कई महिलाओं की तकलीफों का इलाज छिपा है। इसलिए अन्याय किसी महिला के साथ हो, विरोध जरूरी है।

**हम पुरुष नहीं बनना चाहते:** महिला दिवस पर एक बार फिर हम महिलाएं कहना चाहती हैं कि हम महिला दिवस मनाते हैं, फेमिनिस्ट हैं, इसका मतलब यह बिल्कुल नहीं कि हम पुरुष बनना चाहते हैं यानी उनकी सोच अपनाना चाहते हैं। सच यही है कि हमें अपनी प्राकृतिक संरचना पर गर्व है। जो हमारी शारीरिक-मानसिक संरचना है, हमें बेहद प्रिय है। हमें मातृत्व से मुक्ति नहीं चाहिए, मुक्ति चाहिए पुरुषों की उस सोच से, जो हमें जन्म देने वाली मशीन समझता है। मुक्ति चाहिए उस अमानवीय सोच से, जो स्त्रियों के शरीर को बस भोग्य समझता है।

**मुक्ति पूर्वाग्रह से:** 'त्रिया चरित्रं .. देवो न जानाति' ऐसे जाने कितने पूर्वाग्रह पुरुषों ने पीढ़ियों से अपने मन में बसा रखे हैं। हमें उनके ऐसे पूर्वाग्रहों से मुक्ति चाहिए। जी हां, हम जानते हैं कि दोषी पुरुष नहीं, बल्कि पितृसत्तात्मक व्यवस्था है, जो जन्म से मृत्यु तक पुरुषों को एक ही पाठ पढ़ाती है कि महिलाएं उनसे कमतर हैं। उनके भोग के लिए हैं। घर संभालना और बच्चे जन्म देना ही उनका काम है। नन्हा-सा बच्चा रोने लगता है तो पुरुष सदस्य झट से कहते हैं, ये क्या लड़कियों की तरह रोने लगे? दरअसल, दोषी वही बातें हैं, जो जाने-अनजाने बच्चों के मन में यह बात पैठ करा देती हैं कि लड़कियां कमतर हैं।

**संकीर्ण सोच से मुक्ति:** आज जरूरत इस बात की है कि हम काम या प्रवृत्ति को औरताना और मर्दाना खाने में बांटना बंद कर दें। हम महिलाएं शर्माती हैं, अधिक महत्वाकांक्षा नहीं पालतीं, चूहों-काक्रोच से डरती हैं, तो ऐसे में दरकार हमारे खुद के इन गुणों, संकीर्ण सोच से मुक्ति की है। साथ ही जरूरत अपने बच्चों को ऐसे संस्कार देने की भी है कि वे उसे ही हीन न समझने लगें, जो कोख में रख कर उन्हें जीवन देती है।

## सशक्तिकरण की ओर स्वयं बढ़ाएं कदम

आत्मप्रेरणा

सरस्वती रमेश

महिला दिवस के आस-पास महिला सशक्तिकरण की चर्चा हर तरफ से सुनाई देने लगती है। हालांकि सरकार से लेकर अनेक गैर सरकारी संस्थाएं और संगठन, महिला सशक्तिकरण की दिशा में कार्य भी कर रही हैं। लेकिन हमें ध्यान रखना चाहिए कि कोई भी सामाजिक परिवर्तन केवल संस्थागत प्रयासों से सफल नहीं हो सकता। इसके लिए जमीनी स्तर पर कार्य होना आवश्यक है। कहने का तात्पर्य यह है कि अगर हर महिला को सशक्त बनाना है तो सभी महिलाओं को इसके लिए जागरूक करना पड़ेगा, ताकि महिलाएं स्वयं सशक्त बनने की दिशा में आगे बढ़ें।

**अर्जित करें शिक्षा:** शिक्षा को सशक्तिकरण की चाबी कहा जाए तो गलत नहीं होगा। महिलाओं के लिए यह बात बहुत ज्यादा मायने रखती है। अगर बेटियों की पढ़ाई-लिखाई ठीक से कराई जाए तो वे न सिर्फ समझदार और जागरूक बनती हैं बल्कि अपने पैरों पर खड़ी होकर आर्थिक स्वावलंबन भी अर्जित करती हैं। शिक्षित महिलाएं समाज की रूढ़ियों को तोड़ अपने लिए नया रास्ता बनाती हैं। आने वाली पीढ़ियों को राह दिखाती हैं और खुद सशक्त होकर समाज, परिवार और देश को भी मजबूत बनाती हैं।



**घर के फैसलों में भागीदारी:** अकसर यह देखा जाता है कि घर के सारे अहम फैसले पुरुष सदस्य ही लेते हैं। फिर चाहे वह प्रॉपर्टी से जुड़ा कोई मामला हो या बच्चों की पढ़ाई-लिखाई, शादी-ब्याह आदि से जुड़ा मुद्दा। कई बार महिलाओं से उनकी राय भी नहीं पूछी जाती है। लेकिन अधिकतर मामलों में महिलाएं इसे जरूरी भी नहीं मानती हैं, उन्हें लगता है कि इन मामलों में वे सही निर्णय नहीं ले पाएंगी। ऐसी सोच से उनमें आत्मविश्वास घटता है और निर्णय लेने की क्षमता भी उनमें कमजोर होने लगती है। घर-परिवार से जुड़े हर छोटे-बड़े मामले में महिलाओं को आगे बढ़कर अपनी राय देनी चाहिए और जरूरत के अनुसार फैसले भी लेने चाहिए।

**अपने अधिकार जानें:** छोटे शहरों और गांवों में रहने वाली अधिकांश महिलाओं के अशक्त होने की एक बड़ी वजह है कि उन्हें अपने अधिकारों और अपने पक्ष में बने कानूनों की जानकारी ही नहीं है। पढ़ी-लिखी महिलाओं को न केवल अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना चाहिए, अपने आस-पड़ोस अशिक्षित महिलाओं को भी उनके अधिकारों की जानकारी देनी चाहिए।

**भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाएं:** घर हो या दफ्तर, सार्वजनिक स्थानों पर भी महिलाओं के साथ भेदभाव होना आम बात है। इसलिए यह जरूरी है कि महिलाओं के साथ हो रहे हर तरह के भेदभाव के विरोध में अपनी आवाज उठाई जाए। महिला-पुरुष में कोई भी भेदभाव हो, तो उसका पुरजोर विरोध करें।

## समानता संग पोषित हो स्नेह-सम्मान

स्त्री सशक्तिकरण की राह में सबसे बड़ी बाधा है लिंग भेद। यह भेद जब घर में ही हो, अपनों के बीच हो तो बहुत पीड़ादायक स्थिति हो जाती है। इसे देखते हुए उन्हें वो आजादी, प्रेम, मान-सम्मान परिवार की तरफ से स्वत: मिलना चाहिए, जो उनकी अस्मिता के लिए, उनके सम्मान के लिए जरूरी है।

जरूरी समझ

डॉ. मोनिका शर्मा



स्त्रियां घर-परिवार को स्नेह से सींचती हैं। सुख-दुःख में साथ खड़ी होती हैं। खुशी हो या पीड़ा, बिन कहे अपनों का मन समझ लेती हैं। घरेलू उलझनों को सहजता से सुलझाती हैं। सामाजिक सरोकारों से गंभीरता से जुड़ती हैं। बच्चों का भविष्य हो या बड़ों की देखभाल, उनके ही हिस्से होती हैं। अपनी उलझनों को भूलकर पर्व-त्योहारों को जीवंत उल्लास से भर देती हैं स्त्रियां। अनगिनत फ्रंट्स पर जूझने के बावजूद भेदभाव का दर्द आज भी महिलाओं के हिस्से है। यही कारण है, स्त्रियों की जिंदगी को बेहतर बनाने के लिए जेंडर इक्वेलिटी सबसे जरूरी है। दुनिया के हर कोने में समानता का भाव ही सशक्तिकरण की बुनियाद है।

**कोशिशें हों कारगर:** इस साल इंटरनेशनल वूमेंस-डे की थीम 'सभी महिलाओं और लड़कियों के लिए अधिकार, समानता और सशक्तिकरण' है। वर्ष 1975 से यूनाइटेड नेशंस हर साल एक खास थीम के साथ महिला दिवस मनाता है। ऐसा विषय, जो हर उम्र की महिलाओं की बेहतरी से जुड़ा हो। बेटियों और महिलाओं की इक्वेलिटी और एंपॉवरमेंट को संबोधित करता हो। वूमेंस-डे 2025 का विषय असल में हर तरह के पॉजिटिव बदलाव और प्रोग्रेस की बुनियाद है। बराबरी का हक मिले बिना महिलाएं सशक्त नहीं बन सकतीं। यही वजह है कि इस वर्ष की थीम समान अधिकार, एंपॉवरमेंट और आगे बढ़ने के लिए समान अवसर मिलने की वकालत करती है। यह विषय दुनिया की हर स्त्री को सुरक्षित भविष्य देने के त्वरित एक्शन का भी आह्वान करता है। असल में इक्वेलिटी और वूमेन एंपॉवरमेंट को लेकर लंबे समय से प्रयास किए जा रहे हैं। बहुत से सकारात्मक परिवर्तन हुए भी हैं। अब ग्लोबल लेवल पर बेहतरी की इन कोशिशों को और गति देने की दरकार है। इसी के चलते इस वर्ष 'कार्रवाई में तेजी लाना' के विचार पर भी बल दिया जा रहा है। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के मुताबिक प्रोग्रेस की मौजूदा दर पर पूरी तरह से जेंडर इक्वेलिटी पाने में 2158 तक का समय लगेगा। महिला अधिकारों से जुड़ा यह इंटरनेशनल मूवमेंट समझाता है कि इस रफ्तार से लैंगिक समानता तक पहुंचने में 134 साल लगेंगे। इसमें तेजी न लाई गई तो कई जेनरेशन खप जाएंगी। ऐसे में स्त्री सशक्तिकरण की कोशिशों का सफल होना ही नहीं, उनका गति पकड़ना भी जरूरी है।

**उपलब्धियों का आधार:** दुनिया के हर हिस्से में महिलाओं ने विपरीत हालातों से जूझकर भी कुछ कर दिखाने का जज्बा दिखाया है। इस हौसले की बुनियाद पर ही स्त्रियां भविष्य में भी बेहतरी की ओर बढ़ने का माद्दा जुटा रही हैं। यह बात कर्मठता सेलिब्रेट करने योग्य है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं के संघर्ष और सफलताओं को उत्सव की तरह मनाने का दिन है। इसीलिए भविष्य संवारने के प्रयासों को अपनी उपलब्धियों का आधार दे रही स्त्रियों के लिए यह दिन बेहद खास होता है।



### एंपॉवरमेंट के रंग

महिलाओं का जीवन रंगों से गहराई से जुड़ा होता है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर अवेयरनेस लाने के लिए रंगों को भी एंपॉवरमेंट से जोड़ा जाता है। महिला दिवस से बैंगनी, हरे और सफेद रंग जुड़े हैं। ये तीनों रंग कुछ खास भावों और विचारों के प्रतीक हैं। बैंगनी रंग न्याय, सम्मान और महिलाओं की बेहतरी से जुड़े उद्देश्यों को पूरा करने की प्रतिबद्धता से जुड़ा है। वहीं हरा रंग आशाओं से, सफेद रंग पवित्रता से जुड़ा है। साझे रूप से ये रंग बायस्ड और नेगेटिव सोच से दूर महिलाओं के लिए सम्मानजनक माहौल बनाने का संदेश देते हैं।

## एंपॉवरमेंट के लिए जरूरी बनें डिजिटल एक्सपर्ट

एक समय तक वूमेन एंपॉवरमेंट के लिए शिक्षा को सबसे जरूरी माना जाता था। लेकिन आज के दौर में डिजिटली स्किल्ड और इंटरनेट यूज करने में एक्सपर्ट होना जरूरी हो गया है। इससे खुद को कैसे एंपॉवर कर सकती हैं, जानिए।

सलाह

संध्या सिंह

इस साल अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2025 की थीम, 'सभी महिलाओं और लड़कियों के लिए: अधिकार, समानता और सशक्तिकरण' है। कुल मिलाकर यह थीम सभी को समान अधिकार, शक्ति और अवसरों को सुरक्षित करने की आवश्यकता पर जोर देती है। सवाल है, इसे हासिल कैसे किया जाए? आज के दौर में इन सभी चीजों को हासिल करने का एक ही तरीका है- डिजिटल तकनीकी में महारत यानी एक्सपर्टीज हासिल की जाए।

**डिजिटल स्किल्ड का अर्थ:** आज शिक्षा की बड़ी-बड़ी डिग्रियों से सशक्तिकरण की उतनी गारंटी नहीं है, जैसी गारंटी आधुनिक डिजिटल तकनीक में महारत हासिल करने में है। लेकिन डिजिटल कुशलता का मतलब सिर्फ कंप्यूटर या स्मार्टफोन चला लेने में दक्षता भर नहीं है बल्कि काम की सूचनाओं तक त्वरित ढंग से पहुंच, डिजिटल उपकरणों का प्रभावी उपयोग कर सकना, ऑनलाइन अवसरों का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाना और साइबर सुरक्षा की भरपूर समझ होना है। वास्तव में आज सशक्तिकरण का बुनियादी आधार यही है, चाहे आप लड़की हों या लड़का। महिलाओं के लिए यह ज्यादा जरूरी है, क्योंकि वे अभी भी समाज में पुरुषों के मुकाबले पिछड़ी हुई हैं। इसलिए इस महिला दिवस पर क्यों न आप डिजिटल तकनीकी में कुशलता हासिल करने का संकल्प लें।



**इकोनॉमिक एंपॉवरमेंट:** आज की तारीख में डिजिटल तकनीक में कुशल होने पर ही रोजगार के नए से नए अवसर उपलब्ध होते हैं। सिर्फ नौकरी ही नहीं, आज की तारीख में डिजिटल कुशलता के बिना फ्रीलांसिंग, ऑनलाइन बिजनेस, डिजिटल मार्केटिंग, कंटेंट राइटिंग, ग्राफिक डिजाइनिंग जैसे किसी भी क्षेत्र में काम पाने की उम्मीद नहीं की जा सकती। आजकल डायरेक्ट एंप्लॉयमेंट से ज्यादा महिलाओं के लिए फ्रीलांसिंग की सुविधा मौजूद है, जो बहुत आराम से घर बैठे की जा सकती है। लेकिन यह संभव तभी होगी, जब आपके पास खुद का डेस्कटॉप कंप्यूटर या लैपटॉप हो और डिजिटल तकनीक में आप पूरी तरह पारंगत हों। अगर ऐसा है तो आप कभी भी आर्थिक रूप से परेशान नहीं रहेंगी क्योंकि बाजार में बहुत बड़े पैमाने पर ऑनलाइन डिजिटल रोजगार उपलब्ध है।

**स्टार्टअप-एंटरप्रेन्योरशिप:** महिलाएं सोशल मीडिया, ई-कॉमर्स, डिजिटल पेमेंट और ऑनलाइन ब्रांडिंग का उपयोग करके घर बैठे अपना व्यवसाय शुरू कर सकती हैं। आज देश में सैकड़ों या हजारों नहीं बल्कि लाखों महिलाएं हैं, जो घर बैठे अपना बिजनेस कर रही हैं। लेकिन यह तभी संभव है, जब आप डिजिटल तकनीक के बरतने में माहिर हों। वर्क फ्रॉम होम के मौके भी ऐसी ही महिलाओं के लिए उपलब्ध होते हैं, जो डिजिटल तकनीक में कुशल हैं।

**शिक्षा और ज्ञान का विस्तार:** अगर आज आप डिजिटल टेक्नोलॉजी में माहिर हैं, अपने सशक्तिकरण के लिए उसका बेहतर इस्तेमाल करना जानती हैं तो आज ऐसे दर्जनों प्लेटफॉर्म हैं, जहां से घर बैठे विभिन्न क्षेत्रों की उच्च शिक्षा हासिल कर सकते हैं या अपने कौशल को बढ़ा सकती हैं। यही नहीं अगर डिजिटल तकनीक में पारंगत हैं तो तमाम तरह की स्वास्थ्य और कानूनी जानकारियां हासिल करके महिला अधिकारों, सरकारी योजनाओं, मातृत्व लाभ और स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारियां आसानी से पा सकती हैं और इनके जरिए अपना आर्थिक ही नहीं बल्कि सामाजिक सशक्तिकरण भी आसानी से कर सकती हैं।

कह सकते हैं कि आज की तारीख में आर्थिक, सामाजिक और वैयक्तिक सशक्तिकरण के लिए सबसे ज्यादा जरूरी डिजिटली एक्सपर्ट होना है।

# कटनी सहित प्रदेश के 10 अलग-अलग स्थानों पर होगी इंडस्ट्री कॉन्क्लेव

## कटनी में जल्द ही मिनरल एंड माइनिंग और फूड प्रोसेसिंग संबंधी कॉन्क्लेव का होगा आयोजन

**सबसे पहले इंदौर में आईटी, सेमीकंडक्टर व आर्टिफिशियल इंजीनियरिंग पर केंद्रित इंडस्ट्री कॉन्क्लेव होगी**

### मुख्यमंत्री ने उद्योगपतियों से कटनी के औद्योगिक विकास पर किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य में औद्योगिक निवेश के लिए बेहतर और अनुकूल वातावरण है। प्रदेश में उपलब्ध संसाधन और संभावनाओं को देखते हुए कटनी सहित 10 अलग-अलग जिलों में इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की जाएगी।

कटनी में उद्योग एवं निवेश को बढ़ावा देने से रोजगार और आर्थिक विकास के नए अवसर सृजित होंगे। ऐसे में कटनी में शीघ्र ही मिनरल एंड माइनिंग और फूड प्रोसेसिंग संबंधी इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने यह बात रविवार को कटनी जिले में औद्योगिक विकास के संबंध में उद्योगपतियों से संवाद में कही।





*सीएम ने कहा कि शुरूआत सबसे पहले इंदौर से आईटी, सेमीकंडक्टर व आर्टिफिशियल इंजीनियरिंग पर केंद्रित इंडस्ट्री कॉन्क्लेव और फिर उज्जैन में पर्यटन (विशेषकर धार्मिक पर्यटन) और फूड प्रोसेसिंग के मद्देनजर इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद अन्य स्थानों में भी इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कटनी में माइनिंग एवं मिनरल्स, फूड प्रोसेसिंग, चूना उद्योग, मार्बल उद्योग के नजरिए से औद्योगिक विकास की असीम संभावनाएं हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार समाज के सभी वर्गों की बेहतरी के लिए कदम से कदम मिलाकर चल रही है। मप्र में औद्योगिक निवेश के नजरिए से अनुकूलता है।*

### औद्योगिक विकास के नए युग की ओर अग्रसर मध्य प्रदेश

*डॉ. यादव ने कहा कि राज्य में अलग-अलग प्रकार की परिस्थितियों के साथ संभावनाएं भी है। मप्र अपने रणनीतिक प्रयासों से औद्योगिक विकास के नए युग की ओर अग्रसर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उद्योगपतियों से जनसंवाद के दौरान ही संभागायुक्त जबलपुर श्री अभय वर्मा एवं कलेक्टर कटनी दिलीप कुमार यादव से कहा कि वे उद्योगपतियों के हित व औद्योगिक विकास के नजरिए से शासन की सभी 18 प्रकार की नीतियों और उद्योग की स्थापना में मिलने वाले लाभों की जानकारी उद्योगपतियों को उपलब्ध कराएं।*

### विकास को लेकर मिशन के तौर पर प्रयास होंगे

कटनी जिले में औद्योगिक विकास के संबंध में उद्योगपतियों से संवाद में मुख्यमंत्री, सांसद शहडोल हिमाद्री सिंह समेत अन्य लोग मौजूद थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए वर्ष-2025 को उद्योग एवं रोजगार वर्ष घोषित किया गया है। पूरे वर्ष प्रदेश में औद्योगिक विकास को लेकर एक मिशन के तौर पर प्रयास किए जाएंगे। संवाद कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि इसके तहत माइनिंग मिनरल, फूड प्रोसेसिंग जैसी जिस प्रकार की, जिस स्थान पर संभावनाएं उपलब्ध होंगी, प्रदेश की उन 10 अलग-अलग जगहों में इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन होगा।

### एक जिला एक उत्पाद के तहत चयन

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उद्योगपतियों के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री का पुष्प-गुच्छ से स्वागत किया। जिला प्रशासन ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को एक जिला एक उत्पाद के तहत चयनित कटनी सैंड स्टोन से निर्मित अशोक स्तंभ की प्रतिकृति भेंट की। उद्योगपतियों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को भगवान पिंड गणेश की प्रतिमा भेंट की। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, सहित उद्योगपति पवन मित्तल, अरविंद गुगालिया, लघु उद्योग भारती के महामंत्री अरूण कुमार सोनी के अलावा माइनिंग एंड मिनरल्स, हेल्थ, एजुकेशन, दाल एवं राईस मिल, होटल व्यवसाय से संबंधित उद्योगपतियों की मौजूदगी रहीं।*

---

### गति थीम पर आधारित बजट को सीएम ने बताया राज्य के सुनहरे भविष्य का बजट

# वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने किया छग का 24वां वित्तीय बजट पेश






हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने सोमवार 3 मार्च को विधानसभा में साल 2025 का बजट पेश किया। बजट की खासियतों को लेकर सीएम विष्णुदेव साय और वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने मीडिया से बातचीत की। जहां उन्होंने बजट की खासियतों के बारे में बताया। सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि, यह दिन छत्तीसगढ़ के लिए ऐतिहासिक दिन है। हमारे विद्वान वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने बजट प्रस्तुत किया है।

छत्तीसगढ़ की तीन करोड़ जनता को मैं नमन करता हूं। यह छत्तीसगढ़ के सुनहरे भविष्य का बजट है। यह छत्तीसगढ़ को नई ऊंचाइयों में पहुंचाने का बजट है। इस बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। उन्होंने आगे कहा कि, हमारा पिछला बजट GYAN पर आधारित था। पिछले एक साल में मोदी की गारंटी को पूरा किया गया है। जिसकी वजह से सभी चुनावों में छत्तीसगढ़ की जनता का विश्वास हमें मिला है। ज्ञान के बाद गति पर आधारित बजट पेश किया गया है। छत्तीसगढ़ पहला राज्य है, जिसने सुशासन और अभिसरण विभाग गठित किया है।

#### करीब 1 लाख 65 हजसा 100 करोड़ का बजट

- वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने सोमवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा में प्रदेश का 24वां वित्त बजट पेश किया। उन्होंने करीब 1 लाख 65 हजार 100 करोड़ का बजट पेश किया, जो पिछले वर्ष की तुलना 12 प्रतिशत से ज्यादा है। इस बार का बजट गति थीम पर आधारित है। वहीं पिछली बार का बजट ज्ञान पर आधारित था। इस बार गति (**GATI**) थीम पर आधारित है छत्तीसगढ़ बजट 2025
- **G – Good Governance** यानी सुशासन
- **A – Accelerating Infrastructure** यानी आधारभूत संरचना
- **T – Technology** यानी प्रौद्योगिकी
- **I – Industrial Growth** यानी औद्योगिक विकास

#### 20 बिंदुओं में समझिए बजट का सार

- वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने 1 लाख 62 हजार 100 करोड़ का बजट किया पेश
- छत्तीसगढ़ में 1 रुपए सस्ता होगा पेट्रोल,वैट में एक रु छूट देने की घोषणा
- सरकारी कर्मचारियों को 53 प्रतिशत डीए की घोषणा
- रायपुर से दुर्ग तक मेट्रो ट्रेन चलाने के लिए होगा सर्वे
- एतिहासिक रिकॉर्डः छत्तीसगढ़ में पहली बार और देश में संभवतः प्रथम हाथ से लिखा बजट पेश हुआ
- गति (**GATI**) थीम पर आधारित रहा बजट, **GYAN** से लेकर **GATI** तक का सफर
- दलहन-तिलहन को **MSP** पर खरीदने का फैसला
- पत्रकार सम्मान निधि 10 हजार से बढ़ाकर 20 हजार होगा
- प्रदेश में **NSG** की तर्ज पर बनेगा **SAG**
- **CISF** की तर्ज पर **SISF** का होगा गठन
- सरकारी कर्मचारियों का डीए 53 फीसदी बढ़ाने की घोषणा, अप्रैल से मिलेगा लाभ
- तेंदूपत्ता की 5500 प्रति मानक बोरा दर से होगी खरीदी
- 20 हजार नई भर्तियों की स्वीकृति, 12 अतिरिक्त नर्सिंग की होगी स्थापना, 34 करोड़ का प्रावधान
- दिव्यागों के विशेष स्कूल के लिये 5 करोड़ रुपये का प्रावधान
- नई सड़क निर्माण के लिये 2 हजार करोड़ का प्रावधान
- मुख्यमंत्री रिंग रोड योजना होगी शुरू, 100 करोड़ रुपए का प्रावधान
- 11 करोड़ रुपए के प्रावधान के साथ दो विशेष संग्रहालय होंगे तैयार
- नवा रायपुर में फिल्म सिटी बनाने का प्रावधान
- रामलला के दर्शन के लिये 36 करोड़ रुपये का प्रावधान, तीर्थ यात्रा योजना के लिये 15 करोड़ रुपये का प्रावधान
- 8 लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य, महतारी सदन निर्माण के लिये 50 करोड़

---

### आरोपियों पर 570 करोड़ के सुनियोजित वसूली के लगे थे आरोप

# इधर कोल घोटाला मामले में मिली जमानत उधर डीएमएफ मामले में हो गई गिरफ्तारी







हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के कोल लेवी घोटाले मामले में सुप्रीम कोर्ट ने निलंबित आईएएस रानू साहू और सौम्या चौरसिया समेत 10 आरोपियों को अंतरिम जमानत दे दी हैं। लेकिन जमानत के बाद भी आईएएस रानू साहू, सौम्या चौरसिया और सूर्यकांत तिवारी की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। डीएमएफ घोटाला मामले में ईओडब्ल्यू-एसीबी ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। जिसके बाद एजेंसियों ने आरोपियों की 6 दिन की पुलिस रिमांड मांगी है।

सबूतों से छेड़छाड़ नहीं करेंगे आरोपी सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस कोटेश्वर सिंह ने जमानत देते हुए कहा कि आरोपी अगर किसी गवाह को प्रभावित करने, सबूतों से छेड़छाड़ करने या जांच में बाधा डालने में लिप्त पाया जाता है, तो राज्य सरकार अंतरिम जमानत रद्द कराने के लिए कोर्ट में आवेदन कर सकती है। ऐसी स्थिति में अंतरिम जमानत रद्द कर दी जाएगी। इन सभी हाई प्रोफाइल आरोपियों को एंटी करप्शन ब्रांच की ओर से दाखिल मुकदमे में अंतरिम जमानत मिली है।

#### जमानत के निर्देशों को पालन करने के दिए निर्देश

*सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस मामले की जांच में समय लगेगा, इसलिए बिना किसी जल्दबाजी के आरोपियों को अंतरिम जमानत दी जा रही है। हालांकि, यह जमानत कुछ शर्तों के साथ दी गई है। आरोपी जमानत के बाद भी उचित आचरण बनाए रखें और अदालत के निर्देशों का सख्ती से पालन करें। साथ ही, सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को निर्देश दिया है कि वह आरोपियों के आचरण की रिपोर्ट प्रस्तुत करे, ताकि मामले की जांच में ट्रांसपेरेंसी बनी रहे। यह फैसला जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने सुनाया। जस्टिस सूर्यकांत ने अपने आदेश में कहा कि अदालत किसी भी तरह की जल्दबाजी में नहीं है और न ही जांच में हस्तक्षेप करना चाहती है। अदालत की मंशा सिर्फ यह सुनिश्चित करने की है कि आरोपी जमानत की शर्तों का पालन करें और निष्पक्ष जांच में सहयोग करें। कोयला घोटाला मामले में सुप्रीम कोर्ट ने निलंबित आईएएस रानू साहू, सौम्या चौरसिया सहित 9 आरोपियों को जमानत दे दी है। इन सभी पर सुनियोजित ढंग से 570 करोड़ रुपए वसूली करने के आरोप लगे थे। इस मामले में ईडी ने पहले एफआईआर दर्ज कर रानू साहू, सौम्या चौरसिया और सूर्यकांत तिवारी को गिरफ्तार किया था। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट से सौम्या चौरसिया और रानू साहू को पहले ही अंतरिम जमानत मिल चुकी थी। लेकिन ईओडब्ल्यू ने ईडी के प्रतिवेदन के आधार पर एफआईआर दर्ज किया था। जिसके चलते इन सभी आरोपियों की जमानत नहीं हो पाई थी।*

---

## खबर संक्षेप

### कमलनाथ से तत्काल माफी मांगें बंटीः पीयूष

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को लेकर छिंदवाड़ा सांसद विवेक बंटी साहू के बयान पर पूर्व मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार पीयूष बबेले ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है और सांसद से तुरंत पूर्व मुख्यमंत्री से माफी मांगने के लिए कहा है। बबेले ने कहा कि जो कमलनाथ 9 बार छिंदवाड़ा सांसद रहे, प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हैं और कई बार केंद्रीय मंत्री रहे, उन कमलनाथ के बारे में पुलिस से पिटाई कराने का बंटी साहू का बयान अत्यंत निंदनीय है। बबेले ने कहा कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा को खुद आगे बढ़कर बंटी साहू से माफी मांगने के लिए कहना चाहिए। बबेले ने कहा कि साहू को याद रखना चाहिए कि कमलनाथ ने 45 वर्ष से छिंदवाड़ा की सेवा की है, देश में छिंदवाड़ा का विकास मॉडल कमलनाथ जी के नाम से जाना जाता है।

### प्रहलाद पटेल के बयान से उजागर हुआ राजशाही चेहराः अग्रवाल

**भोपाल।** खुद वोट मांगने जाए तो भिखारी नहीं, जनता के काम न होने पर आवेदन दे तो भिखारी? मंत्री प्रहलाद पटेल जनता से इतनी नफरत कहा से सिखते हो। उक्त तंज कसते हुए आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता नवीन कुमार अग्रवाल ने प्रहलाद पटेल पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पटेल के इस बयान से भाजपा का असली चेहरा और चरित्र उजागर हो गया है। अग्रवाल ने कहा कि एक और जनता अपने खून पसीने की कमाई में से विभिन प्रकार से 50 प्रतिशत टैक्स दे रही है और उस टैक्स के बदले नेता अधिकारी बिजली, पानी, बंगला, नौकर चाकर, विभिन्न प्रकार के भत्ते, गाड़ी डीजल, खाना सब फ्री में ले रहे हैं।

---

### भाजपा पदाधिकारी अग्रवाल हुए शामिल

# मोक्षवाहिनी वाहन समाजसेवा के लिए एक सकारात्मक प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वैश्य फाउंडेशन के ग्वालियर स्थित सनातन धर्म मंदिर में आयोजित मोक्षवाहिनी लोकार्पण कार्यक्रम में रविवार को भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

कार्यक्रम के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि वीरेंद्र गंगवाल, प्रवीण अग्रवाल, नीतिन मांगलिक, डॉ. लोहिया, रवि गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी मंचासीन रहे। वैश्य फाउंडेशन द्वारा मोक्षवाहिनी वाहन लोकार्पण



समाजसेवा के लिए एक महत्वपूर्ण और सकारात्मक प्रयास है। यह सेवा प्रियजनों के अंतिम संस्कार के लिए वाहन की पूर्ति सहज और सरल करेगा।

---


### मंत्री पटेल के बयान पर कांग्रेस ने घेरा

# जनता को भिखारी कहने वालों को मिलेगा करारा जवाबः जीतू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने ग्रामीण पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल के राजगढ़ में दिए गए बयान पर भाजपा सरकार सरकार को घेरा है। उन्होंने कहा कि साम, दाम, दंड, भेद से मिले जनादेश के घमंड में भाजपा इस हद तक डूब चुकी है कि वह जनता के अधिकारों की मांग को भीख कहने लगी है, जो केवल मध्य प्रदेश ही नहीं, पूरे देश की जनता का सीधा अपमान है।

पटवारी ने कह कि भाजपा सत्ता में बनी रहने के लिए जनता को अपना भगवान बताकर वोट मांगती है, मगर जब जनता अपने हक की बात करती है, तो उसे भिखारी कहा जाता है। क्या देश प्रदेश की जनता को लोकतंत्र में अपने हक, अधिकार और सम्मान के लिए अपनी आवाज उठाना अपराध है ? पूरा मामला यह है कि राजगढ़ में मंत्री पटेल ने कहा कि अब तो लोगों को सरकार से भीख मांगने की आदत पड़ गई है। उनके इस बयान को लेकर सियासत गर्मा गई है।



---

# एनसीआईएसएम बोर्ड अध्यक्ष बदले जाएंगे आयुष मंत्रालय ने जारी की अधिसूचना

### देश में पहली बार एक साथ चारों बोर्ड के प्रेसीडेंट्स बदले जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय आयुष मंत्रालय द्वारा भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (एनसीआईएसएम) बोर्ड के अध्यक्षों को बदलकर नवीन नियुक्तियां करेगा, ताकि आयुर्वेद, सिद्धा, सोवारिग्पा व यूनानी मेडिकल कॉलेजों के पाठ्यक्रम बनाने व मापदंडों से लेकर नवीन मान्यताएं प्रदान करने में पारदर्शिता बरकरार रह सके।

आयुष मेडिकल एसोसिएशन के प्रवक्ता डॉ. राकेश पाण्डेय ने बताया कि आयुष मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर एनसीआईएसएम के अंतर्गत बोर्ड ऑफ आयुर्वेद के प्रेसीडेंट, बोर्ड ऑफ यूनानी, सिद्धा एण्ड सोवारिग्पा के प्रेसीडेंट, मेडिकल असिसमेंट एण्ड रेटिंग बोर्ड फॉर इण्डियन सिस्टम ऑफ मेडिसिन के प्रेसीडेंट, बोर्ड ऑफ इथिक्स एण्ड मेडिकल रजिस्ट्रेशन फॉर इण्डियन सिस्टम ऑफ मेडिसिन के प्रेसीडेंट के स्थान पर नवीन प्रेसीडेंट्स की नियुक्तियां होंगी। देश में पहली बार एक साथ चारों बोर्ड के प्रेसीडेंट्स बदले जा रहे हैं। आयुष मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत ये पद एक तरह से संवैधानिक होते हैं जिन पर प्रदेश समेत देशभर के एएसयू मेडिकल कॉलेजों का भविष्य निर्भर करता है। आयुष मंत्रालय ने नवीन नियुक्तियों के लिए देशभर से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। डॉ. पाण्डेय ने बताया कि देशभर में आयुर्वेद, सिद्धा, सोवारिग्पा, यूनानी मेडिकल के 700 से ज्यादा कॉलेज संचालित हैं। सूत्र बताते हैं कि मार्च 2025 इसी माह से प्रदेश समेत देशभर के एएसयू मेडिकल कॉलेजों का निरीक्षण होना है। आयुष मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर दी है।

---

### पेंच जिला सिवनी में आयोजित हुई राज्य निर्वाचन आयुक्तों की नेशनल कॉन्फ्रेंस

# ईवीएम के बाद अब पेपरलेस बूथ के माध्यम से चुनाव पर विचार

## लोकतंत्र की प्रयोगशाला हैं पंचायत एवं नगरीय निकाय निर्वाचन : राज्य निर्वाचन आयुक्त श्रीवास्तव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनाव में ईवीएम के बाद अब पेपरलेस बूथ की कल्पना को मूर्त दिया जा रहा है। पंचायत उप निर्वाचन में चुनाव पेपरलेस बूथ के माध्यम से सफलतापूर्वक कराए जा चुके हैं। मप्र में तो निकायों में पहले 33 प्रतिशत और बाद में 50 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं को दिया गया है। इसकी जितनी स्वीकार्यता पिछड़े कहे जाने वाले ग्रामीण क्षेत्रों में हुई, उतनी वरिष्ठ स्तरों पर अभी भी नही हो पाई।

मप्र के राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज श्रीवास्तव ने यह बात राज्य निर्वाचन आयोग की 31 वीं नेशनल कॉन्फ्रेंस में कही। कॉन्फ्रेंस पेंच जिला सिवनी में आयोजित की गई है। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से कराए जाने वाले पंचायत एवं नगरीय निकाय निर्वाचन लोकतंत्र की प्रयोगशाला और परीक्षण स्थली हैं। पूरी दुनिया के साथ भारत का यह अनुभव है कि जब भी निर्वाचन संबंधी कोई महत्वपूर्ण प्रयोग होते हैं, तो सबसे पहले स्थानीय निर्वाचनों में होते हैं। जब महिलाओं को प्रतिनिधि संस्थाओं में आरक्षण का विचार आया, तो सबसे पहले पंचायतों और स्थानीय निकायों में इसे लागू किया गया।

### ईवीएम शेयरिंग होना चाहिए

राज्य निर्वाचन आयुक्त श्रीवास्तव ने कहा कि चुनावी खर्च कम करने के उद्देश्य से राज्यों के बीच ईव्हीएम शेयरिंग होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांफ्रेंस में राज्य निर्वाचन आयुक्त उनके राज्य में किए गए नवाचारों को साझा करेंगे। इससे अन्य राज्यों में भी उसे लागू किया जा सकेगा। कॉन्फ्रेंस की अध्यक्षता असम के राज्य निर्वाचन आयुक्त आलोक कुमार ने की। इस दौरान विभिन्न राज्य निर्वाचन आयोग के नवाचारों को समाहित कर लिखी गई पुस्तक एक्स-चेंज@एक्स-पीरियंस इनीशिएटिव-2025 का विमोचन किया गया।

### त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय निर्वाचन लोकतंत्र की नींव




राज्य निर्वाचन आयुक्त श्रीवास्तव ने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय निर्वाचन लोकतंत्र की नींव हैं। यह चुनाव पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता से कराना हम सबकी जिम्मेदारी है। इस चुनाव के माध्यम से नागरिक सीधे शासन और निर्णय लेने की प्रक्रिया में भागीदार बनते हैं। उन्होंने ऑनलाइन वोटिंग पर चर्चा करते हुए कहा कि यह प्रयोग पहली बार एस्टोनिया में किया जा चुका है। श्रीवास्तव ने कहा कि प्रौद्योगिकी में तेजी से हो रहे परिवर्तनों के मद्देनजर यह जरूरी है कि हम चुनाव प्रणाली की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए प्रक्रिया में बदलाव करते रहें।

#### लोकल बॉडी इलेक्शन प्रक्रिया पर प्रेजेंटेशन

*आन्ध्रप्रदेश निर्वाचन आयोग की आयुक्त नीलम साहनी ने स्वचलित लोकल बॉडी इलेक्शन प्रक्रिया पर प्रेजेंटेशन दिया गया। उन्होंने इलेक्ट्रोरल रोल मैनेजमेंट, पोल मैनेजमेंट के ऑटोमेशन प्रक्रिया पर प्रकाश डालते हुए अन्य आयुक्तों के साथ समस्या एवं सुधार की संभावनाओं पर चर्चा की। विभिन्न राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्तों ने निर्वाचन प्रक्रिया में सुधार के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव दिए।*

**सरल होगी प्रक्रिया**

### इंटीग्रेटेड पोलिंग बूथ मैनेजमेंट सिस्टम

*मप्र राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव अभिषेक सिंह ने स्थानीय निकायों की निर्वाचन प्रक्रिया में पेपरलेस बूथ प्रणाली तथा इंटरग्रेटेड पोलिंग बूथ मैनेजमेंट सिस्टम को अपनाने की कार्ययोजना पर प्रेजेंटेशन दिया। उन्होंने बताया कि पेपरलेस बूथ प्रणाली में डिजिटल टूल्स अपनाने से स्थानीय निर्वाचन प्रक्रिया सरल होगी। सभी डॉक्यूमेंटेशन डिजिटल होंगे तथा मानवीय भूल की संभावना भी कम होगी। उन्होंने बताया कि डिजिटल टूल्स का उपयोग होने से चुनाव में लगने वाले अमले की संख्या में कमी आएगी तथा चुनाव खर्च भी कम होंगे।*

### नवीन तकनीकों को अपनाने के संबंध में प्रेजेंटेशन दिया

*लखनादौन एसडीएम रवि सिहाग तथा सहायक कलेक्टर पंकज वर्मा की ओर से ग्लोबल बेस्ट प्रैक्टिसेस और सुविधाजनक निर्वाचन प्रक्रिया के लिए नवीन तकनीकों को अपनाने के संबंध में प्रेजेंटेशन दिया। साथ ही राज्य निर्वाचन आयोग त्रिपुरा ने राज्य में स्थानीय निर्वाचन प्रक्रिया पर आधारित फिल्म का प्रदर्शन किया गया। कलेक्टर सिवनी सुश्री संस्कृति जैन ने प्रथम सत्र के समापन पर आभार व्यक्त किया। कॉन्फ्रेंस में तीन और चार मार्च को भी विभिन्न विषयों पर विषय-विशेषज्ञ प्रेजेंटेशन देंगे।*

चिंतन

## लोकतांत्रिक बाजार अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा एफटीए

तेजी से बदल रहे भू-राजनीतिक समीकरण के दौर में भारत और यूरोप के बीच बढ़ रही करीबी दोनों के हित में है। अभी भारत यूरोपीय संघ व ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को आगे बढ़ा रहा है। हाल में यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने दो दिन की भारत यात्रा पर आईं। उनकी यात्रा पीएम नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा, अमेरिका के रेसिप्रोकल टैक्स के ऐलान के बाद और अमेरिका व यूक्रेन में बढ़ रही दूरी के बीच हुई है। यूरोप इस वक्त अमेरिका के बदल रहे रवैये को करीब से देख रहा है। यूं तो ईयू और ब्रिटेन के बीच एफटीए पर बातचीत बहुत पहले से हो रही है, लेकिन बदलते अमेरिकी जेस्चर के बाद इसमें प्रगति आई है। यूरोपीय संघ भारत को अधिक महत्व दे रहा है। इस वक्त दुनिया में कोई भी देश भारत के बाजार की अनदेखी नहीं कर सकता है। भारत-यूरोपीय संघ ने आपसी रणनीतिक साझेदारी को अधिक मजबूत करने और भारत-मध्य पूर्व-यूरोप कॉरिडोर जैसी अत्यधिक महत्वपूर्ण कनेक्टिविटी परियोजनाओं पर व्यापक चर्चा की है। यूरोपीय संघ प्रमुख ने कहा कि जब हम यूरोपीय संघ-भारत रणनीतिक साझेदारी के तीसरे दशक में प्रवेश कर रहे हैं, तो एक बात स्पष्ट है, साथ मिलकर हम भविष्य को आकार दे सकते हैं और इस सदी की निर्णायक साझेदारियों में से एक बन सकते हैं। यूरोप के साथ चीन के अच्छे संबंध हैं, पर चीन भरोसेमंद नहीं है। चीन विनिर्माण क्षेत्र में एकाधिकार बढ़ा रहा है, यूरोप इससे सतर्क है। यूरोप भारत के साथ साझेदारी बढ़ा रहा है। रूस व यूक्रेन युद्ध के दौरान यूरोप के लिए भारत प्रमुख ऊर्जा व अनाज आपूर्तिकर्ता के रूप में उभरा है। अनेक यूरोपीय देशों की अर्थव्यवस्था में ग्रोथ फैक्टर भारतीय प्रतिभा व श्रम हैं। चीन बहुत ही सोच-विचार कर विनिर्माण क्षेत्र में एकाधिकार बढ़ा रहा है और वैश्विक अनिश्चितता का यह भी एक कारण है। यूरोप, ब्रिटेन समेत अन्य देशों के साथ भारत के मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से लोकतांत्रिक बाजार अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। आज दुनिया में अनिश्चितता बढ़ गयी है। अमेरिका में रेसिप्रोकल शुल्क दरों की घोषणा के साथ चीन के कदम से भी अनिश्चितता बढ़ रही है। निजी निवेश वैश्विक स्तर पर जारी उथल-पुथल से जुड़ा है। लोग यह भूल गये हैं कि चीन में क्षमता बढ़ती जा रही है। बाजार अर्थव्यवस्था में जब क्षमता उपयोग कम होता है तो निवेश घटता है। यह फ्रांस, ब्रिटेन में देखा जा सकता है, लेकिन चीन में निवेश जारी है। इसका क्या मतलब है? वहां मांग उतनी ही है लेकिन निवेश बढ़ रहा है और क्षमता भी बढ़ रही है। चीन यह सयास कर रहा है। इसीलिए भारत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को आकर्षित करने समेत अन्य उपाय कर रहा है, एफटीए की दिशा में बढ़ रहा है। अमेरिका के साथ भी ट्रेड समझौते पर सहमति बनी है। हाल में अमेरिका ने जिस प्रकार से टैरिफ को लेकर आक्रामक रुख अपनाया है, उसके बाद से भारत समेत सभी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं को अपने लिए नई राह खोजने की ओर अग्रसर भी होना पड़ा है। आज वैश्विक अर्थवयवस्था गुंथी हुई है, इसमें किसी का एकाधिकार दूसरे को नुकसान पहुंचा सकता है। भारत खुद को विनिर्माण क्षेत्र में मजबूत कर रहा है, लेकिन इसके लिए नई पूंजी की भी आवश्यकता है। हाल के दशक में यूरोप सुस्ती के दौर से गुजर रहा है, वह भारत जैसी गतिशील अर्थव्यवस्था के साथ जुड़कर अपनी आर्थिकी को रफ्तार दे सकता है। भारत के लिए भी तकनीक व निवेश हासिल करने में मदद मिलेगी। इसलिए एफटीए इंडो-यूरोप दोनों के लिए फायदेमंद होगा।



दो टूक
राज कुमार सिंह


# भ्रष्टाचार मुक्त भारत का सपना अधूरा

**ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल द्वारा भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित वर्ष 2024 के लिए हाल ही में जारी भ्रष्ट देशों की सूची बताती है कि भ्रष्टाचार मुक्त भारत सपना ही बना हुआ है। इस सूची में शामिल 180 देशों में भ्रष्टाचार के मामले में भारत 38 अंकों के साथ 96 वें स्थान पर है, जबकि साल 2023 में भारत 39 अंकों के साथ 93 वें स्थान पर था। दरअसल जिस देश को सीपीआई में ज्यादा अंक मिलते हैं, वहां भ्रष्टाचार कम माना जाता है। घटते अंक ज्यादा भ्रष्टाचार का प्रमाण होते हैं, जिनके साथ-साथ सूचकांक में देश की रैंकिंग भी बढ़ती जाती है। हमारे देश में भ्रष्टाचार अकसर राजनीतिक मुद्दा बन कर रह जाता है, जबकि इसके खिलाफ एक्शन की जरूरत है।**

भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाने के वायदे वफा होते नजर नहीं आते। दुनिया भर में भ्रष्टाचार के विरुद्ध काम करनेवाली गैर सरकारी संस्था ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की नयी रिपोर्ट बताती है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिये गये नारे कि 'न खाऊंगा, न खाने दूंगा' के बावजूद भारत में भ्रष्टाचार बेलगाम है। कारोबारियों के साथ-साथ राजनेताओं और नौकरशाहों के यहां से भी छापों में भारी नकदी की बरामदगी का अर्थ यही है कि खाने-खिलाने का सिलसिला बंद तो नहीं हुआ है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल द्वारा भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित वर्ष 2024 के लिए हाल ही में जारी भ्रष्ट देशों की सूची बताती है कि भ्रष्टाचार मुक्त भारत सपना ही बना हुआ है। इस सूची में शामिल 180 देशों में भ्रष्टाचार के मामले में भारत 38 अंकों के साथ 96 वें स्थान पर है, जबकि साल 2023 में भारत 39 अंकों के साथ 93 वें स्थान पर था। दरअसल जिस देश को सीपीआई में ज्यादा अंक मिलते हैं, वहां भ्रष्टाचार कम माना जाता है। घटते अंक ज्यादा भ्रष्टाचार का प्रमाण होते हैं, जिनके साथ-साथ सूचकांक में देश की रैंकिंग भी बढ़ती जाती है। हमारे देश में भ्रष्टाचार अकसर राजनीतिक मुद्दा बन कर रह जाता है। इसलिए यह जानना भी जरूरी है कि वर्तमान मोदी सरकार और पूर्ववर्ती मनमोहन सिंह सरकार के शासनकाल में भ्रष्टाचार के मोर्चे पर भारत का प्रदर्शन तुलनात्मक रूप से कैसा रहा।

ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल द्वारा हर साल जारी की जानेवाली भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक आधारित 180 देशों की सूची बताती है कि पिछले दस सालों में भारत में भ्रष्टाचार बढ़ा है। पिछले दस सालों में इस सूची में भारत ने सबसे बेहतर प्रदर्शन साल 2015 में किया था, जब उसे रैंकिंग में 76 वां स्थान हासिल हुआ था। वैसे साल 2006 और 2007 में भारत क्रमशः 70 वें और 72 वें स्थान पर भी रहा यानि दोनों ही सरकारों के आरंभकाल में भ्रष्टाचार कम होता नजर आया, पर फिर बेलगाम हो गया। हमारा पड़ोसी और प्रतिद्वंद्वी देश चीन 43 अंकों के साथ 76 वें स्थान पर बना हुआ है। हमारे नीति-नियंता इस बात पर संतोष जता सकते हैं कि पड़ोसी देशों में पाकिस्तान की रैंकिंग हमसे भी खराब है। साल 2023 में पाकिस्तान 29 अंकों के साथ 113 वें स्थान पर था, लेकिन बीते साल वह 27 अंकों के साथ 135 वें स्थान पर पहुंच गया। इस सूची में श्रीलंका और बांग्लादेश की रैंकिंग बता कर भी हमारे सत्ताधीश अपनी पीठ थपथपा सकते हैं। बीते साल इस सूची में श्रीलंका 121 वें और बांग्लादेश 149 वें स्थान पर है, लेकिन हमारे पड़ोस में तो छोटा-सा देश भूटान भी है। भ्रष्ट देशों की रैंकिंग में 18 वें नंबर पर रहा भूटान दुनिया के खुशहाल देशों में भी गिना जाता है। जाहिर है, वायदों और दावों के विपरीत वास्तविकता हमारी व्यवस्था और मानसिकता पर सवाल खड़े करती है, जिसके जवाब खोजे बिना हम विश्व की तीव्र वृद्धिवाली अर्थव्यवस्था भले बन जायें, बेहतर देश नहीं बन पायेंगे। आर्थिक प्रगति में आंकड़ों के महत्व से इनकार नहीं है, लेकिन राष्ट्र की असली प्रगति समाज के सर्वांगीण विकास और खुशहाली में होती है।

लगभग 80 करोड़ लोगों को प्रति माह पांच किलो राशन मुफ्त देने की जरूरत देश की खुशहाली का प्रमाण तो हरगिज नहीं। बढ़ती बेरोजगारी तथा शिक्षा-स्वास्थ्य



की बदहाल व्यवस्था भी वास्तविक विकास के दावों पर सवालिया निशान है। इसलिए हमें आंकड़ों आधारित आर्थिक प्रगति पर आत्ममुग्धता से उबर कर भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक पर आधारित इस सूची में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करनेवाले देशों से जरूरी सबक भी सीखने की जरूरत है। 90 अंकों के साथ डेनमार्क इस सूची में सबसे ऊपर है, जिसका अर्थ है कि वहां नाममात्र का ही भ्रष्टाचार है। 88 अंकों के साथ फिनलैंड इस सूची में दूसरे स्थान पर है, जिसे विश्व का सबसे खुशहाल देश भी माना जाता है। 84 अंकों के साथ सिंगापुर तीसरे, 83 अंकों के साथ न्यूजीलैंड चौथे और 81 अंकों के साथ लग्जमबर्ग पांचवें स्थान पर है।

महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि अब विदेश में बसने के इच्छुक भारतीय इन छोटे देशों को भी अपना गंतव्य बनाने लगे हैं। क्या यह बात का संकेतक नहीं कि ये देश उन्हें हर दृष्टि से बेहतर जीवन का विकल्प नजर आते हैं? विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र और पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था भारत अपने नागरिकों का जीवन स्तर और बेहतर क्यों नहीं बना सकता? बेशक सबसे भ्रष्ट देशों की सूची पर नजर डालना भी जरूरी है। आठ अंकों के साथ दक्षिण सूडान 180 देशों में सबसे भ्रष्ट देश है, जबकि सोमालिया और वेनेजुएला नौ और 10 अंकों के साथ क्रमशः दूसरे और तीसरे भ्रष्ट देश हैं। उनके बाद सीरिया, लीबिया, इरिट्रिया, यमन और इक्वेटोरिल गिनी का नंबर आता है। वैसे इस सूची में रूस, अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन और जर्मनी जैसे प्रभावशाली देश क्रमशः 154, 28, 25, 20 और 15 वें स्थान पर हैं।

ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल के मुताबिक टॉप स्कोरवाले क्षेत्र यूरोपीय संघ और पश्चिमी यूरोप रहते थे, लेकिन लगातार दूसरे साल उनके प्रदर्शन में गिरावट हुई है, जिसका अर्थ है कि उनके नेता जनता की भलाई के बजाय व्यापारिक हितों के लिए काम कर रहे हैं। वहां कानूनों का गलत तरीके से पालन किया जा रहा है। दरअसल जब नेता ही जनता के बजाय पूंजीपतियों के व्यापारिक हितों के लिए काम करने लगते हैं तो नौकरशाही को भ्रष्टाचार का लाइसेंस-सा मिल जाता है। भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक पर आधारित इस सूची की प्रक्रिया भी समझना जरूरी है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल के विशेषज्ञ हर देश के सार्वजनिक क्षेत्र यानि पब्लिक सेक्टर में भ्रष्टाचार का आकलन करते हैं। इसके आधार पर देशों को शून्य से 100 के बीच अंक दिये जाते हैं। कम स्कोर का अर्थ ज्यादा भ्रष्टाचार होता है, जबकि ज्यादा अंकों का अर्थ कम भ्रष्टाचार। इसी आधार पर देशों की रैंकिंग तय होती है। भारत समेत विश्व में जबसे राजनीति और कॉरपोरेट का गठजोड़ पुख्ता हुआ है, सरकार में भ्रष्टाचार की जड़ें और गहरी हुई हैं। आम सरकारी व्यवस्था में करप्शन के साथ नीतिगत भ्रष्टाचार ने प्रशासनिक तंत्र को और कुरूप बनाया है।

ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल का तो मानना है कि बढ़ता भ्रष्टाचार जलवायु परिवर्तन के खतरों से निपटने में भी बड़ी बाधक बन रहा है। सीपीआई की यह रिपोर्ट बताती है कि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए अरबों डॉलर आवंटित किये जाते हैं, लेकिन भ्रष्टाचार के चलते उस धन के दुरुपयोग का खतरा बढ़ रहा है, जो स्वाभाविक ही जन जीवन को भी खतरे में डाल रहा है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल के मुखिया फ्रेंकोइस वेलेरियन कहते हैं कि भ्रष्टाचार एक उभरता हुआ वैश्विक खतरा है, जो विकास को रोकता है। साथ ही यह लोकतंत्र में गिरावट, अस्थिरता और मानवाधिकारों के उल्लंघन को भी बढ़ाता है। कहना नहीं होगा कि ज्यादा भ्रष्टाचारवाले देश इन तमाम खतरों से रूबरू हैं। यह भी कि इन खतरों से निपटे बिना देश और समाज के सर्वांगीण विकास के दावे संदेह और सवालों में ही घिरे रहेंगे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

जयंती विशेष
कृष्ण प्रताप सिंह



## रेणु : हिन्दी में आंचलिक उपन्यासों के जनक


हिन्दी के अप्रतिम कथाकार फणीश्वरनाथ 'रेणु' को आज की तारीख में खास तौर पर इसके लिए याद किया जाता है कि उन्होंने 1954 में 'मैला आंचल' के रूप में हिन्दी को उसका पहला आंचलिक उपन्यास दिया और आंचलिकता को उसकी मुख्यधारा बनाया। लेकिन उनके द्वारा इससे पहले देश के स्वतंत्रता संग्राम और 1950-51 की नेपाल की क्रांति में स्वतंत्रता सेनानी व क्रांतिकारी के रूप में दिया गया योगदान भी भुलाने लायक नहीं ही है। यह भी कि यावत्जीवन दमन-शोषण व उत्पीड़न के विरुद्ध लड़ते-लड़ते वे सोशलिस्ट पार्टी में सक्रिय होकर उसकी चुनावी राजनीति से होकर भी गुजरे। 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश पर इमर्जेंसी थोपी तो उसके विरोध में उन्होंने अपनी 'पद्मश्री' को 'पापश्री' कहकर वापस



लौटा दिया था। बंगाल में रहकर धान की खेती करने वाली धानुक जाति के किसान शिलानाथ मंडल (जिनके पुरखे भारत-नेपाल सीमा पर स्थित बिहार के अररिया जिले के औराही हिंगना गांव में आ बसे थे) के घर 1921 में आज के ही दिन रेणु का जन्म हुआ तो उनका नाम फणींद्रनाथ रखा गया था और परिजनों द्वारा दुलार से उन्हें फनिंदर व फुनेसर भी कहा जाता था। लेकिन चूंकि उनके जन्म के वक्त उनका धनवैभवसम्पन्न परिवार ऐसे दुर्दिन में जा फंसा था कि उसे पहली बार ऋण (स्थानीय बोली में रिन) लेना पड़ गया था, इसलिए दादी उन्हें 'रेनुआ' कहती थीं, जो बदलते-बदलते पहले रेनू फिर रेणु हो गया। आगे चलकर वे फणीश्वरनाथ 'रेणु' नाम से कथाकार बने तो पूरे जीवन इस परिवेश से हासिल अनुभवों को ही अपने सृजन का आधार बनाते रहे। एक बार उन्होंने अपने गांव आये एक कथाकार को बताया था : धान की जितनी अच्छी फसल इस साल है, वैसी हो तो खेती करने में भी कविता करने का-सा आनंद आता है।...मेरे विचार से तो अभी एक बीघा खेत में खेती कर लेना पांच लेख और पांच कहानियाँ लिखने से ज्यादा फायदेमंद और एक एकड़ खेत में धान उपजाना, उपन्यास लिखने जैसे ही आनंद का वायस है। हिंदी में न तब कोई ऐसा साहित्यकार था, न आज है, जो खेती-किसानी से अपने जुड़ाव के बूते ऐसी बात कह सकता हो। स्वाभाविक ही, उनका कथा साहित्य पाठकों को उनके अंचल के किसान जीवन के रागों व रंगों से ही नहीं, खटटी-मीठी सच्चाइयों से भी जोड़ता है। इसीलिए आलोचक कहते हैं कि उनके साहित्यकार की रग-रग में किसानी का रंग समाया था। जैसे जीवट से किसान अपनी फसलों की दुनिया रचता है, वैसे ही वे साहित्य की दुनिया रचा करते थे। वे पटना में रहते रहे हों, दिल्ली अथवा मुंबई में, ग्रामीण जीवन के प्रति बेकली और उसकी स्मृतियों से कभी मुक्त नहीं हो पाये। उन्होंने लिखा भी हैः मैं हर दूसरे या तीसरे महीने शहर से भागकर अपने गांव जाता हूं, जहां घुटने से ऊपर धोती या तहमद उठाकर, फटी गंजी पहने, गांव की गलियों में, खेतों-मैदानों में घूमता रहता हूं। मुखौटा उतारकर ताजा हवा अपने रोगग्रस्त फेफड़ों में भरता हूं। सूरज की आंच में अंग-प्रत्यंग को सेंकता हूं।... झमाझम बरखा में दौड़-दौड़कर नहाता हूं। कमर भर कीचड़ में घुसकर पुरइन (कमल) और कोका (कोकनद) के फूल लोढ़ता हूं। उनके गंवई व्यक्तित्व में ऐसी आत्मीयता थी कि वे अपरिचित को परिचित और परिचित को अपना बना लेते और छोटे-बडे.का भेद मिटा देते थे। इसीलिए उनको तीन पीढ़ियों को जोड़ने वाला सेतु कहा जाता है। वे ऐसे ऐक्टिविस्ट कथाकार थे, जिसे शिल्प की नवीनता, संवेदनात्मक विस्तार और विवेकपरकता से समझौता किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं था। उन्होंने लोकप्रियता के शिखर भले ही कथाकार के रूप में छुए, साहित्य की दूसरी विधाओं को भी कुछ कम समृद्ध नहीं किया। अपने अनूठे रिपोर्ताजों के जरिए पत्रकारिता की भी कुछ कम श्रीवृद्धि नहीं की। बिहार की राजनीति, समाज-संस्कृति आदि को लेकर पत्र पत्रिकाओं के लिए स्तंभ लेखन भी किया। जैसे उनका कथा साहित्य, वैसे ही कविताएं भी उनकी स्मृतियों का ही दस्तावेज हैं। इनमें 'मेरा मीत सनीचर' कविता में कभी उनका सहपाठी रहार सनीचर जीवन के तमाम उतार-चढ़ावों के बाद एक दिन अचानक ट्रेन मे उनसे मिलता है तो दावे के साथ हांक-सी लगाता हैः 'अरे, फनीसरा, अब क्यों तू हम सबको पहचानेगा?' सुविदित है कि बीमारी के कारण उन्हें लम्बे समय तक अस्पताल में रहने के दौरान ही उन्हें अपनी सेवा-सुश्रूषा में लगी नर्स लतिका देवी से प्यार हुआ, जो उनके तीसरे विवाह तक जा पहुंचा।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## पांचो तत्वों को मिला है देवता का दर्जा



संकलित
दर्शन

प्रदूषण की विनाशलीला को देखते हुए भारतीय ऋषियों ने कदम-कदम पर मानव को सजग किया है। चूंकि मनुष्य पंचमहाभूतों का समन्वय रूप है इसलिए सबसे पहले आध्यात्मिक महापुरुषों ने इसे जन्म से लेकर मृत्यु तक के अलग-अलग संस्कारों के साथ जोड़ दिया, ताकि मां के गर्भ में आने से लेकर सौ वर्ष तक वह अदैन्य भाव में जी सके। सबसे पहले भारतीय ऋषियों ने वसुधैव कुटुंबकम् की जो परिकल्पना की, उसमें नख से लेकर शिख तक पूरा शरीर एक वसुधा (धरती) के समान है। शरीर के किसी भी हिस्से में तकलीफ है तो यह शरीर रूपी विश्व को प्रभावित करेगी। इसके अलावा मनुष्य के जीने के जितने भी स्नेत हैं, वे सभी कुटुंब के सदस्यों की तरह हैं। जिसे 'क्षिति, जल, पावक, गगन, समीरा, पंच रचित यह अधम शरीरा' से समझा जा सकता है। शरीर का आंतरिक हिस्सा चूंकि अधम है इसलिए वाह्य प्रकृति से उत्तमोत्तम पदार्थ ग्रहण कर उसके स्वरूप को और अधिक विकृत होने से बचाया जाना नितांत जरूरी है। इसीलिए पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश सबको देवता का दर्जा दिया गया। द्वापर युग के महानायक भगवान श्रीकृष्ण का पूरा जीवन ही प्रदूषण के खिलाफ संघर्ष और जन जागरण का है। उम्र की परवाह न कर वह यमुना के प्रदूषित तत्व कालिया नाग का वध, प्रदूषित अग्नि लगाने वाले प्रलंबासुर का वध, अंतरिक्ष को शुद्ध करने के लिए व्योमासुर का वध, धरती की शुद्धता के लिए गो पालन करते हैं। त्रेता युग में रावण ने भी खर और दूषण नामक पर्यावरण-शत्रु तैनात किया था।

## गरीब विद्वान व राजा भोज, बने भाई-भाई



संकलित
प्रेरणा

कई वर्ष पहले धार में राजा भोज का शासन था। उस राज्य में एक गरीब विद्वान रहता था। आर्थिक तंगी से घबराकर एक दिन विद्वान की पत्नी ने उससे कहा-आप राजा भोज के पास क्यों नहीं जाते? वह विद्वानों का बड़ा आदर करते हैं। हो सकता है आपकी विद्वता से प्रभावित होकर वह आपको ढेर सारा धन दे दें। विद्वान राजा के दरबार में पहुंचा। पहरेदार ने पूछाः आप कौन हैं? कहां जाना है? विद्वान ने कहाः जाओ राजा से कहो कि उनका भाई आया है। पहरेदार ने जब भोज को यह बात बताई तो.. वह सोचने लगेः मेरा तो कोई भाई नहीं है फिर कौन हो सकता है। कहीं कोई धूर्त तो नहीं। उनकी उत्सुकता जागी। उन्होंने विद्वान को बुलवा लिया। 'कैसे हुए भाई-भाई' भोज ने विद्वान से पूछाः क्या तुम मेरे भाई हो? किस नाते से? विद्वान ने कहाः मैं आपका मौसेरा भाई हूं। आपकी मौसी का लड़का। भोज ने पूछाः कैसे? मेरी तो कोई मौसी नहीं है। विद्वान बोलाः महाराज। आप संपत्ति माता के पुत्र हैं और मैं विपत्ति माता का पुत्र। संपत्ति और विपत्ति बहनें हैं। इस नाते मैं आपका मौसेरा भाई हुआ न। यह सुनकर भोज बेहद प्रसन्न हुए। उन्होंने ढेर सारी स्वर्ण मुद्राएं विद्वान को दीं। फिर भोज ने पूछाः मेरी मौसी तो कुशल हैं न? इस पर विद्वान ने जवाब दियाः राजन्, जब तक आपकी मौसी जीवित थीं, आपके दर्शन नहीं हुए थे। अब आपके दर्शन हुए तो आपकी मौसी स्वर्ग सिधार गईं। इस उत्तर से भोज को और भी प्रसन्नता हुई। उन्होंने विद्वान को गले से लगा लिया।

धार्मिक जुलूस



अमृतसर में सोमवार को भगवान हनुमान की वेशभूषा में सजे भक्त, श्री हनुमान चालीसा परिवार सोसायटी द्वारा आयोजित धार्मिक जुलूस में भाग लेते हुए।

आज की पाती

### चीन हमसे आगे कैसे निकल गया

हमें यह भी समझना होगा कि आखिर क्यों चीन आर्थिक स्थिति में हमसे मजबूत है? जबकि सन 1990 तक हमारा देश और चीन विकास के मामले में लगभग एक धरातल पर खड़े थे, लेकिन उसके बाद चीन आगे क्यों बढ़ता गया और हमारा देश इससे पिछड़ता गया। अब दोनों की अर्थव्यवस्थाओं में एक खाई क्यों पट चुकी है? इसका कारण यह है कि हमारा देश जातिवाद, धर्म के नाम पर आरक्षण के दलदल में धंसता गया, मुफ्तखोरी और रेवड़ी संस्कृति हमारे देश में फलने फूलने लगी, कृषि प्रधान होने के बावजूद देश में लोगों की रुचि कृषि से घटती गई, नागरिकों की भी रुचि चाईना के सामान की तरफ बढ़ती गई और सरकारों की गलत नीतियों के कारण चीन का व्यापार हमारे देश में मजबूत होता चला गया। उधर चीन मजबूत होकर उभरा। चीन से मुकाबले के लिए ठोस रणनीति बनानी होगी। *- मदन पटेल, सरायपाली*

करंट अफेयर

## इमरान को जेल में काल कोठरी में रखा गया है

पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली अदियाला जेल में काल कोठरी में अलग-थलग रखा गया है। खान की पार्टी ने यह दावा किया। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के केंद्रीय सूचना सचिव शेख वकास अकरम ने यह दावा किया। उन्होंने दावा किया, 'इमरान खान को काल कोठरी में रखा गया है; उन्हें एकांत कारावास में रखा गया है। खान को दोषी ठहराए जाने से पहले ही विचाराधीन कैदी के रूप में काल कोठरी में रखा गया है।'




उन्होंने यह भी दावा किया कि जिस कोठरी में खान को रखा गया, वह आतंकवादियों के लिए है। अकरम ने कहा कि यह शर्मनाक है कि पूर्व प्रधानमंत्री के साथ इस तरह का व्यवहार केवल उनके मनोबल को तोड़ने की नीयत से किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि तमाम मुश्किलों के बावजूद खान का मनोबल मजबूत है। अकरम ने कहा कि खान को राजनीतिक सहयोगियों और परिवार के सदस्यों सहित आगंतुकों से मिलने की अनुमति नहीं दी गई जो कानून के विपरीत है। कानूनन उन्हें वकीलों और करीबी रिश्तेदारों से मिलने का अधिकार है। उन्होंने यह भी दावा किया कि छह लोगों को खान से मिलने की अनुमति देने वाले अदालत के फैसले के बावजूद, अधिकारियों ने मुलाकात की अनुमति नहीं दी।

ऑफ बीट

## रंगीन चावल वास्तव में क्या स्वास्थ्यवर्धक है

चावल की 40,000 से अधिक विभिन्न किस्में हैं-जो इस मुख्य फसल की विविधता और अनुकूलनशीलता का प्रमाण है। चावल, अन्य अनाजों की तरह,



एक घास के पौधे का खाने योग्य स्टार्चयुक्त दाना है।सफेद चावल की तुलना में, भूरा चावल एक साबुत अनाज है जिसमें केवल अखाद्य बाहरी छिलका हटा दिया जाता है। सफेद चावल बनाने के लिए अनाज का चोकर (बाहरी आवरण) हटा दिया जाता है। भूरे चावल में, चोकर और मगज़ (अनाज का मूल) बरकरार रहते हैं, जिससे इस प्रकार के चावल को इसका भूरा रंग और उच्च फाइबर सामग्री मिलती है। भूरे चावल में स्वाभाविक रूप से सफेद चावल की तुलना में अधिक पोषक तत्व होते हैं, जिसमें आहार फाइबर की दोगुनी मात्रा और फोलिक एसिड सहित काफी अधिक मैग्नीशियम, लौह, जस्ता और बी समूह विटामिन शामिल हैं। ब्राउन राइस में पॉलीफेनोल्स और फ्लेवोनोइड्स भी होते हैं, यह ऐसे एंटीऑक्सिडेंट हैं, जो शरीर को तनाव से बचाते हैं। इसे अक्सर लंबे अनाज के विकल्प के रूप में बेचा जाता है और इसमें काले और लाल चावल की किस्मों के समान पौष्टिक स्वाद होता है, हालांकि कुछ रसोइयों का सुझाव है कि इसकी बनावट थोड़ी अलग होती फैंसी काला चावल।

ट्रेंड

### जैव विविधता का संरक्षण हो



आइए, आज विश्व वन्य जीव दिवस पर हम अपने ग्रह की अतुलनीय जैव विविधता की रक्षा और संरक्षण के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराएं। हर प्रजाति एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है-आइए, भावी पीढ़ियों के लिए उनके भविष्य की रक्षा करें! वन्यजीवों के संरक्षण के लिए भारत के योगदान पर गर्व है। **नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### विफलता का थोक उत्पादन



मोदी सरकार में अगर कुछ थोक में 'मैन्युफैक्चर' (उत्पादन) हुआ है, तो वो है आर्थिक विफलता, बेरोजगारी, महंगाई और झूठ। अन्याय वाले कर हटाओ, एकाधिकार मिटाओ, बैंक के दरवाज़े खोलो, हुनर को हक़ दिलाओ। तब मज़बूत भारत का निर्माण शुरू होगा। **-राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष**

### यमुना जल्द साफ होगी



इस पवित्र धरा पर आकर मां यमुना महारानी का पूजन अर्चन किया है। गंगा-यमुना सब स्वच्छ हों। मैं यमुना की धरती को नमन करता हूं। यमुना की स्वच्छता के लिए अभियान चल रहा है। **-ओम बिरला, लोकसभा अध्यक्ष**

### खुद में सुधार करें इमरान



पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान को पाकिस्तान की तरक्की के लिए खुद में सुधार लाना होगा। पूर्व पीएम को गलतियों के बारे में सोचना चाहिए और उनकी पार्टी में सुधार की जरूरत है। **-शाहिद खाकान अब्बासी पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री**

अपने विचार
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



विश्व वन्यजीव दिवस

# पीएम मोदी ने किया ऐलान: भारत में मई में होगी शेरों की गिनती

## एशियाई शेरों के संरक्षण के लिए 'प्रोजेक्ट लॉयन' के तहत 2,900 करोड़ से अधिक की राशि मंजूर

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड (एनबीडब्ल्यूएल) की 7वीं बैठक की अध्यक्षता की। यह बैठक विश्व वन्यजीव दिवस के अवसर पर आयोजित की गई थी। इस दौरान, प्रधानमंत्री मोदी ने घोषणा की कि 16वीं एशियाटिक शेर की जनसंख्या का आकलन मई में किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने जूनागढ़ में राष्ट्रीय रेफरल केंद्र-वन्यजीव के लिए शिलान्यास किया और रिवर डॉल्फिन्स पर एक पुस्तक का विमोचन भी किया। इसके अलावा, उन्होंने तमिलनाडु के कोयंबटूर में मानव-वन्यजीव संघर्ष प्रबंधन के लिए एक रेफरल केंद्र की स्थापना की घोषणा की। इससे पहले, प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात के जूनागढ़ जिले में स्थित गिर राष्ट्रीय उद्यान में शेर सफारी का आनंद लिया। इस दौरे पर उनके साथ केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव और अन्य एनबीडब्ल्यूएल सदस्य भी मौजूद थे।




गुजरात के नौ जिलों में 30,000 वर्ग किमी में शेर निवास करते हैं



**मुख्यमंत्री के रूप में सेवा के समय की बातें याद आ गईं!**

प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि एशियाटिक शेर की जनसंख्या में वृद्धि हुई है, और इसमें आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासी और महिलाओं का योगदान सराहनीय है. उन्होंने कहा, गिर आने से मुझे गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में सेवा करते हुए समय की कई यादें ताजा हो गईं।



**सिर्फ गुजरात में पाए जाते हैं एशियाटिक शेर**

केंद्र सरकार ने एशियाटिक शेरों के संरक्षण के लिए प्रोजेक्ट लायन के तहत 2,900 करोड़ रुपये से अधिक की राशि स्वीकृत की है। एशियाटिक शेर केवल गुजरात में ही पाए जाते हैं और वर्तमान में वे राज्य के नौ जिलों के 53 तालुकों में लगभग 30,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में बसे हुए हैं।

## गिर के शेर देखने के बाद थोड़ा गिरते हुए शेयर भी देख लेते साहब: पवन खेड़ा



**नई दिल्ली।** गुजरात दौरे पर गिर नेशनल पार्क में जंगल सफारी करने गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कांग्रेस ने कटाक्ष किया है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने गिर में शेर की तस्वीरें क्लिक करते पीएम मोदी की एक तस्वीर को दोबारा पोस्ट किया। उन्होंने शेयर बाजार में लगातार हो रही गिरावट का जिक्र करते हुए पीएम मोदी से इस मुद्दे की गंभीरता को समझने और तत्काल हस्तक्षेप कर सुधारात्मक उपाय करने की अपील भी की। सोमवार के कारोबार के बाद भी शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स 112.16 अंक गिरकर 73,085.94 पर बंद हुआ। निफ्टी 5.40 अंक गिरकर 22,119.30 पर बंद हुआ।

## खबर संक्षेप

### प्रियदर्शिनी एनएमडीसी की निदेशक बनीं



**हैदराबाद।** प्रियदर्शिनी गद्दम ने एनएमडीसी में निदेशक (कार्मिक) का पदभार ग्रहण किया। उन्हें कंपनी के बोर्ड पर कार्यकारी निदेशक के पद पर नियुक्त किया गया है। पहले वे एनएमडीसी कार्पोरेट कार्यालय, हैदराबाद और एनएमडीसी स्टील लिमिटेड, नगरनार दोनों में मुख्य महाप्रबंधक (कार्मिक और प्रशासन) रहीं हैं।

### बंगाल के विश्वविद्यालयों में हड़ताल, तोड़फोड़



**कोलकाता।** सीपीआई(एम) की छात्र शाखा एसएफआई ने पश्चिम बंगाल के विभिन्न विश्वविद्यालयों में हड़ताल का आह्वान किया है। जिसमें वे शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। इस हड़ताल के कारण सोमवार सुबह कोलकाता के जादवपुर और प्रेसिडेंसी विश्वविद्यालयों के परिसर सुनसान हो गए। छात्रों ने तोड़फोड़ की।

### आईआईटी बाबा: गांजा रखने का मामला दर्ज



**जयपुर।** महाकुंभ मेले के दौरान सुर्खियों में आने वाले आईआईटी बाबा के नाम से मशहूर अभय सिंह को जयपुर में गांजा रखने के आरोप में कुछ समय के लिए हिरासत में लिया गया। हालांकि, बाद में उन्हें छोड़ दिया गया। जयपुर में पुलिस चेकिंग के दौरान आईआईटी बाबा के पास मादक पदार्थ (गांजा) मिला। हालांकि उन्हें छोड़ दिया।

### विस में फोटो पर फंस गए आप के जरनैल सिंह



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधासनभा में सोमवार को कार्यवाही के दौरान फोटो खींचने को लेकर तिलक नगर के विधायक जरनैल सिंह घिर गए। विधानसभा स्पीकर विजेंद्र गुप्ता ने जरनैल सिंह को फोटो डिलीट करने का आदेश दिया और भविष्य में ऐसा न करने की चेतावनी दी।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री शाह ने कार्यशाला का उद्घाटन किया

# ग्रामीण विकास-छोटे किसानों की समृद्धि में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है हमारा डेयरी क्षेत्र

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को नई दिल्ली में डेयरी क्षेत्र में संधारणीयता और सर्कुलेरिटी पर कार्यशाला का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि डेयरी क्षेत्र देश के विकास को गति देने में अहम भूमिका निभाता है। ऐसे में डेयरी क्षेत्र में सभी संभावनाओं का पता लगाने के लिए एक समग्र दृष्टिकोण अपनाना होगा। उन्होंने कहा यह क्षेत्र ग्रामीण विकास और छोटे किसानों की समृद्धि में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है। यही नहीं उन्होंने यह भी कहा कि डेयरी क्षेत्र देश के पोषण का भी ख्याल रखता है। आगे जोड़ते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने हमारे सामने दो लक्ष्य रखे हैं, जिनमें दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना और 2047 तक पूर्ण विकसित राष्ट्र बनना शामिल है। उन्होंने कहा कि इन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए सभी क्षेत्रों की संभावनाओं के शत प्रतिशत दोहन की पद्धति विकसित करनी होगी। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र से 62% महिलाओं के जुड़े होने के कारण डेयरी क्षेत्र महिला सशक्तिकरण में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। अमित शाह ने दूसरी श्वेत क्रांति के लिए डेयरी क्षेत्र की संधारणीयता और सर्कुलेरिटी को महत्वपूर्ण बताया। अमित शाह ने देश के 80% जिलों में डेयरी संघ सृजित करने की आवश्यकता पर बल दिया। सहकारिता मंत्री ने कहा कि जिला स्तर के दुग्ध संघ और ग्रामीण डेयरी को सहकारिता डेयरी से नहीं जुड़े किसानों को अपने नेटवर्क में शामिल करने के लिए एक विशेष प्रयास करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बहुत से किसान निजी डेयरियों को दूध बेचते हैं और अपना खुद का व्यापार चलाते हैं।उन्होंने कहा कि हम श्वेत क्रांति दो की तरफ आगे बढ़ रहे हैं। ऐसे समय में सस्टेनेबिलिटी और सर्कुलरिटी का महत्व बहुत बढ़ जाता है। श्वेत क्रांति एक में जो हमने हासिल किया है उसमें सस्टेनेबिलिटी और सर्कुलरिटी को हासिल करना शेष है।

> लक्ष्यों को हासिल करने के लिए सभी क्षेत्रों की संभावनाओं के शत प्रतिशत दोहन की पद्धति विकसित करनी होगी। इसके लिए हम सबके सामुहिक प्रयासों की जरूरत होगी।

डेयरी क्षेत्र में 62% महिलाओं का योगदान

देश के 80% जिलों में डेयरी संघ सृजित करने की आवश्यकता

### खेती में खुशहाली की दिशा में महत्वपूर्ण शुरुआत हुई



शाह ने कहा कि पिछले दस वर्षों में हमने खेती में खुशहाली की दिशा में एक आशाजनक शुरुआत की है। गांव से वैश्विक स्तर पर जाने का साहस बढ़ा है और नई पद्धतियां विकसित हुई हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि एक समूह के रूप में सफल होने का आत्मविश्वास सहकारी समितियों के माध्यम से बढ़ रहा है और पूरी श्रृंखला खेत से कारखाने तक ग्रामीण परिदृश्य के भीतर ही रहनी चाहिए।मंत्री ने डेयरी क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सर्कुलरिटी में कुछ विषयों को जोड़ने के साथ ही एनडीबीबी और नाबार्ड को छह माह में प्रायोगिक योजना को किसी न किसी जिले में लागू करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जैविक खाद का शत प्रतिशत दोहन करने के लिए जिला के दुग्ध संघ और ग्रामीण डेयरी को क्षेत्र के सभी किसानों के गोबर का प्रबंधन करना चाहिए।

**कृषि व्यवस्था छोटे किसानों पर आधारित**

सहकारिता मंत्री ने कहा कि हमारे देश की कृषि व्यवस्था एक तरह से छोटे किसानों पर आधारित है, इसलिए हमारे पास डेयरी के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं है। बहुत कम विकल्प हैं, और मेरा मानना है कि यह सेमिनार डेयरी क्षेत्र में सभी संभावनाओं का पता लगाने के लिए एक समग्र दृष्टिकोण अपनाने में सहायक होगा।

### बायोगैस के उत्पादन पर जोर

बायोगैस के उत्पादन पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि दो साल का लक्ष्य तय करके 250 जिलों के जिला उत्पादक संघ में कोई न कोई मॉडल सफलतापूर्वक करने का समयबद्ध कार्यक्रम करना चाहिए। मंत्री ने गुजरात के बनासकांठा और पंचमहल में माइक्रो एटीएम के प्रयोग का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे पशुपालकों को काफी लाभ मिला है। उन्होंने नाबार्ड से इस मॉडल को प्रत्येक जिला संघ तह पहुंचाने की जरूरत पर बल दिया।

### दुग्ध उत्पादन में 63 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि

इस अवसर पर केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह कहा कि देश में दुग्ध उत्पादन में पिछले दस वर्षों में 63 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि डेयरी क्षेत्र में संधारणीयता और सर्कुलेरिटी पर आयोजित इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाना है।यह कार्यशाला सहकारिता मंत्रालय और डेयरी मंत्रालय की पहलों और नीतियों पर ध्यान केंद्रित करती है। इसका उद्देश्य डेयरी फार्मिंग को बढ़ावा देना और पर्यावरण संबंधी उत्तरदायित्व के साथ आर्थिक विकास को सुनिश्चित करना है।

## बजट पूर्व परामर्श बैठक में बोले विधायक, विकास राशि बढ़ाई जाए

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में बजट 2025-26 के लिए सुझाव लेने के लिए बजट पूर्व परामर्श बैठक में महिला सशक्तिकरण की झलक देखने का मिली। मुख्यमंत्री सैनी के पास ही वित्त मंत्रालय की जिम्मेदारी है। उन्होंने सर्वप्रथम महिला विधायकों को सुझाव के लिए बोलने का मौका दिया। कांग्रेस की विधायिका गीता भुक्कल ने इसकी शुरुआत की। इसके उपरांत महिला विधायकों ने विस्तार से बजट संबंधी अपने सुझाव रखें। सोमवार को सैनी ने पंचकूला सेक्टर-1 स्थित रेड बिशप में यह बैठक बुलाई थी। बैठक के पहले सत्र में 25 से अधिक विधायकों ने सुझाव दिए। दूसरा सत्र आज मंगलवार को भी चलेगा। कुछ विधायकों ने बजट के अलावा अपने क्षेत्र की मांग भी मुख्यमंत्री के समक्ष रखी। बैठक में विधायकों द्वारा विधायक विकास निधि कोष स्थापित करने की मांग की और विधायकों के लिए अपने क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए 5 वर्ष में 5 करोड़ की सीमा को बढ़ाने की भी मांग की। विपक्षी विधायकों ने बजट से पहले सुझाव आमंत्रित करने की पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा शुरु की गई परम्परा को जारी रखने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया। इस बैठक की सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि 90 विधायकों में से इस बार 14वीं विधानसभा में 40 विधायक पहली बार चुन कर आए है और बजट में सुझाव रखने के लिए ओपन हाउस मंच उपलब्ध करवाने के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर के अलावा सभी विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रधान सचिव व विभागाध्यक्ष उपस्थित थे। विधायकों द्वारा दिए गए सुझाव को सभी अधिकारियों ने नोट किया। मुख्यमंत्री ने अच्छे सुझाव को बजट में सम्माहित करने का आश्वासन दिया। सीएम ने कहा कि इससे पूर्व भी फरीदाबाद, गुरुग्राम, कुरुक्षेत्र,पानीपत व हिसार में प्री बजट बैटको का आयोजन किया जा चुका है। पिछले वर्ष 407 सुझाव आए थे, जिन्हें बजट में शामिल किया गया था। इसके अलावा स्टार्टअप, युवा महिला उद्यमी, महिला प्रतिनिधि, स्वयं सहायता समूह से भी सुझाव लिए गए है, लगभग 10 हजार सुझाव प्राप्त हुए है। उन्होंने आश्वासन दिए कि प्रदेश के 2.80 करोड़ लोगों की अपेक्षाओं पर आगामी बजट खरा उतरेगा।

### ओलावृष्टि और भारी बारिश से प्रभावित गांवों के लिए खोला गया क्षतिपूर्ति पोर्टल: नायब

**नई दिल्ली।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बताया की प्रदेश में हाल ही में हुई ओलावृष्टि और भारी बारिश के कारण 615 गांवों में फसल का नुकसान हुआ है। इन सभी प्रभावित गांवों के लिए क्षतिपूर्ति पोर्टल खोल दिया गया है और इसके बारे में किसानो को एसएमएस के माध्यम से सूचित भी कर दिया गया है। किसान पोर्टल पर ओलावृष्टि और भारी बारिश से हुए नुकसान को दर्ज करवा सकते है ताकि उन्हें जल्द से जल्द मुआवजा प्रदान किया जा सके। नायब सिंह सैनी ने यह जानकारी सोमवार को पंचकूला में बजट 2025-26 के लिए सांसदों और विधायकों के साथ आयोजित पूर्व बजट परामर्श के दौरान दी। मुख्यमंत्री ने बताया कि उन्होंने सभी उपायुक्तों को अपने-अपने जिलों में ओलावृष्टि और भारी बारिश के कारण किसानों की फसलों को हुए नुकसान की जानकारी उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए थे । जिलों से यह रिपोर्ट प्राप्त हो चुकी है। उन्होंने कहा कि सरकार किसान हितैषी है और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की लिए अग्रसर है।

तीन राज्यों की विधानसभा में पेश बजट

# छग में पेट्रोल सस्ता, बिहार में महिलाओं को 2500 रु. और झारखंड में भी सौगात

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सोमवार को छत्तीसगढ़,बिहार और झारखंड के विधानसभाओं में वर्ष 2025-26 का बजट पेश किया गया। बजट में अधिकांशत: महिलाओं को महत्व दिया गया है।

**छत्तीसगढ़**



छत्तीसगढ़ सरकार का बजट सोमवार को पेश हुआ। राज्य का बजट 1 लाख 60 हजार करोड़ का रहा। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने दूसरी बार बजट पेश किया। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बजट भाषण में कई बड़ी घोषणाएं की। वित्त मंत्री ने आम लोगों को राहत देते हुए पेट्रोल की कीमतों में कटौती करने का फैसला किया। इसके साथ ही उन्होंने महतारी वंदन योजना के लिए पिछले साल के बजट के अपेक्षा इस बार 5500 करोड़ रुपए का प्रावधन किया गया है।

**झारखंड**



झारखंड सरकार ने सोमवार को राज्य विधानसभा में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 1.45 लाख करोड़ रुपए का बजट पेश किया। पिछले साल विधानसभा चुनावों के बाद झारखंड में सत्ता बरकरार रखने के बाद हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार का यह पहला बजट है। राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने बजट पेश करते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में राज्य की अर्थव्यवस्था 7.5 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है।

**बिहार**



पटना। उपमुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 03 लाख 16 हजार 895 करोड़ रुपए का वार्षिक बजट पेश किया। यह पिछले बजट से 38,169 करोड़ रुपए अधिक है। वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने विधानसभा में बजट पेश करते हुए कहा कि बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की नौकरियों में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण मिलेगा। महिलाओं को ई रिक्शा खरीदने के लिए सब्सिडी मिलेगी।

सीएम को लेकर कर्नाटक में फिर बयानबाजी

# मोइली बोले आज नहीं तो कल सीएम बनेंगे डीके शिवकुमार, वे बोले-टिप्पणी नहीं करूंगा

एजेंसी ▶▶ बंगलुरू



कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने सोमवार को कांग्रेस नेता वीरप्पा मोइली के बयान पर टिप्पणी करने से इनकार किया। जब उनसे सवाल पूछा गया कि मुख्यमंत्री बनने के लिए मोइली ने उन्हें समर्थन दिया है, तो शिवकुमार ने कहा कि मैं इस पर टिप्पणी नहीं करना चाहता।

मैं कार्यकर्ताओं की एक बैठक में था। मैंने सभी बूथ अध्यक्षों को शपथ दिलाई है, क्योंकि मुझे पार्टी अध्यक्ष के रूप में राज्य का दौरा करना है। इससे पहले आज मंत्री प्रियांक खरगे ने भी वीरप्पा मोइली के बयान पर प्रतिक्रिया दी। खरगे ने शिवकुमार के मुख्यमंत्री बनने की अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि न तो शिवकुमार और न ही किसी और ने यह दावा किया है कि वह आज या कल मुख्यमंत्री बनेंगे।

### आलाकमान जो भी कहे, वह हमारे लिए अंतिम: संतोष लाड

राज्य के मंत्री संतोष लाड ने भी मोइली की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पार्टी आलाकमान के फैसलों का पालन करती है। लाड ने कहा, अगर मोइली ने ऐसा बयान दिया है, तो आपको उनसे पूछना होगा क्योंकि हम हमेशा आलाकमान की नीति का पालन करते हैं। आलाकमान जो भी कहता है, वह हमारे लिए अंतिम है.. यह उनकी राय है, आलाकमान की नहीं।


रेलवे परियोजनाओं में तेजी और विकास को बढ़ावा

# अब नवरत्न कंपनियों में शुमार हुई आईआरसीटीसी व आईआरएफसी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार ने भारतीय रेलवे कैटरिंग और टूरिज्म कॉर्पोरेशन (आईआरसीटीसी), और भारतीय रेलवे फाइनेंस कॉर्पोरेशन (आईआरएफसी) को 'नवरत्न' का दर्जा देने की मंजूरी दे दी है। इससे अब ये अधिक स्वतंत्रता के साथ अपने निर्णय ले सकेंगी। इससे पहले ये दोनों ही कंपनियां इस श्रेणी में शामिल नहीं थीं। लेकिन अब यह भारतीय रेलवे से जुड़ी ये दोनों कंपनियां इस श्रेणी 25वीं और 26वीं कंपनी बन गई हैं, जिसे यह प्रतिष्ठित दर्जा प्राप्त हुआ है। इस कदम से आईआरसीटीसी और आईआरएफसी को अपनी वित्तीय योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने में मदद मिलेगी, जिससे भारतीय रेलवे के विकास को और गति मिलेगी।

**यात्रियों के लिए भी फायदेमंद**



आईआरसीटीसी भारतीय रेलवे की एक सहायक कंपनी है, जो मुख्य रूप से रेलवे टिकट बुकिंग, खानपान सेवाएं और पर्यटन सुविधाएं प्रदान करती है। यह भारतीय रेलवे की डिजिटल सेवाओं और यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के लिए काम करती है। वहीं, आईआरएफसी भी एक सरकारी कंपनी है, जिसका मुख्य कार्य भारतीय रेलवे के लिए धन की व्यवस्था करना और उसकी वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करना है। रेलवे के बुनियादी ढांचे के विकास और नई परियोजनाओं के लिए पूंजी जुटाने में इसकी अहम भूमिका होती है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में कंपनी ने शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें इसका कुल कारोबार 26,644 करोड़ रहा, जबकि शुद्ध लाभ 6,412 करोड़ तक पहुंच गया। इसके अलावा, कंपनी की कुल संपत्ति 49,178 करोड़ हो गई।

हिमानी हत्याकांड के आरोपी सचिन ने किए चौंकाने वाले खुलासे

# दोस्ती, रिलेशन के बाद शुरु हुई ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर सचिन ने अंतत: हिमानी का 'गला ही घोंट' दिया

पुलिस ने सचिन नामक युवक को गिरफ्तार किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता हिमानी नरवाल के शव मिलने के बाद सियासी गलियों से लेकर पुलिस की जांच तक हंगामा मच गया। आरोपी कौन है और हत्या क्यों कि इसे लेकर पुलिस के तमाम आला अधिकारी जांच में जुट गए। दिल्ली और हरियाणा पुलिस ने संयुक्त रूप से अभियान चलाकर बहादुरगढ़ के सचिन (30) नामक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी का मोबाइल जब्त कर उससे लगातार पूछताछ की है। इस मामले में आरोपी ने गई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। हरियाणा पुलिस सूत्रों ने दावा किया है कि हिमानी और सचिन एक दूसरे को करीबन एक साल से जानते थे।

शुरुआती जानकारी मिली है कि बहादुरगढ़ के सचिन और हिमानी की एक साल पहले सोशल मीडिया के जरिए दोस्ती हुई थी। इसके बाद हिमानी सचिन को ब्लैकमेल कर रही थी। इससे परेशान होकर आरोपी सचिन ने हिमानी की हत्या की।

आरोपी मोबाइल की एसेसरीज की दुकान चलाता है

हत्या के कारणों को जानने के लिए पूछताछ



**हिमानी की मां का शक**

हिमानी नरवाल हत्याकांड पर उनकी मां ने कहा मुझे यकीन है कि आरोपी कोई जाना-पहचाना व्यक्ति है या तो पार्टी का कोई व्यक्ति या उसके कॉलेज का कोई व्यक्ति या हमारा कोई रिश्तेदार केवल वे ही घर आ सकते हैं मुझे यकीन है कि किसी ने उसके साथ कुछ करने की कोशिश की थी और उसने विरोध किया।

**हिमानी के भाई जतिन बोले**

हिमानी नरवाल के भाई जतिन ने कहा एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। हमें न्याय मिलेगा। हमें अभी भी नहीं पता कि आरोपी कौन है पुलिस ने हमें कोई जानकारी नहीं दी है।

### मोबाइल चार्जर के तार से गला घोंटा

सचिन ने कांग्रेस नेता की मोबाइल चार्जर के तार से गला घोंटकर हत्या की थी। हरियाणा की रोहतक के संपला कस्बे के बस स्टैंड पर एक बैग में एक मार्च को सुबह कांग्रेस नेता की बॉडी मिली थी। इस वीडियो के जरिए हिमानी द्वारा सचिन को ब्लैकमेल करने की बात सामने आ रही है। हिमानी को कई लाख रुपए देने की बात भी सामने आ रही है। हालांकि अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं है। आरोपी ने यह भी बताया कि दो मार्च को निकाय चुनाव होने थे, उससे पहले हिमानी ने सचिन को अपने घर बुलाया था। हिमानी सचिन से रुपयों की बार-बार मांग कर रही थी, सचिन ने उसे काफी समझाया, लेकिन हिमानी नहीं मनी।

# कर्ज लेने वाली महिलाओं की संख्या पांच साल में 22 फीसदी बढ़ी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत में कर्ज लेने वाली महिलाओं की संख्या पिछले पांच वर्षों में 22 प्रतिशत की सालाना दर से बढ़ी है, जिनमें से अधिकांश कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों से हैं। सोमवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट के मुताबिक, महिलाओं के ऋण का बड़ा हिस्सा उपभोग की मांग को पूरा करने के लिए था और तुलनात्मक रूप से व्यवसायों के लिए कम कर्ज लिया गया। नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बी वी आर सुब्रमण्यम ने 'भारत में वित्तीय वृद्धि की कहानी में महिलाओं की भूमिका' शीर्षक वाली यह रिपोर्ट जारी की।

## कर्ज लेने वाली अधिकांश महिलाएं कस्बों व ग्रामीण क्षेत्रों से

### महिलाएं अब कारोबारी कर्ज ले रही

एक बयान के मुताबिक, 'भारत में ऋण लेने वाली महिलाओं की संख्या वर्ष 2019 और 2024 के बीच 22 प्रतिशत की चक्रवृद्धि दर से बढ़ी है। जहां उपभोग ऋण महिला उधारकर्ताओं द्वारा लिया जाने वाला पसंदीदा उत्पाद बना हुआ है वहीं अब अधिक महिलाएं कारोबारी कर्ज भी ले रही हैं।'



### व्यवसायों के वित्तपोषण के लिए सिर्फ 3 फीसदी ऋण

रिपोर्ट कहती है कि 2024 में व्यवसायों के वित्तपोषण के लिए महिलाओं ने सिर्फ तीन प्रतिशत कर्ज लिया जबकि व्यक्तिगत ऋण, उपभोक्ता टिकाऊ ऋण, गृह स्वामित्व जैसे व्यक्तिगत वित्त उत्पादों के लिए 42 प्रतिशत और सोने के बदले 38 प्रतिशत कर्ज लिए गए।

### महिलाओं की जरूरतों के अनुरूप उत्पादों की हो डिजाइन

सुब्रमण्यम ने कहा, "समान वित्तीय पहुंच सुनिश्चित करने के लिए सामूहिक प्रयास की जरूरत है। महिलाओं की जरूरतों के अनुरूप समावेशी उत्पादों को डिजाइन करने में वित्तीय संस्थानों की भूमिका, साथ ही संरचनात्मक बाधाओं को दूर करने वाली नीतिगत पहल, इस गति को बढ़ाने में सहायक होगी।"

### युवा पीढ़ी कर्ज की निगरानी में अग्रणी

एमएससी के प्रबंध निदेशक मनोज कुमार शर्मा ने कहा, "यह महानगरों से परे एक गहरी वित्तीय छाप को रेखांकित करता है। इसके साथ ही महिलाओं की युवा पीढ़ी अपने कर्ज की निगरानी में भी अग्रणी है। इस अवसर पर सुब्रमण्यम ने कहा कि सरकार मानती है कि वित्त तक पहुंच महिला उद्यमिता के लिए एक बुनियादी सक्षमता है।

## खबर संक्षेप

### प्रियदर्शिनी गद्दम एनएमडीसी बोर्ड में निदेशक (कार्मिक) बनीं

**हैदराबाद।** श्रीमती प्रियदर्शिनी गद्दम ने शुक्रवार को एनएमडीसी में निदेशक (कार्मिक) का पदभार ग्रहण किया। इस्पात मंत्रालय द्वारा उन्हें कंपनी के बोर्ड पर कार्यकारी निदेशक के पद पर नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति से पूर्व वे एनएमडीसी कार्पोरेट कार्यालय, हैदराबाद और एनएमडीसी स्टील लिमिटेड, नगरनार दोनों में मुख्य महाप्रबंधक (कार्मिक और प्रशासन) और कार्मिक प्रमुख के पद पर कार्यरत थीं। 1992 में अधिशासी प्रशिक्षु के रूप में एनएमडीसी में कार्यग्रहण के पश्चात वे निरंतर कंपनी में आगे बढ़ती रहीं और एक नेता के रूप में उभरीं, जिससे कि खनन उद्योग में महिलाओं के लिए नेतृत्व का मार्ग प्रशस्त हुआ।

### कूल के साथ लिनन को पेश करने की पहल

**नई दिल्ली।** वैश्विक और घरेलू ग्राहकों के लिए टेक्सटाइल क्षेत्र में फाइबर-टू-फैशन समाधान प्रदान करने वाली कंपनी अरविंद लिमिटेड ने अपने नए समर कैंपेन 'Linen by Arvind, For All Kinds of Cool' की घोषणा की है। यह केंपेन गर्मियों के मौसम में लिनेन फैब्रिक की स्टाइल और कमफर्टेबल विशेषताओं को दोबारा परिभाषित करने के लिए पेश किया गया है। खासकर उन कस्टमर्स के लिए जो गर्मी के मौसम में लिनन को प्राथमिकता देते हैं।इस कंपेन के साथ ही अरविंद लिमिटेड ने 300 से अधिक नए स्टाइल्स के साथ अपनी लिनन रेंज का विस्तार किया है।

चिकित्सा

बिना बताए
शराब, अफीम, सिगरेट छुड़ाए
दमा, खांसी, नजला, मोटापा होना, कमजोरी, पेट के रोगों व मोटापे का देसी ईलाज।
हमराज़ क्लीनिक
11am-5pm Ph: 9811301362
1936, फव्वारा, चाँदनी चौक, दिल्ली - 110006
F-23/101, अवन्तिका चौक, सैक्टर - 3, रोहिणी, दिल्ली - 85
Ph: 9811301362, 9999301362
10am - 9pm

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## कंपनी ने विभिन्न मामलों में फेमा के नियमों का किया उल्लंघन

# आरबीआई दिशानिर्देशों के उल्लंघन को लेकर ईडी ने पेटीएम को दिया 611 करोड़ का नोटिस

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को कहा कि उसने विभिन्न मामलों में फेमा के नियमों के 'उल्लंघन' के लिए पेटीएम की मूल कंपनी, उसके प्रबंध निदेशक और उससे जुड़ी इकाइयों को 611 करोड़ रुपये का कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

**कंपनी से जुड़ी इकाइयों को कारण बताओ नोटिस दिया गया**

पेटीएम की 2023-24 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) क्षेत्र की प्रमुख कंपनी के संस्थापक विजय शेखर शर्मा, इसके चेयरमैन, प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी हैं। यह नोटिस न्यायिक कार्यवाही शुरू होने से पहले जांच एजेंसी के एक विशेष निदेशक ने जारी किया है।

## कंपनी ने विभिन्न मामलों में फेमा के नियमों का किया उल्लंघन

### 611 करोड़ रुपए का नोटिस

पेटीएम के प्रवक्ता ने कहा कि कंपनी कानून और नियामकीय प्रक्रियाओं के अनुसार मामले के समाधान के लिए काम कर रही है। प्रवर्तन निदेशालय ने बयान में कहा कि विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के प्रावधानों के उल्लंघन के लिए पेटीएम की प्रमुख कंपनी वन97 कम्युनिकेशन लि. (ओसीएल), इसके प्रबंध निदेशक और लिटिल इंटरनेट प्राइवेट लि. और नियरबाय इंडिया प्राइवेट लि. जैसी पेटीएम की अन्य अनुषंगी कंपनियों को लगभग 611 करोड़ रुपये का कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।




### मिली एफडीआई की जानकारी नहीं दी

ईडी ने कहा कि वन97 कम्युनिकेशन की भारत में अनुषंगी लिटिल इंडिया प्राइवेट लि. को विदेशों से एफडीआई मिला। लेकिन इसके लिए आरबीआई के कीमत निर्धारण दिशानिर्देशों का पालन नहीं किया गया। अन्य अनुषंगी कंपनी... नियरबाय इंडिया प्राइवेट लि. ने आरबीआई की समयसीमा के भीतर कंपनी द्वारा प्राप्त एफडीआई के बारे में जानकारी नहीं दी।

### कंपनी ने एफडीआई प्राप्त किया

जांच में पाया गया कि वन 97 कम्युनिकेशन लि. ने सिंगापुर में विदेशी निवेश किया और अनुषंगी की वैश्विक अनुषंगी के गठन के बारे में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को आवश्यक सूचना नहीं दी। इसमें आरोप लगाया गया कि वन97 कम्युनिकेशन ने आरबीआई के निर्धारित उचित मूल्य निर्धारण दिशानिर्देशों का 'पालन किये बिना' विदेशी निवेशकों से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) भी प्राप्त किया था।

### दोनों कंपनियां उसकी अनुषंगी नहीं

पेटीएम ने पिछले शनिवार (एक मार्च) को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा था कि उसे कंपनी और उसकी दो अनुषंगी कंपनियों... लिटिल इंटरनेट और नियरबाय... के कुछ निवेश लेनदेन के संबंध में फेमा नियमों के कथित उल्लंघन के लिए ईडी से नोटिस मिला है। बाद में, पेटीएम ने स्पष्ट किया कि कथित उल्लंघन उस अवधि से संबंधित है जब दोनों कंपनियां उसकी अनुषंगी कंपनियां नहीं थीं। इसने 2017 में दोनों कंपनियों का अधिग्रहण किया था।

### कंपनी ने लेनदेन किया सूचीबद्ध

कंपनी के अनुसार, कथित उल्लंघन में वन97 कम्युनिकेशन के 245 करोड़ रुपये से अधिक के लेनदेन, लिटिल इंटरनेट (एलआईपीएल) के लगभग 345 करोड़ रुपये और नियरबाय इंडिया (एनआईपीएल) के लगभग 21 करोड़ रुपये के लेनदेन को सूचीबद्ध किया गया है। इसमें कहा गया, "कथित उल्लंघन वन97 कम्युनिकेशन , एलआईपीएल और एनआईपीएल से संबंधित कुछ निवेश लेनदेन से जुड़े हैं।"




### पतंजलि विवि का वार्षिकोत्सवः 'अभ्युदय' कार्यक्रम का आयोजन

**हरिद्वार।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने पतंजलि को आने वाले समय का विश्व समाधान केंद्र बताते हुए कहा कि चाहे चिकित्सा का क्षेत्र हो या शिक्षा का, पतंजलि संस्थान का वर्चस्व पूरे विश्व में होगा। आज पतंजलि केवल एक संस्था ही नहीं, बल्कि भारत और भारतीयता के आंदोलन का प्रतिनिधित्व करने वाला एक विचार है। पतंजलि राष्ट्र निर्माण में महती भूमिका निभा रहा है। उन्होंने योगऋषि स्वामी रामदेव और आचार्य बालकृष्ण को योग और आयुर्वेद में किये जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए इसे एक जनांदोलन बताया। केंद्रीय शिक्षा मंत्री देवभूमि हरिद्वार स्थित विश्वप्रसिद्ध पतंजलि विश्वविद्यालय के वार्षिकोत्सव समारोह 'अभ्युदय' में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

### चौरसिया समाज का परिवार मिलन समारोह सम्पन्न 24वें वार्षिक समारोह में 25 जोड़ों का सामूहिक विवाह

**कानपुर।** अखिल भारतीय चौरसिया समाज, कानपुर का परिवार मिलन समारोह व सामूहिक विवाह आज लाजपत भवन, मोतीशील, कानपुर में सम्पन्न हुआ। विगत 23 सामूहिक विवाह कार्यक्रमों में लगभग 40 जोड़ों का विवाह सफलता पूर्व सम्पन्न कराया जा चुका है और इस 24वें परिवार मिलन समारोह में 25 जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया गया, जिसमें दो जोड़े दिव्यांगों का भी विवाह सम्पन हुआ वे बहुत ही खुश नजर आ रहे थे।



चौरसिया समाज के इस विवाह कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों से पधारे हुये नेतागण, अधिकारीगण, व्यापारीगण व वरिष्ठ समाज सेवक चौरसिया बन्धुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जे.पी. चौरसिया जी (आईआरएस) हमारे प्रेरणाओत स्व. राम नाथ चौरसिया जीए स्व. सुदामा देवी चौरसिया मुख्य संरक्षक कमला कान्त चौरसिया है। अखिल भारतीय चौरसिया महासभा के पूर्व अध्यक्ष, मुख्य मार्गदर्शक एवं समाजसेवी आनन्द कुमार चौरसिया ने समाज के सभी बुद्धिजीवियों का आह्वान करते हुए कहा कि इस अवसर का सदुपयोग हो एवं समाज के युवा को आत्मनिर्भर बनाने हेतु नये उपायों पर चर्चा हो।

### गुरुग्राम चैप्टर ऑफ आईसीएमएआई का हयूमन हील हेल्थकेयर के साथ करार

**नई दिल्ली।** सीएमए राकेश कुमार की अध्यक्षता में, गुरुग्राम चैप्टर ऑफ आईसीएमएआई ने हयूमन हील हेल्थकेयर के निदेशक धर्मेश कुमार के साथ एक समझौता किया है, जिसके तहत गुरुग्राम स्थित 16 अस्पतालों और 5 लैब्स में उपचार पर छूट उपलब्ध कराई जाएगी। यह लाभ उन सदस्यों के लिए लागू है जो संस्थान की सक्रिय सदस्यता रखते हैं। आईडी कार्ड शीघ्र ही ह्यूमन हील हेल्थकेयर और गुरुग्राम चैप्टर की साझेदारी में जारी किए जाएंगे।सीएमए राकेश कुमार ने कहा कि यह योजना गुरुग्राम चैप्टर के सभी सदस्यों के लिए चिकित्सा खर्चों में बचत के रूप में फायदेमंद होगी। सीएमए राकेश कुमार ने यह भी बताया कि हम प्रतिदिन नए और नवाचारी तरीकों से सदस्यों की सेवा करने का निरंतर प्रयास कर रहे हैं।



### इंश्योरेसदेखो का तेज विस्तारः 92% की वृद्धि के साथ 99% भारतीय पिन कोड तक पहुंच बनाई

**नई दिल्ली।** बीमा सेवाओं को हर घर तक ले जाने के लक्ष्य के साथ इंश्योरेमदेखो अब 6 लाख गांवों तक पहुंचने और नए रोजगार अवसर पैदा करने की दिशा में बढ़ रहा है।28 फरवरी 2025: भारत के सबसे तेजी से बढ़ते इंश्योरटेक प्लेटफॉर्म इंश्योरेंसदेखो ने आज अपने एजेंट नेटवर्क में जबरदस्त विस्तार की घोषणा की। पिछले एक साल में कंपनी ने 95,000 से ज्यादा नए एजेंट पार्टनर्स जोडे, जिससे इसके पार्टनर नेटवर्क में 92% की सालाना वृद्धि दर्ज की गई। दिसंबर 2024 तक कंपनी का एजेंट नेटवर्क 2,20,000 तक पहुंच गया।इस तेजी में बहते नेटवर्क के दम पर इंश्योरेंस देखो ने भारत के 99% पिन कोड तक अपनी सेवाएं पहुंचा दी हैं। खास बात यह है कि इसके 86% एजेंट्स टियर-2 और टियर-3 शहरों में सक्रिय हैं, जिससे छोटे शहरों और कस्बों तक भी बीमा सेवाएं आसानी से उपलब्ध हो रही हैं।कंपनी का विस्तार बामतौर पर टियर-3 शहरों में देखने को मिला है, जैसे राजस्थान के सिकदर, पश्चिम बंगाल के कृष्णानगर, नागालैंड के जुन्हेबोटों और उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर। इसके अलावा, इंश्योरेंस देखो ने हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति और मिजोरम के सेरद्धिप जैसे देश के सबसे दूर-दराज के इलाकों तक भी अपनी पहुंच बनाई है। यह कंपनी के उस संकल्प को दर्शाता है, जिसके तहत वह हर व्यक्ति तक बीमा सेवाएं पहुंचाने के मिशन पर काम कर रही है।

### आईआरसीटीसी, आईआरएफसी को नवरत्न का दर्जा मिला, रेल मंत्री को बधाई

**नई दिल्ली।** सभी रेलवे सूचीबद्ध पीएसयू को 2014 के बाद नवरत्न का दर्जा मिला। सरकार ने भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) और भारतीय रेलवे वित्त निगम (आईआरएफसी) को नवरत्र कंपनियों के रूप में अपग्रेड करने को मंजूरी दे दी है। आईआरसीटीसी सीपीएसई में 25वी और आईआरएफसी 26वीं #नवरत्न कंपनी बन गई है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आईआरसीटीसी और आईआरएफसी को नवरत्न का दर्जा देने के लिए बधाई दी है। मंत्री ने कहा- हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि रेलवे के सभी 7 सूचीबद्ध पीएसयू अब नवरत्न का दर्जा प्राप्त कर रहे हैं और यह 2014 के बाद हुआ है। कॉनकोरः जुलाई 2014, आरवीएनएलः मई 2023, अक्टूबर 2023 में इरकॉन और राइट्स, रेलटेलः अगस्त 2024 और अब आईआरसीटीसी और आईआरएफसी। यह एक बड़ी उपलब्धि है और यह हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के रेलवे परिवर्तन पर केंद्रित ध्यान को दर्शाता है।

PUBLIC NOTICE

My Father Late Sh. Vinod Tyagi S/o Sh. Raghuraj Singh Tyagi R/O C 19-G, Delhi Police Apartments , Mayur Vihar Phase-1, Delhi Patpatgaj East Delhi , booked a flat No. 1204 of Tower C1 in Supertech Golf Village . Now after his death I requested to M/s Supertech Township Project Limited to transfer the property in my name alone Rishabh Tyagi as main applicant, If anybody or financial institute has any objection, he may contact to , Supertech E-Square plot no C-02 sector 96 Noida (UP) within 15 days of this Notice.
Rishabh Tyagi

PUBLIC NOTICE

My, Father Late Sh.Raj Kumar Verma S/o Sh. Jawahar Lal Verma R/O House No- 92/18 , Near Tikona Park , Laxmi Nagar Garden , Gurgaon , Haryana ,booked a Plot No. E-105 in Supertech Up Country . Now after his death, I have requested M/s Supertech Limited to transfer the said plot in my name as Gaurav Verma ,main applicant . If anybody or financial institution has any objection he may contact M/s Supertech Limited office , E-Square plot no C-02 sector 96 Noida (UP) within 15 days of this Notice.
Gaurav Verma

सूचना

मैं, सुनीता पत्नी नरेश कुमार, पता मकान नंबर डी-874 गली नंबर 4 नत्थूपुरा बुराडी, दिल्ली-110084 बयान करती हूं कि मेरा पुत्र कपिल मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं अपने पुत्र कपिल को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। कपिल से लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

**वृष** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** — मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

# बिकवाली दबाव से घरेलू शेयर बाजार में गिरावट

**मुंबई।** उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सोमवार को शेयर बाजार में गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 112 अंक के नुकसान में रहा। विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली जारी रहने के बीच बाजार में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली कंपनियों एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज में बिकवाली दबाव से बाजार नीचे आया। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स में लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में गिरावट रही और यह 112.16 अंक गिरावट के साथ 73,085.94 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह ऊंचे में 73,649.72 अंक तक गया और नीचे में 72,784.54 अंक तक आया। निफ्टी 5.40 अंक के मामूली नुकसान के साथ 22,119.30 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 120 अंक तक टूट गया था। सेंसेक्स के शेयरों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी बैंक, अदाणी पोर्ट्स, मारुति, सुजुकी इंडिया, एक्सिस बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, सन फार्मास्युटिकल्स और एशियन पेंट्स प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर सबसे अधिक 2.38 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,171.10 रुपये पर बंद हुआ।

### चौथे राष्ट्रीय विज्ञान दिवस संगोष्ठी के माध्यम से जेपी विश्वविद्यालय वाकनाघाट, सोलन, हिमाचल प्रदेश में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया


**नई दिल्ली।** वर्ष 2025 का राष्ट्रीय विज्ञान दिवस जेपी सूचना प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (जेयूआईटी), वाकनाघाट, सोलन में विविध गतिविधियों के साथ मनाया गया। इस वर्ष एनएसडी गतिविधियों की योजना एक विशेष ऑफ़लाइन मोड में बनाई गई थी जहां भाषण के एक विशेष सत्र के साथ एक पोस्टर और मॉडल प्रस्तुति प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। यह कार्यक्रम जैव प्रौद्योगिकी और जैव सूचना विज्ञान विभाग और भौतिकी और सामग्री विज्ञान विभाग, जेयूआईटी द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया था। एनएसडीएस-2025 का आयोजन प्रोफेसर तीर्थराजसिंह द्वारा किया गया था और प्रोफेसर अनिल कांत और डॉ रागिनी राज सिंह द्वारा समन्वयित किया गया था। प्रोफेसर पीबी बर्मन और प्रोफेसर सुधीर कुमार कार्यक्रम अध्यक्ष थे। जेयूआईटी के माननीय कुलपति प्रोफेसर आरके शर्मा ने डीन (शैक्षणिक और अनुसंधान) प्रोफेसर एके गुप्ता और रजिस्ट्रार और छात्रों के डीन ब्रिगेडियर (सेवानिवृत्त) आरके शर्मा के साथ कार्यक्रम का उद्घाटन किया। डॉ. शशि कुमार, ग्रुप लीडर, मेटाबोलिक इंजीनियरिंग और डॉ. दिनेश गुप्ता, ग्रुप लीडर, ट्रांसलेशनल बायोइनफॉरमैटिक्स, आईसीजीईबी, नई दिल्ली भी उद्घाटन के लिए मंच पर शामिल हुए।ये दोनों वैज्ञानिक इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता थे। इस कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश के विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों से प्रतिभागी शामिल हुए।



# सोना 200 रुपये चढ़ा और चांदी 100 रुपये मजबूत

**नई दिल्ली।** आभूषण एवं फुटकर कारोबारियों की ताजा लिवाली तथा रुपये के कमजोर होने के बीच सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने का भाव 200 रुपये बढ़कर 87,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में (शुक्रवार को) 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 87,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 200 रुपये बढ़कर 87,500 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। इसका पिछला बंद भाव 87,300 रुपये प्रति 10 ग्राम था। इसके अतिरिक्त, चांदी की कीमत भी 100 रुपये मजबूत होकर 96,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई।

## शब्द पहेली - 5796




**बाएँ से दाए-**


1. छुट्टी, रजा-4
3. वध, आघात-4
5. दशानन-3
7. अनमोल, अनूठा-3
8. अनाथ, बेसहारा-3
10. खजूर-3
11. रहम करना-2,3
14. गहराई नापना-2,3
17. लगातार, सतत-5
20. संतुष्ट होना-2,3
23. बीच में, दौरान-3
24. खुश, आनंदित-3
25. शिक्षा-3
26. शोक-3
27. जांचना, परखना-4
28. धार्मिक विधि का आयोजन करने वाला-4

**ऊपर से नीचे**

2. मयखाना, मधुशाला-5
3. प्रेमकहानी-5
4. चापलूसी-4
6. नटना, वचन तोड़ना-4
7. फिजूल, व्यर्थ-3
9. अव्यवस्थित समूह, भीड़-3
12. गुजर करना-3
13. वेग, गति-3
15. खूबसूरत-3
16. पर्वतीय मैदान, समतल पर्वत-3
17. गुजारिश, मांग-4
18. सुअर-3
19. गुस्सा होना-5
20. ममतापूर्ण-5
22. अयोग्य, असंगत-4

**शब्द पहेली -5795 का हल**





## खबर संक्षेप



### इनियान ने जीता कान ओपन शतरंज

**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर पा इनियान ने हमवतन वी प्रनेश को नौवें और आखिरी दौर में हराकर फ्रांस में चल रहा कान इंटरनेशनल ओपन जीत लिया। इनियान ने 7.5 अंक हासिल किए जबकि दिल्ली के अंतरराष्ट्रीय मास्टर आराध्य गर्ग दूसरे स्थान पर रहे। मौजूदा विश्व जूनियर चैंपियन कजाखस्तान के काजिबेक नोदेरबेक के भी सात अंक थे जिन्हें टाइब्रेक के बाद तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। इनियान ने टूर्नामेंट में छह मुकाबले जीते और तीन ड्रॉ खेले। इस जीत से उन्हें 12 रेटिंग अंक मिले और अब वह 2600 ईएलओ अंक के करीब पहुंच गए हैं। उनके 2579 ईएलओ अंक हैं।

### फीफा ने पीएफएफ पर लगाया प्रतिबंध हटाया

**लाहौर।** विश्व फुटबॉल की नियामक ईकाई फीफा ने पाकिस्तान फुटबॉल महासंघ पर लगाया गया प्रतिबंध हटा लिया है चूंकि पाकिस्तान ने खेल के सुचारू संचालन के लिए अपने संविधान में जरूरी बदलाव कर लिए हैं। फीफा ने पीएफएफ पर पांच फरवरी को प्रतिबंध लगाया था क्योंकि कांग्रेस सदस्य संविधान में जरूरी बदलाव नहीं कर सके थे। पीएफएफ कांग्रेस के सदस्यों ने गुरुवार को जरूरी संशोधनों को लागू करने के लिए सहमति जताई। पीएफएफ के एक अधिकारी ने पुष्टि की कि फीफा ने उन्हें रविवार को बताया कि प्रतिबंध हटा लिया गया है।

### असम ने बिहार को 2-1 से हराया

**पंचकूला।** असम ने 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के डिवीजन बी मैच में सोमवार को यहां ताऊ देवी लाल स्टेडियम में बिहार को 2-1 से हराया। पहले क्वार्टर में कड़ी टक्कर के बाद असम की कप्तान मुनमुनी दास (29वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर टीम का खाता खोला। खुशबू प्रजापति (59वें मिनट) भी सेट पीस को गोल में बदलकर टीम की बढ़त दोगुनी कर दी। बिहार के लिए 60वें मिनट में नुसरत खातून ने सांत्वना गोल किया। आंध्र प्रदेश ने डिवीजन सी के मैच में जम्मू-कश्मीर के खिलाफ 4-2 से जीत दर्ज की।



### ओलंपिक में नए दर्शक लाएगा क्रिकेट : को

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अध्यक्ष पद की दौड़ में सबसे आगे चल रहे सेबेस्टियन को ने 2028 लॉस एंजिल्स खेलों में क्रिकेट को शामिल किए जाने की सराहना करते हुए कहा कि इस कदम से नए बाजार मिलेंगे जो ओलंपिक आंदोलन के विकास के लिए महत्वपूर्ण होगा। क्रिकेट 1900 सत्र के बाद पहली बार टी20 प्रारूप में ओलंपिक में लौटा रहा है। इसे 2028 ओलंपिक के लिए पांच अतिरिक्त खेलों में शामिल किया गया है। यह निर्णय 2023 में लिया गया था। को वर्तमान में विश्व एथलेटिक्स के प्रमुख हैं।



### गुजरात जायंट्स ने यूपी वॉरियर्स को 81 रन से रौंदा

**लखनऊ।** बेथ मूनी की नाबाद 96 रनों की पारी की बदौलत गुजरात जायंट्स ने महिला प्रीमियर लीग (डब्लूपीएल) के एकतरफा मैच में सोमवार को यहां यूपी वॉरियर्स को 81 रनों से करारी शिकस्त दी। मूनी इस डब्ल्यूपीएल सत्र में किसी भी खिलाड़ी का पहला शतक बनाने से चूक गईं, लेकिन उनकी 59 गेंदों पर 17 चौकों की मदद से खेली गई नाबाद पारी की बदौलत गुजरात जायंट्स ने पांच विकेट पर 186 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया जिसके दबाव में यूपी की टीम ने घुटने टेक दिये। जीत के लिए 187 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए यूपी वॉरियर्स की टीम 17.1 ओवरों में केवल 105 रन ही बना सकी जो इस लीग में टीम का सबसे छोटा स्कोर है।

**तीन बड़े आईसीसी टूर्नामेंट में भारतीय टीम को सेमीफाइनल और फाइनल में मिली है हार**

**चैंपियंस ट्रॉफी: पहला सेमीफाइनल मुकाबला आज दोपहर 2.30 बजे**

# आस्ट्रेलिया के खिलाफ 14 वर्ष की नाकामियों का हिसाब चुकता करने उतरेगी भारतीय टीम

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में मंगलवार को आस्ट्रेलिया के खिलाफ उतरेगी तो आईसीसी टूर्नामेंटों के नॉकआउट मुकाबलों में मिले हर जख्म पर मरहम लगाने का इरादा होगा। इसके साथ ही 2023 में अपनी धरती पर विश्व कप फाइनल में मिली हार का बदला चुकता करने का भी यह सुनहरा मौका है जब भारत के दस मैचों के अश्वमेध अभियान पर फाइनल में आस्ट्रेलिया ने नकेल कसी थी।

भारत को आखिरी बार आईसीसी टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में आस्ट्रेलिया पर जीत 2011 विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में मिली थी। भारत को आस्ट्रेलिया ने 2015 वनडे विश्व कप सेमीफाइनल और 2023 वनडे विश्व कप फाइनल में हराया। इसके अलावा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल 2023 में भी भारत को हराकर खिताब जीता। इस बार भारतीय टीम चौदह बरस की नाकामियों का हिसाब चुकता करने उतरेगी और उसके आतमविश्वास का कारण टीम में आला दर्जे के स्पिनरों की मौजूदगी है।







### यह हमारा घर नहीं भड़के रोहित

कप्तान रोहित शर्मा ने इस धारणा को खारिज किया कि सारे मैच दुबई में खेलने से उनकी टीम को चैंपियंस ट्रॉफी में फायदा हो रहा है। रोहित ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल से पहले प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'हर बार पिच से अलग तरह की चुनौती मिलती है। यहां हमने तीन मैच खेले हैं और तीनों मैचों में पिच का स्वभाव अलग रहा है। यह हमारा घर नहीं है, यह दुबई है। हमने यहां उतने मैच भी नहीं खेले हैं। यह हमारे लिए भी नया है। यहां चार या पांच पिचें इस्तेमाल की जा रही है। मुझे नहीं पता कि सेमीफाइनल में कौन सी पिच होगी। लेकिन जो भी हो, हमें खुद को ढालना होगा और उस पर खेलना होगा।'



### चार स्पिनर लुभावना संयोजन

भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, रविंद्र जडेजा और अक्षर पटेल को उतारा। चारों ने मिलकर नौ विकेट लिए और भारत ने 44 रन से जीत दर्ज की। रोहित ने कहा, 'हमें सोचना होगा। अगर हम चार स्पिनरों को लेकर उतरना भी चाहें तो चार स्पिनरों की जगह कैसे बनेगी। मैं ऐसा इसलिए कह रहा हूं क्योंकि हम यहां के हालात से वाकिफ हैं और हमें पता है कि क्या काम करेगा और क्या नहीं। इस पर विचार करेंगे कि सही संयोजन क्या होगा लेकिन यह काफी लुभावना विकल्प है।'

### आस्ट्रेलिया के पास एक स्पिनर



आस्ट्रेलिया के पास एकमात्र विशेषज्ञ स्पिनर एडम जम्पा है। उसे अनियमित स्पिनरों ग्लेन मैक्सवेल और ट्रेविस हेड से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। मैथ्यू शॉर्ट पिंडली की चोट के कारण बाहर हो गए हैं जिससे आस्ट्रेलिया के पास से एक और स्पिन गेंदबाजी विकल्प चला गया। ऐसे में विराट कोहली, रोहित शर्मा, श्रेयस अय्यर और शुभमन गिल की चुनौती काफी कठिन होगी।

### पांच स्पिनरों का चयन बना मास्टरस्ट्रोक



टूर्नामेंट से पहले टीम में पांच स्पिनरों को शामिल करने के फैसले की काफी आलोचना हुई थी लेकिन दुबई की धीमी पिचों पर अब यह मास्टरस्ट्रोक साबित हो रहा है। यह भी कहा जा रहा है कि भारत को सारे मैच दुबई में खेलने का फायदा मिल रहा है लेकिन असलियत यह है कि भारतीय टीम ने अपने प्रदर्शन में लगातार सुधार के प्रयास किए हैं। ऐसा नहीं है कि पिच से इतनी टर्न मिल रही है कि भारतीय गेंदबाजों कामयाब रहे है बल्कि इन पिचों पर उनका संयम कारगर साबित हुआ है।

### चोटिल शॉर्ट की जगह कोनोली शामिल



युवा स्पिन गेंदबाजी हरफनमौला कूपर कोनोली को चैंपियंस ट्रॉफी के नॉकआउट मुकाबले के लिए चोटिल मैथ्यू शॉर्ट की जगह आस्ट्रेलियाई टीम में शामिल किया गया है। शॉर्ट को अफगानिस्तान के खिलाफ मैच के दौरान पिंडली में चोट लगी थी। पिछले साल इंग्लैंड के खिलाफ वनडे क्रिकेट में पदार्पण करने वाले 21 वर्ष के कोनोली को टूर्नामेंट में यात्रा रिजर्व में रखा गया था। आईसीसी टूर्नामेंट की तकनीकी समिति ने इस बदलाव को सोमवार को मंजूरी दे दी।

**आईपीएल की उल्टी गिनती शुरू**

## 10 में से 9 कप्तान तय



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 के लिए उल्टी गहनती शुरू हो गई। 22 मार्च से शुरू होने वाले टूर्नामेंट में अब सिर्फ 17 दिन ही शेष बचे हैं। आईपीएल में अब तक 10 में से 9 टीमों के कप्तान तय हो चुके हैं। हम आपको यहां सभी कप्तानों के बारे में बारे में बता रहे हैं।

**चेन्नई सुपरकिंग्स**
पांच बार आईपीएल जीतने वाली टीम ऋतुराज गायकवाड़ की कप्तानी में उतरेगी। वह पिछले सीजन में टीम के कप्तान बने थे।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु**
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने ने अगले सीजन के लिए रजत पाटीदार को कप्तान बनाया है। वह विराट कोहली जैसे दिग्गजों के रहते हुए टीम की कमान संभालेंगे।

**सनराइजर्स हैदराबाद**
2016 की चैंपियन टीम सनराइजर्स हैदराबाद एक बार फिर से ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस की कप्तानी में उतरेगी। कमिंस ने पिछले सीजन में टीम को फाइनल तक पहुंचाया था।

**मुंबई इंडियंस**
5 बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस एक बार फिर से हार्दिक पांड्या की कप्तानी में उतरेगी। हार्दिक को पिछले सीजन में रोहित शर्मा की जगह कप्तान बनाया गया था। इसके बाद फ्रेंचाइजी की काफी आलोचना हुई।

**गुजरात टाइटंस**
शुभमन गिल एक बार फिर से गुजरात टाइटंस की कप्तानी संभालने के लिए तैयार हैं। पिछले सीजन में वह हार्दिक पांड्या के मुंबई इंडियंस में जाने के बाद टीम के कप्तान बने थे। गिल की कप्तानी में गुजरात आठवें स्थान पर रहा था।

**राजस्थान रॉयल्स**
2008 में खिताब जीतने वाली राजस्थान रॉयल्स की टीम फिर से संजू सैमसन की कप्तानी में खेलेगी। सैमसन ने लगातार अपनी कप्तानी से प्रभावित किया है और टीम को प्लेऑफ तक पहुंचाया। राजस्थान 2022 में फाइनल तक पहुंचा था।

**कोलकाता नाइटराइडर्स**
कोलकाता नाइट राइडर्स ने आगामी सीजन के लिए अजिंक्य रहाणे को अपना नया कप्तान बनाया है। रहाणे के पास आईपीएल में कप्तानी का लंबा अनुभव है। वह इससे पहले राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रह चुके हैं।

**लखनऊ सुपर जाएंट्स**
लखनऊ ने मेगा ऑक्शन में ऋषभ पंत को 27 करोड़ रुपए में खरीदा। पंत को कप्तानी भी सौंपी गई है। वह इससे पहले दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान थे।

**पंजाब किंग्स**
पंजाब किंग्स ने श्रेयस अय्यर को नया कप्तान बनाया है। फ्रेंचाइजी ने उन्हें 26.75 करोड़ रुपए में खरीदा था। अय्यर ने अपनी कप्तानी में पिछले साल कोलकाता को चैंपियन बनाया था।

### दिल्ली कैपिटल्स को कप्तान की तलाश

दिल्ली कैपिटल्स ने नए कप्तान के नाम का ऐलान नहीं किया है। पंत अब लखनऊ की टीम में जा चुके हैं। दिल्ली के पास कप्तानी के लिए 3 बड़े ऑप्शन हैं। केएल राहुल, अक्षर पटेल और फाफ डुप्लेसिस में से किसी एक को कप्तान बनाया जा सकता है।

### विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री 11 से 13 मार्च तक आयोजित की जाएगी

**नई दिल्ली।** भारत की मेजबानी में 11 से 13 मार्च तक आयोजित होने वाली पहली विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में 20 से अधिक देशों के पैरा एथलीट भाग लेगें। दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में तीन दिनों तक चलने वाले आयोजन के 90 स्पर्धाओं में जर्मनी, जापान, ऑस्ट्रेलिया, सऊदी अरब, ब्राजील, रूस, कजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान जैसे देशों के खिलाड़ी चुनौती पेश करेंगे। इस आयोजन में एशियाई पैरालंपिक समिति (एपीसी) के अध्यक्ष माजिद रशीद और एशियाई पैरालंपिक समिति के मुख्य कार्यकारी अधिकारी तारेक सूई शामिल होंगे। भारतीय पैरालंपिक समिति के अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया ने कहा, ''भारत में ग्रां प्री की मेजबानी करना पैरा-खेलों के प्रति हमारे देश के समर्पण का प्रमाण है। यह आयोजन सिर्फ प्रतिस्पर्धा के बारे में नहीं है। यह देश में भविष्य के अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों के लिए एक मिसाल कायम करने के बारे में है।'

### कोहली ने छुए अक्षर पटेल के पैर...



**दुबई।** रविवार को भारत ने न्यूजीलैंड को 44 रनों से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने 50 ओवर में 9 विकेट पर 249 रनों का स्कोर बनाया। जिसके जवाब में मिचेल सैंटनर की कप्तानी वाली न्यूजीलैंड टीम 205 रनों पर सिमट गई। दरअसल, कीवी पारी की शुरूआत से ही भारत और जीत के बीच केन विलियमसन मजबूती से जमे हुए थे। लेकिन अक्षर पटेल ने अपने स्पेल की आखिरी गेंद पर केन विलियमसन को आउट कर दिया। अक्षर पटेल की गेंद पर विकेटकीपर केएल राहुल ने केन विलियमसन को स्टंप किया। केन विलियमसन ने 81 रनों की अच्छी पारी खेली। जब अक्षर पटेल ने केन विलियमसन को आउट किया, उसके बाद यादगार नजारा देखने को मिला। दरअसल, विराट कोहली ने अक्षर पटेल के पैर छू लिए। इस तरह विराट कोहली ने अक्षर पटेल को विकेट लेने पर बधाई दी। बहरहाल, सोशल मीडिया पर विराट कोहली और अक्षर पटेल का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है।

### खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों का आयोजन नौ से

**श्रीनगर।** खेलो इंडिया शीतकालीन खेल 2025 के दूसरे चरण का आयोजन नौ से 12 मार्च तक गुलमर्ग में होगा। कश्मीर घाटी के ऊंचे इलाकों में पिछले कुछ दिनों से भारी हिमपात के बाद यह फैसला लिया गया। इन शीतकालीन खेलों को पहले 22 से 25 फरवरी तक आयोजित होना था लेकिन गुलमर्ग में बर्फ की कमी के कारण इसे स्थगित करना पड़ा था। कश्मीर में इस साल हिमपात काफी कम हुआ है। जम्मू-कश्मीर खेल परिषद की सचिव नुजहत गुल ने बताया, 'हम नौ से 12 मार्च तक खेलो इंडिया शीतकालीन खेल 2025 की मेजबानी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। देश भर के शीर्ष शीतकालीन खेल एथलीटों के इस आयोजन में भाग लेने की उम्मीद है।' यह शीतकालीन खेलों का दूसरा चरण है जहां स्कीइंग और स्नोबोर्डिंग में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

## पंत लॉरियस 'वर्ल्ड कमबैक ऑफ द ईयर' पुरस्कार के लिए नामित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को दिसंबर 2022 में एक भयानक कार दुर्घटना से बचने के खेल में वापसी पर प्रतिष्ठित लॉरियस विश्व खेल पुरस्कार 2025 के 'कमबैक ऑफ द ईयर (वापसी करने वाले साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी)' श्रेणी में नामांकित किया गया है। पुरस्कार समारोह 21 अप्रैल को मैड्रिड में होगा। पंत को 30 दिसंबर 2022 को दिल्ली से अपने गृहनगर रुड़की जाते समय कार दुर्घटना का सामना करना पड़ा था। देहरादून के एक अस्पताल में प्रारंभिक उपचार के बाद इस 27 साल के खिलाड़ी को मुंबई ले जाया गया, जहां बीसीसीआई के विशेषज्ञ सलाहकार की देखरेख में उनका इलाज हुआ। दाएं घुटने के तीनों लिगामेंट की सर्जरी के बाद पंत ने बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में अपना रिहैबिलिटेशन पूरा किया। पंत चोट से उबरने के बाद पिछले साल मुल्लांपुर में पंजाब किंग्स के खिलाफ अपनी तत्कालीन आईपीएल फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स के लिए मैदान में उतरे। पंत ने इसके बाद टेस्ट क्रिकेट में विजयी वापसी की और कार दुर्घटना के बाद अपने पहले मैच में बांग्लादेश के खिलाफ शतक बनाया। उनके प्रदर्शन ने भारत को 280 रनों से जीत दिलाने में मदद की।

**शतरंज टूर्नामेंट**

## प्राग मास्टर्स : प्रज्ञानानंदा ने अरावंद से ड्रॉ खेला



एजेंसी ▶▶| प्राग

ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने भारत के अरावंद चिदंबरम के साथ प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के पांचवें दौर में ड्रॉ खेला और इन दोनों के पास अब पूरे एक अंक की बढ़त हो गई है।

अरावंद और प्रज्ञानानंदा के 3.5 अंक हैं जबकि चीन के शीर्ष वरीयता प्राप्त वेइ यि, नीदरलैंड के अनीश गिरि, वियतनाम के कुआंग लीम ली और जर्मनी के विंसेंट केमेर इनके एक अंक पीछे हैं। बाकी चार प्रतियोगी छठे स्थान पर हैं जिनमें चेक गणराज्य के डेविड नवारा और एंगुयेन थाइ डेइ वान, अमेरिका के सैम शैंकलैंड और तुर्किए के गुरेल एडिज शामिल हैं। दस खिलाड़ियों के राउंड रॉबिन टूर्नामेंट के अभी चार दौर बाकी हैं। इस दिन सिर्फ एक मुकाबले का नतीजा निकल सका जब वेइ यि ने शैंकलैंड को हराया। अनीश ने डेइ वान से ड्रा खेला जबकि डेविड नवारा ने केमेर को ड्रॉ पर रोका। ली ने एडिज के साथ ड्रॉ खेला।

**सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 164.56 की स्ट्राइक रेट से बनाए 469 रन**

# रहाणे आईपीएल 2025 से पहले बने केकेआर के कप्तान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारतीय बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे को घरेलू टी20 प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के बाद सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग में गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स की कप्तानी सौंपी गई। छत्तीस साल के रहाणे ने भारत के लिए अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में 85 टेस्ट मैच खेले हैं।

उन्होंने हालांकि सबसे छोटे प्रारूप में खुद को फिर से स्थापित करते हुए इस साल सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी में 164.56 की स्ट्राइक रेट से 469 रन बनाए। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने आईपीएल में भी पिछले कुछ वर्षों में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए आक्रमक बल्लेबाजी की है। रहाणे ने केकेआर के कप्तान के रूप में श्रेयस अय्यर की जगह ली है। केकेआर की कप्तानी करने की दौड़ में शामिल रहे वेंकटेश अय्यर को उपकप्तान बनाया गया है।रहाणे पहले भी केकेआर के लिए खेल चुके हैं और फ्रेंचाइजी ने उन्हें मेगा नीलामी में उनके आधार मूल्य 1.5 करोड़ रुपए में खरीदा था।

रहाणे ने एक बयान में कहा, 'केकेआर की अगुवाई करने का मौका मिलना सम्मान की बात है। यह आईपीएल की सबसे सफल फ्रेंचाइजी में से एक है। मुझे लगता है कि हमारे पास एक बेहतरीन और संतुलित टीम है। मैं सभी के साथ काम करने और अपने खिताब को बचाने की चुनौती लेने के लिए उत्सुक हूं।'

### तीन खिताबों के सम्मान में तीन सितारे पंजीकृत

**कोलकाता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के तीन बार के चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स ने आधिकारिक तौर पर जेमिनी (मिथुन) तारामंडल के आसपास तीन सितारों को पंजीकृत किया है जो टीम के 2012 (कोरबो), 2014 (लोरबो) और 2024 (जीतबो) में उनकी खिताबी जीत का प्रतीक है। साफ आसमान में इन तारों को कोऑर्डिनेट्स (निर्देशांक) का उपयोग करके या क्यूआर कोड को स्कैन करके देखा जा सकता है। केकेआर की मुख्य विपणन अधिकारी बिंदा डे ने कहा, 'सितारों को उन तारीखों पर पंजीकृत किया गया है जब हमने तीनों खिताब जीते थे। इन्हें 27 मई 2012, एक जून 2014 और 26 मई 2024 को पंजीकृत किया गया है।'

### गेफेनी और इलिंगवर्थ होंगे मैदानी अंपायर



**दुबई।** न्यूजीलैंड के क्रिस गेफेनी और इंग्लैंड के रिचर्ड इलिंगवर्थ भारत और आस्ट्रेलिया के बीच चैम्पियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में मैदानी अंपायर होंगे। इंग्लैंड के माइकल गाफ तीसरे अंपायर और जिम्बाब्वे के एंडी पायक्रॉफ्ट मैच रैफरी होंगे। इलिंगवर्थ रविवार को भारत और न्यूजीलैंड के बीच ग्रुप ए के मैच में भी अंपायर थे। गेफेनी को 25 फरवरी को रावलपिंडी में आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के मैच में अंपायरिंग करनी थी लेकिन बारिश के कारण मैच रद्द हो गया।

# चीन की आक्रामकता के बीच हिंद-प्रशांत क्षेत्र में मजबूत होंगे भारत, बेल्जियम के संबंध

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की बेल्जियम की राजकुमारी एस्ट्रिड और रक्षा मंत्री थियो फ्रेंकेन से मुलाकात

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

चीन की बढ़ती दादागिरी के बीच भारत और बेल्जियम हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपने समुद्री संबंधों को और अधिक सशक्त बनाने के लिए सहमत हैं। राजधानी में सोमवार को इस विषय पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की बेल्जियम की राजकुमारी एस्ट्रिड और बेल्जियम के रक्षा मंत्री थियो फ्रेंकेन के साथ एक द्विपक्षीय बैठक हुई। जिसमें इस विषय को प्रमुखता के साथ शामिल करते हुए विस्तार से चर्चा की गई। रक्षा मंत्रालय ने बैठक के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि दोनों पक्षों ने क्षेत्र में खासतौर पर समुद्री क्षेत्र में रक्षा संबंधों की संभावना पर चर्चा की। दोनों देशों के बीच रक्षा औद्योगिक सहयोग बढ़ाने के तरीकों और साधनों पर भी विचार-विमर्श किया गया।

1. समुद्री क्षेत्र में रक्षा संबंधों की संभावना पर चर्चा की
2. रक्षा औद्योगिक सहयोग बढ़ाने के तरीकों और साधनों पर किया विचार



### राजनाथ ने सराहा बेल्जियम का निवेश

मंत्रालय ने बताया कि रक्षा मंत्री ने रक्षा क्षेत्र में बेल्जियम के निवेश का स्वागत किया और सुझाव दिया कि बेल्जियम की कंपनियां भारत में अपनी उपस्थिति का विस्तार कर भारतीय विक्रेताओं को अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं में एकीकृत कर अहम भूमिका निभा सकती हैं। भारत और बेल्जियम एक संस्थागत रक्षा सहयोग तंत्र का पता लगाने पर भी सहमत हुए।

## भारत-बेल्जियम के बीच रक्षा, व्यापार, एआई, सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में मजबूत होंगे संबंध

विदेश मंत्री जयशंकर और बेल्जियम के उप-प्रधानमंत्री व विदेश मंत्री मैक्सिम प्रेवोट के बीच हुई द्विपक्षीय बैठक में बनी सहमति

भारत और बेल्जियम के बीच भविष्य में रक्षा, व्यापार, निवेश, कृत्रिम मेधा (एआई), सेमीकंडक्टर, स्वच्छ ऊर्जा, फार्मास्युटिकल, डिजिटल, मोबिलिटी के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूती मिलेगी। इस बाबत सोमवार को राजधानी में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर की बेल्जियम के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मैक्सिम प्रेवोट के साथ एक अहम द्विपक्षीय बैठक हुई। विदेश मंत्रालय ने बताया कि दोनों वरिष्ठ मंत्रियों की इस बातचीत में आपसी सहयोग से जुड़े हुए सभी जरूरी मुद्दों पर सहयोग को और अधिक प्रगाढ़ बनाने पर सहमति जताई गई। वैश्विक और क्षेत्रीय विकास के अलावा महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक मुद्दे भी बैठक में शामिल किए गए।



### 350 व्यापार-उद्योग नेताओं ने की शिरकत

विदेश मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि दोनों देशों के बीच आपसी सहयोग को मजबूती प्रदान करने के साथ ही मेक इन इंडिया, डिजाइन इन इंडिया और रिसर्च इन इंडिया के लिए नए अवसरों की तलाश का मुद्दा भी इस वार्ता में शामिल किया गया। दोनों देशों के बीच उद्योग, व्यापार, शिक्षा, नवाचार और संस्कृति जैसे क्षेत्रों में अच्छे संबंध हैं। आज की वार्ता ने इन्हें परंपरागत रूप से और अधिक बढ़ाने पर रजामंदी दी गई। इसके पूर्व में जयशंकर ने भारत में आर्थिक मिशन का नेतृत्व कर रहीं बेल्जियम की राजकुमारी एस्ट्रिड से मुलाकात की और विश्वास जताते हुए कहा कि उनकी भारत यात्रा से दोनों देशों और भारत-यूरोपीय संघ के बीच मजबूत साझेदारी के लिए अधिक सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। राजकुमारी एस्ट्रिड के साथ बेल्जियम के आर्थिक मिशन के 350 से अधिक व्यापार और उद्योग नेता भी नई दिल्ली में इस यात्रा में शामिल रहे हैं।

### सबसे पहले खोला भारत का दूतावास

जयशंकर के मुताबिक, यह बैठक बेल्जियम के प्रतिनिधिमंडल को भारत में जारी गतिविधियों के बारे में जानने का एक बेहतरीन अवसर प्रदान करती है। उन्होंने विश्वास के साथ कहा कि बेल्जियम का आर्थिक मिशन एक उच्च स्तरीय सहयोग की दिशा में आगे बढ़ेगा। बेल्जियम यूरोप का वह पहला देश है, जिसने आजाद भारत में अपना दूतावास स्थापित किया था। इसके अलावा हमारा ऐतिहासिक संबंध भी है। भारतीय सैनिकों की स्मृति में बेल्जियम में बनाया गया युद्ध स्मारक इसका प्रमाण प्रस्तुत करता है।


## खबर संक्षेप

### मोजिला फायरफॉक्स ने बदली प्राइवेसी पॉलिसी



**नई दिल्ली।** पिछले हफ्ते मोजिला ने फायरफॉक्स के लिए नई उपयोग शर्तें जारी की थीं। यूजर्स के तमाम तरह के आरोपों के बाद कंपनी ने कबूल किया है कि वह लोगों की प्रतिक्रिया का स्वागत करता है। मोजिला ने संशोधित शर्तों में अब यह कहा है कि आप मोजिला को फायरफॉक्स संचालित करने के लिए आवश्यक अधिकार प्रदान करते हैं। इसमें आपका डेटा उसी प्रकार सेव किया जाएगा जैसा कि फायरफॉक्स की गोपनीयता सूचना में बताया गया है।

### चंद्रयान की बराबरी नहीं कर पाया ब्लू घोस्ट



**वॉशिंगटन।** रविवार को अमेरिका की प्राइवेट कंपनी फायरफ्लाई एयरोस्पेस का ब्लू घोस्ट मिशन 1 स्थानीय समय के मुताबिक सुबह 8:34 बजे मॉन्स लैट्रेल के पास उतरा। यह चंद्रमा के उत्तर-पूर्वी भाग में मारे क्रिसियम में एक ज्वालामुखीय संरचना है। चंद्रयान ने विक्रम लैंडर के साथ में प्रज्ञान नाम का रोवर भी भेजा था, जो चंद्रमा की सतह पर चला। लेकिन गोल्डेन लैंडर में कोई भी रोवर नहीं है। भारत का विक्रम लैंडर चांद के दक्षिणी ध्रुव पर उतरा था। यहां लैंडिंग करवाना कठिन है।

## यूक्रेन को समर्थन देने में यूरोपीय संघ के नेताओं ने दिखाई एकजुटता

# राष्ट्रपति जेलेंस्की बोले- अब अमेरिका के संग सुरक्षा समझौतों और शांति के लिए होगी चर्चा

एजेंसी ▶▶ कीव/ लंदन

बीते हफ्ते ट्रंप के साथ मुलाकात में गरमा-गरमी होने के बाद जेलेंस्की लंदन पहुंचे थे। जहां रविवार को यूरोपीय देशों के नेताओं ने यूक्रेन के समर्थन में बैठक की। बैठक के बाद यूरोपीय नेताओं ने यूक्रेन की मदद बढ़ाने पर सहमति जताई। यूरोपीय देशों ने अपना रक्षा बजट बढ़ाने पर भी सहमति दी। हालांकि ये यूरोपीय देश भी और यूक्रेन भी जानते हैं कि उनके लिए अमेरिका को पूरी तरह से दरकिनार करना आसान नहीं होगा। यही वजह है कि जहां वे एक तरफ एकजुटता दिखा रहे हैं, लेकिन साथ ही अमेरिका को भी साधने की कोशिश कर रहे हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने भी वीडियो संदेश जारी कर यही करने की कोशिश की है। लंदन में एक शिखर सम्मेलन के दौरान ब्रिटेन के पीएम कीर स्टार्मर ने कहा कि वे फ्रांस और कुछ अन्य देशों के साथ मिलकर युद्ध (रूस-यूक्रेन युद्ध) रोकने की योजना बना रहे हैं, जिसे बाद में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को पेश किया जाएगा।

*जेलेंस्की ने समर्थन देने पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय को धन्यवाद दिया*

*कहा- हम अंतहीन युद्ध नहीं शांति चाहते हैं, पर सुरक्षा गारंटी अहम*

### जेलेंस्की ने यूरोप की एकता की सराहना की



वहीं वोलोडिमीर जेलेंस्की ने यूरोप की एकता की सराहना करते हुए एक्स पर लिखा कि लंदन सम्मेलन यूक्रेन और हमारे साझा यूरोपीय भविष्य के लिए था। हमें यूरोप से मजबूत समर्थन मिल रहा है - हमारे सैनिकों और नागरिकों दोनों के लिए। उन्होंने कहा कि यूरोप की यह एकता लंबे समय बाद देखने को मिली है और अब अमेरिका के साथ सुरक्षा समझौतों और न्यायसंगत शांति के लिए बातचीत हो रही है। जेलेंस्की ने भविष्य में कई महत्वपूर्ण बैठकों और फैसलों की बात भी कही और अंतरराष्ट्रीय समुदाय को धन्यवाद दिया। उन्होंने यूरोप को भी समर्थन के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि इन दिनों यूरोप में यूक्रेन के प्रति समर्थन, एकजुटता और सहयोग करने की इच्छा दिख रही है। सभी शांति के लिए एकजुट हैं और ये पूरे यूरोप की सोच है।

### यूरोप में साहस की कमी: पोलैंड पीएम

यूरोपीय नेताओं के शिखर सम्मेलन में बैठक से पहले पोलैंड के पीएम डोनाल्ड टस्क ने कहा कि यह एक विरोधाभास है कि 50 करोड़ यूरोप की जनता 30 करोड़ अमेरिकियों से गुहार लगा रही है कि वे 14 करोड़ रशियन से उनकी रक्षा करें। उन्होंने यूक्रेन युद्ध पर अमेरिका की स्थिति को एक 'दुविधा' बताया और कहा कि हमें इस दुविधा से उबरने की जरूरत है।

### देश की समस्याओं की चिंता करना जरूरी: राष्ट्रपति ट्रंप

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को अपने विरोधियों को जवाब देते हुए कहा कि लोग रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की बजाय अमेरिका में हो रही प्रवासी समस्याओं पर ध्यान दें। डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर लिखा कि हमें पुतिन की चिंता कम और प्रवासी दुष्कर्म गिरोह, ड्रग माफिया, हत्यारे और मानसिक संस्थानों से आए लोगों की ज्यादा फिक्र करनी चाहिए।

### जेलेंस्की ने फिर वीडियो संदेश में अमेरिकी मदद के लिए जताया आभार

यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने सोमवार को अपने रुख में नरमी लाते हुए एक वीडियो संदेश जारी कर अमेरिकी मदद के लिए आभार जताया है। जेलेंस्की ने एक वीडियो संदेश में कहा कि हम अमेरिका की अहमियत समझते हैं और अमेरिका से हमें अब तक जो भी मदद मिली है, हम उसके लिए उनके आभारी हैं। एक भी दिन ऐसा नहीं गया है, जब हमने कृतज्ञता जाहिर नहीं की है। यह कृतज्ञता हमारी आजादी के संरक्षण के लिए है। यूक्रेन का जुझारुपन, उस पर आधारित है, जो हमारे सहयोगियों ने हमारे लिए और खुद अपनी सुरक्षा के लिए किया है। हम अंतहीन युद्ध नहीं चाहते और हम भी शांति चाहते हैं, लेकिन इसके लिए सुरक्षा गारंटी अहम है।



### एलजी सिन्हा का बड़ा बयान

## सरकार जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देने के लिए पूरी प्रतिबद्ध



एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि सरकार जम्मू-कश्मीर के लोगों की राज्य के दर्जे की आकांक्षा को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। सात साल में जम्मू-कश्मीर विधानसभा के पहले बजट सत्र को संबोधित करते हुए सिन्हा ने कहा कि यह सत्र महज एक विधायी औपचारिकता नहीं है, बल्कि सुशासन, पारदर्शिता और समावेशी विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोगों की सबसे बड़ी आकांक्षाओं में से एक पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करना है। सरकार इस आकांक्षा को पूरा करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता पर अडिग है। उन्होंने कहा कि सरकार इस आकांक्षा के भावनात्मक और राजनीतिक महत्व को पहचानती है।

### लोगों की आशाओं को पूरा करेंगे

उपराज्यपाल ने कहा कि यह बजट दस्तावेज न केवल वित्तीय है, बल्कि एक उज्जवल भविष्य के लिए जनता की आशाओं और आकांक्षाओं को भी दर्शाता है। उन्होंने शांति और समृद्धि बनाए रखने और लोगों से किए गए वादों को पूरा करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि चुनौतियों के बावजूद अर्थव्यवस्था ने उल्लेखनीय वृद्धि दिखाई है। सरकार जम्मू-कश्मीर को एक प्रगतिशील अर्थव्यवस्था बनाने के लिए काम कर रही है। केंद्र शासित प्रदेश में नेकां के नेतृत्व वाली सरकार के गठन के बाद से यह जम्मू-कश्मीर विधानसभा का दूसरा सत्र है। इससे पहले, सरकार के गठन के ठीक 20 दिन बाद पिछले साल 4 से 8 नवंबर तक विधानसभा की बैठक श्रीनगर में हुई थी।

### 2018 में पेश किया था आखिरी बजट

जम्मू-कश्मीर विधानसभा में अंतिम बार बजट वर्ष 2018 में प्रस्तुत किया गया था, उस समय जम्मू-कश्मीर पूर्ण राज्य था। 5 अगस्त 2019 को पारित जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम के तहत 31 अक्टूबर को जम्मू-कश्मीर राज्य दो केंद्र शासित प्रदेशों जम्मू कश्मीर व लद्दाख में पुनर्गठित हुआ। जम्मू और कश्मीर का विशेष दर्जा रद्द कर दिया और इसे दो केंद्र शासित प्रदेशों- जम्मू और कश्मीर और लद्दाख में विभाजित कर दिया। गत वर्ष अक्टूबर में विधानसभा का गठन हुआ। विधानसभा का पहला सत्र गत नवंबर में हुआ था।

## आज से ऑस्ट्रेलिया की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे सीडीएस जनरल चौहान

*हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सहयोग को भी काफी बढ़ावा मिलेगा*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान मंगलवार से ऑस्ट्रेलिया की चार दिवसीय (4 से 7 मार्च तक) आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। जहां उनकी ऑस्ट्रेलिया के रक्षा बल के प्रमुख जनरल एडमिरल डेविड जॉनसन, रक्षा सचिव ग्रेग मोरियार्टी और तीनों सशस्त्र सेनाओं के प्रमुखों के साथ बातचीत होगी। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, सीडीएस की यह यात्रा दोनों देशों के बीच बढ़ते संबंधों को रेखांकित करती है। जो व्यापक रणनीतिक साझेदारी के तहत राजनयिक और सैन्य सहयोग को मजबूत करने के लिए दोनों की आपसी प्रतिबद्धता पर आधारित हैं। इनसे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सहयोग को भी काफी बढ़ावा मिलता है।

### फोर्स कमांड मुख्यालय का करेंगे दौरा

अपनी यात्रा में सीडीएस ऑस्ट्रेलिया के फोर्स कमांड मुख्यालय का दौरा भी करेंगे। जिसका उद्देश्य ऑस्ट्रेलियाई परिचालन कमान संरचना की जानकारी प्राप्त करना और संयुक्त अभियानों के लिए संभावित अवसरों पर चर्चा करना है। इसके अलावा वह ऑस्ट्रेलिया के फ्लीट कमांडर और संयुक्त ऑपरेशन कमांडर से भी मुलाकात करेंगे। सीडीएस ऑस्ट्रेलिया के रक्षा कॉलेज भी जाएंगे और वहां पर हिंद-प्रशांत क्षेत्र में रणनीतिक चुनौतियों के विषय पर वरिष्ठ अधिकारियों को संबोधित करेंगे। उनका ऑस्ट्रेलिया के एक प्रमुख थिंक टैंक लोवी इंस्टीट्यूट में आयोजित की जाने वाली गोलमेज चर्चा की अध्यक्षता करने का भी कार्यक्रम है।



## शाहजादी मामला: केंद्र सरकार बोली- पिछले माह दी जा चुकी फांसी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यूपी के बांदा जिले की रहने वाली शाहजादी खान के पिता ने शनिवार (1 मार्च, 2025) को दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। उन्होंने विदेश मंत्रालय और संबंधित अधिकारियों को निर्देश देने की मांग की थी ताकि उनकी बेटी की मौजूदा कानूनी स्थिति और कुशलक्षेम के बारे में सही जानकारी प्राप्त की जा सके। 33 साल की शाहजादी खान अबू धाबी, यूएई में फांसी की सजा का सामना कर रही थी। वह अबू धाबी की अल वथबा जेल में कैद थी। उसे एक बच्चे की मौत के मामले में मौत की सजा सुनाई गई थी। विदेश मंत्रालय ने दिल्ली हाईकोर्ट को सूचित किया है कि संयुक्त अरब अमीरात में मौत की सजा पाने वाली शहजादी खान को पिछले महीने 15 फरवरी को फांसी दे दी गई थी और उसका अंतिम संस्कार 5 मार्च को किया जाएगा। मंत्रालय के जवाब के बाद कोर्ट ने याचिका का निपटारा कर दिया।



## आज से ब्रिटेन और आयरलैंड की साप्ताहिक यात्रा पर रहेंगे जयशंकर

ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी के साथ होगी महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह चुनौतीपूर्ण बने हुए अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य के बीच विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर मंगलवार, 4 मार्च से 9 मार्च तक ब्रिटेन और आयरलैंड की साप्ताहिक यात्रा पर रहेंगे। जिसमें उनकी अपने समकक्ष और ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी के साथ एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक होगी। आपसी संबंधों से जुड़े हुए द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दे दोनों की वार्ता में प्रमुखता के साथ शामिल किए जाएंगे। भारत के विदेश मंत्री अपनी यात्रा में ब्रिटेन की सरकार के कुछ अन्य अधिकारियों के साथ ही भारतीय समुदाय के सदस्यों से भी मुलाकात करेंगे। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। जिसमें बताया कि डॉ. जयशंकर की इस यात्रा से भारत के ब्रिटेन और आयरलैंड के साथ संबंधों को और अधिक मजबूती मिलेगी।

### एफटीए पर हाल ही में शुरू हुई बातचीत

गौरतलब है कि भारतीय विदेश मंत्री की ब्रिटेन की यह यात्रा एक ऐसे समय में हो रही है। जब बीते दिनों यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन व ईयू के कॉलेज ऑफ कमिशनर्स की भारत की यात्रा संपन्न हुई है और उससे थोड़ा पहले पिछले महीने 24 फरवरी को दोनों देशों के व्यापार व वाणिज्य मंत्रियों की बैठक में एक बार फिर से भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर नए सिरे से बातचीत शुरू करने के ऐलान किया गया है। इसके अलावा दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की बातचीत में यह देखना भी दिलचस्प होगा कि व्हाइट हाउस में अमेरिका और यूक्रेन के राष्ट्रपति के बीच हालिया हुई तीखी नोंकझोंक के मुद्दे पर भी विचार-विमर्श किया जाता है या नहीं।



फाइल फोटो

### दोनों के बीच मजबूत रणनीतिक साझेदारी

मंत्रालय ने कहा कि डॉ. जयशंकर 6 से 7 मार्च तक आयरलैंड की यात्रा करेंगे। वहीं, भारत और ब्रिटेन की बात करें तो दोनों देशों के बीच एक मजबूत व्यापक रणनीतिक साझेदारी है। जो रक्षा और सुरक्षा, व्यापार, अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य, शिक्षा सहित लोगों के लोगों से संबंध जैसे विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से मजबूत हो रही है। भारत और आयरलैंड के बीच साझा मजबूत मित्रवत संबंध हैं, जिनका आधार लोकतांत्रिक मूल्य, सांस्कृतिक संबंध और बढ़ती हुई आर्थिक गतिविधियां हैं। विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर की आयरलैंड के विदेश मंत्री साइमन हैरिस, अन्य अधिकारियों और भारतीय समुदाय के लोगों के साथ मुलाकात होगी।

### भारतीय सैनिकों ने जिस कमांडर को कूटा

## चीन ने उसे किया सम्मानित, बनाया पीपुल्स पॉलिटिकल पार्टी का सदस्य

एजेंसी ▶▶ बीजिंग



चीन ने गलवान घाटी में भारतीय सैनिकों के हाथों जमकर मार खाने वाले पीएलए कमांडर को उसकी बहादुरी के लिए सम्मानित किया है। यह संघर्ष जून 2020 में हुआ था। इस संघर्ष में चीन ने अपने सैनिकों के मौत का आंकड़ा छिपा लिया था।

इस दौरान हुई झड़प में भारतीय सैनिकों ने चीनी कमांडर क्यू फबाओ की जमकर पिटाई की थी। इस पिटाई में फबाओ का सिर फट गया था और पूरे शरीर में कई जगह फ्रैक्चर आए थे। बाद में चीनी सैनिकों ने अपने कमांडर की जैसे-तैसे जान बचाई थी। रिपोर्ट के अनुसार क्यू फबाओ को चीनी पीपुल्स पॉलिटिकल कंसल्टेटिव कॉन्फ्रेंस (सीपीपीसीसी) के सदस्य के रूप में सम्मानित किया गया है। यह सम्मान सैन्य सेवा में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिया गया है। क्यू फबाओ उन 33 व्यक्तियों में से एक हैं, जिन्हें उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया है। फबाओ को 15 जून, 2020 को भारत के साथ गलवान घाटी सीमा संघर्ष में बहादुरी से लड़ते हुए सिर में चोट लगी थी। यह समारोह रविवार दोपहर बीजिंग में आयोजित किया गया था।

### जनवरी तक पेट्रोल में 19.6 प्रतिशत इथेनॉल ब्लेंडिंग हासिल की

# दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा बायोफ्यूल उत्पादक देश बना 'भारत'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को कहा कि ग्लोबल एनर्जी लैंडस्केप में भारत ने अपनी स्थिति को मजबूत करते हुए तीसरे सबसे बड़े बायोफ्यूल उत्पादक के रूप में अपनी पहचान बनाई है, जो कि स्वच्छ और अक्षय ऊर्जा की ओर बढ़ते कदम को दिखाता है। पुरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया कि भारत ने इस साल जनवरी तक पेट्रोल में 19.6 प्रतिशत इथेनॉल ब्लेंडिंग हासिल कर लिया है और मूल 2030 शेड्यूल से पांच साल पहले ही 20 प्रतिशत हासिल करने की तैयारी है, जिससे ईंधन आयात और उत्सर्जन में कमी आएगी।

एलएनजी टर्मिनल क्षमता में दुनिया का चौथा देश

पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात में भारत 7वें स्थान पर



### वैश्विक व्यापार और ईंधन सुरक्षा मजबूत हुई

*पुरी ने कहा कि भारत अब एलएनजी टर्मिनल क्षमता में दुनिया का चौथा सबसे बड़ा देश बन गया है, जो एक स्थिर और सुरक्षित एनर्जी सप्लाई सुनिश्चित करता है। देश में दुनिया की चौथी सबसे बड़ी वैश्विक रिफाइनिंग क्षमता भी है, जो एक प्रमुख ऊर्जा केंद्र के रूप में इसकी भूमिका को मजबूत करती है। इसने भारत को रिफाइंड पेट्रोलियम उत्पादों का 7वां सबसे बड़ा निर्यातक बनने में भी सक्षम बनाया है, जिससे वैश्विक व्यापार और ईंधन सुरक्षा मजबूत हुई है।*

**इथेनॉल100 ईंधन 400 से अधिक आउटलेट पर उपलब्ध**

केंद्रीय मंत्री ने यह भी बताया कि ई 100 ईंधन अब देश भर में 400 से अधिक आउटलेट पर उपलब्ध है, जो भारत को स्वच्छ, हरित भविष्य के करीब ले जा रहा है। यह प्रगति, इनोवेशन और सस्टेनेबिलिटी की यात्रा है। उन्होंने कहा कि शांत शहर डिगबोई से दुनिया के टॉप एनर्जी बाजारों तक, भारत की पेट्रोलियम यात्रा पीएम नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व द्वारा निर्देशित लचीलेपन और प्रगति की कहानी है।

### इथेनॉल ब्लेंडिंग पहल ने किसानों की आय में वृद्धि की

जानकारी के अनुसार पिछले 10 वर्षों के दौरान इथेनॉल ब्लेंडिंग पहल ने किसानों की आय में वृद्धि की है क्योंकि यह गन्ने से बनाया जाता है, जो ग्रामीण रोजगार में वृद्धि को दर्शाता है। साथ ही 1.75 करोड़ पेड़ लगाने के बराबर सीओ2 उत्सर्जन में कमी आई है और इसके परिणामस्वरूप 85,000 करोड़ की विदेशी मुद्रा की बचत हुई है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109